भारतीय चिकित्सा केन्द्रीय परिषद्, नई दिल्ली द्वारा निर्धारित नवीन पाठ्यक्रमानुसार

अभिनव शालाक्य विज्ञान

(अक्षि, शिर, कर्ण, नासिका एवं कण्ठ रोग)

संशोधित परिवर्तित संस्करण



G L KUMAWAT
(SSSB Renwal)



डॉ. अपर्णा शर्मा



Scanned with CamScanner

भाग- 2

शिर, कर्ण, नासिका एवं कण्ठ रोग

"खण्ड-ख"

GL KUMAWAT 9660968952

Scanned with CamScanner

अध्याय-1

शिरोरोग

1.1 शिर का महत्त्व

प्राणाः प्राणभृतां यत्राश्रिताः सर्वेन्द्रियाणि च। यत्तुउत्तम अङ्गमङ्गानां शिरः तत् अभिधीयते॥

(च.सू 17/3)

शब्दों के न्यूनाधिक प्रकारांतर से सभी आचार्यो ने निर्द्दिरूपेण शिर को सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण अंग स्वीकार किया है। आचार्य चरक ने उपरोक्त सूक्ति द्वारा जहां सभी प्राणियों के प्राण रहते हैं, सभी इंद्रियां रहती हैं तथा जो अंगों में सर्वोत्तम है, इसे शिर कहते हैं, कहा है। सुश्रुत द्वारा वर्णित मर्मो में से 37 शिर में स्थित है तथा प्राय: गंभीर परिणाम कर कहे गए हैं। अन्य आचार्यों ने 12 प्रकार के प्राणों का कार्यक्षेत्र शिर प्रदेश को बताते हुए इसकी सटीक महत्ता दर्शायी है। भेल ने बुद्धिवैशेषिक आलोचक पित्त का स्थान तालु से ऊर्ध्व कहा है जो शिर प्रदेश ही है तथा मनुष्य की विवेकपेक्षी सभी क्रियाओं का उद्‌गम स्थल है। इस प्रकार शिर का महत्व प्रकारान्तर से सभी ने सर्वोपरि माना है।

ऊर्ध्वमूलमधः शाखमृषयः पुरुषं विदुः। मूलप्रहारिणस्तस्माद्रोगाञ् शीघ्रतरं जयेत्॥

(अ.हृ.उ.त. 24/58)

ऋषि लोग (इस शरीर) को ऊर्ध्व मूल और अधः शाखा वाला कहते हैं। अतः मूल (शिर) में प्रहार करने वाले रोगों को अतिशीघ्र जीतना चाहिए।

सर्वेन्द्रियाणियेनास्मिन् प्राणा येन च संश्रिताः। तेन तस्योत्तमाङ्गस्य रक्षायामादृतो भवेत्॥

(अ.हृ.उ.त. 24/59)

जिसमें सभी इंद्रियां तथा प्राणियों के प्राण रहते हैं तथा जो अंगों में उत्तम है, उसे शिर कहते हैं तथा इसकी रक्षा करनी चाहिए।

शृंगाटकान्यधिपतिः शङ्खौ कण्ठसिरा गुदम्।
हृदयं वस्तिनाभ्यौभीचि घ्नन्ति सद्यो हतानि तु॥ (सु. शा. 6/9)

(चार) श्रृंगाटक, (एक) अधिपति, (दो) शंख, (आठ) कंठ सिरा, गुदा, हृदय, वस्ति व नाभि पर आघात होने से सद्यः मारक होते हैं।

सप्तोत्तर मर्मशतं यदुक्तं शरीरसङ्ख्यामधिकृत्य तेभ्यः। (च. चि. 26/3)
मर्माणि वस्तिं हृदयं शिरश्च प्रधानभूतानि वदन्ति तज्ज्ञाः॥

GL KUMAWAT

Scanned with CamScanner

शरीर में 107 मर्म होते हैं यह पहले ही कहा जा चुका है। उन मर्मो में वस्ति, हृदय, शिर ये तीन प्रधान होते हैं क्योंकि ये तीनों ही प्राणों के आश्रय होते हैं।

तेषां त्रयाणामन्यतमस्यापि भेदादाश्चेव शरीरभेदः स्यात्,
आश्रयनाशादाश्रितस्यापि विनाशः, तदुपघातात्तु
घोरतरव्याधिप्रादुर्भावः तस्मादेतानि विशेषेण रक्ष्याणि
बाह्याभिघाताद्वातादिभ्यश्च॥

(च. सि. 9/5)

इन तीन मर्मों में किसी एक का भी नाश हो जाए तो शीघ्र ही शरीर का भी नाश हो जाता है क्योंकि आश्रय का नाश होने पर आश्रित का भी नाश हो जाता है। यदि इन मर्मों में से किसी एक में भी किसी प्रकार का आघात लग जाता है, तो भयंकर व्याधियों की उत्पत्ति हो जाती है, इसलिए इन तीनों मर्मों की रक्षा विशेष रूप से बाहरी आघात तथा वातादि दोषों से करनी चाहिए।

शिरसि इन्द्रियाणि इन्द्रियप्राणवहानि च स्रोतांसि।
सूर्यमिव गभस्तयः संश्रितानि--------------॥

(च. सि. 9/4)

सिर में ज्ञानेन्द्रियाँ, इन्द्रियों को चेतना देने वाले तथा प्राणवह स्रोतस वैसे बंधे रहते हैं जैसे सूर्य के साथ उसकी किरणें।

हृदये मूर्ध्नि वस्तौ च नृणां प्राणाः प्रतिष्ठिताः। तस्मात् तेषां सदा यत्नं कुर्वीत परिपालने॥
आबाधवर्जनं नित्यं स्वस्थवृत्तानुवर्तनम्। उत्पन्नार्तिविघातश्च मर्मणां परिपालनम्॥

(च. सि. 9/10)

मनुष्यों के प्राण हृदय, शिर व वस्ति में आश्रित रहते हैं इसलिए इन तीनों मर्मों की परिश्रमपूर्वक रक्षा करनी चाहिए। जिस कारण से मर्म प्रदेश में बाधा उत्पन्न होती है उसको छोड़कर निरन्तर स्वस्थवृत का पालन व उत्पन्न हुए रोगों की शांतिपूर्वक रक्षा करनी चाहिए।

1.2 शिरोरोगों की संख्या

शिरो रुजति मर्त्यानां वातपित्तकफैस्त्रिभिः। सन्निपातने रक्तेन क्षयेण क्रिमिभिस्तथा ॥3॥
सूर्य्यावर्त्तानन्तवातार्धावभेदकशङ्खकैः। एकादशप्रकारस्य लक्षणं सम्प्रवक्ष्यते ॥4॥

(सु.उ.त 25/3-4)

सुश्रुत ने शिरोरोग 11 प्रकार के कहे हैं–

1.2.1 वातज शिरोरोग
1.2.2 पित्तज शिरोरोग
1.2.3 कफज शिरोरोग
1.2.4 त्रिदोषज शिरोरोग
1.2.5 रक्तज शिरोरोग
1.2.6 क्षयज शिरोरोग
1.2.7 कृमिज शिरोरोग
1.2.8 सूर्यावर्त्त शिरोरोग
1.2.9 अनन्तवात शिरोरोग
1.2.10 अर्धावभेदक शिरोरोग
1.2.11 शंखक शिरोरोग

चरक ने पांच प्रकार के शिरोरोगों का उल्लेख किया है–

वातिक, पैत्तिक, श्लैष्मिक, त्रिदोषज, कृमिज

इत्युक्ता दश रोगाः शिरोगताः। शिरस्येव च वक्ष्यन्ते कपाले व्याधयो नव॥

(अ.हृ.उ.त. 23/20)

दस शिरोरोग कहे गए हैं तथा कपाल प्रदेश में नौ व्याधियां कही गई हैं।

1. वातज शिरोरोग
2. पित्तज शिरोरोग
3. कफज शिरोरोग
4. रक्तज शिरोरोग
5. सन्निपातज शिरोरोग
6. कृमिज शिरोरोग
7. अर्धावभेदक शिरोरोग
8. सूर्यावर्त्त शिरोरोग
9. शंखक शिरोरोग
10. शिरः कम्प शिरोरोग

कपालगत 9 रोग इस प्रकार हैं–

1. उपशीर्षक
2. अरुंषिका
3. दारुणक
4. इंद्रलुप्त
5. खलित
6. पलित
7. कपालपिड़िका
8. कपालऽर्बुद
9. कपालविद्रधि

इस प्रकार यहां इस शंका का निवारण होता है कि वाग्भट ने शिरोरोग नौ प्रकार के माने हैं, वस्तुतः यह रोग कुल उन्नीस हैं जैसा कि अष्टांगहृदय उत्तर तंत्र अध्याय 24 श्लोक 57 से भी पुष्ट होता है।

शिरोरोगों का निदान

धूमातपतुषाराम्बुक्रीडातिस्वप्नप्रजागरैः। उत्स्वेदाधिपुरोवातवाष्पनिग्रहरोदनैः॥1॥
अत्यम्बुमद्यपानेन कृमिभिर्वेगधारणैः। उपधानमृजाऽभ्यङ्गद्वेषाधः प्रततेक्षणैः॥2॥
असात्म्यगंधदुष्टामभाष्याधैश्च शिरोगताः॥ जनयन्त्यामयान् दोषाः–

(अ.हृ.उ.त. 23/1-2)

धूँआ, धूप, ओस, जल क्रीड़ा, बहुत सोना, रात्रि जागरण, अतिस्वेदन, मनोव्यथा, सामने की वायु, आंसुओं को रोकना, रोना, अधिक जलपान, अति मद्यपान, कृमि, उपस्थित वेगों को रोकना, स्नान और अभ्यंग से द्वेष करना, नीचे देखना, निरंतर देखना, असात्म्य गंध, दूषित आम दोष और अधिक बोलने से प्रकुपित दोष शिर में जाकर रोगों को उत्पन्न करते हैं।

1.2.1 वातज शिरोरोग

यस्यानिमित्तं शिरसो रुजश्चभवन्ति तीव्रा निशि चातिमात्रम्।
बन्धो उप्तापैश्चभवेद्विशेषः शिरोऽभितापः स समीरणेन्।

(सु.उ.त. 25/5)

जिस शिरोरोग में बिना किसी कारण के सिर में पीड़ा होती हो और रात्रि में यह अत्यंत तीव्र होती है, सिर को बांधने से तथा तपाए हुए वस्त्र से सेक देने पर पीड़ा का शमन होता हो, उसे वातिक शिरोरोग कहते हैं।

Scanned with CamScanner

-तत्र मारूतकोपतः॥3॥

निस्तुद्येते भृशं शंड्खौ घाटा सम्भिद्यते तथा। भ्रुवोर्मध्यं ललाटं च पतीतवातिवेदनम्॥4
बाध्येते स्वनतः श्रोत्रे निष्कृष्येत इवाक्षिणी। घूर्णतीव शिरः सर्वं सन्धिभ्य इव मुच्यते॥5
स्फुरत्यति सिराजालं कन्धराहनुसंग्रहः। प्रकाशासहता घ्राणस्त्रावोऽकस्माद् व्यथाशमौ॥6
मार्दवं मर्दनस्नेहस्वेदबन्धैश्च जायते। शिरस्तापोऽयम्-

(अ.हृ.उ.त. 23/3-6)

प्रकुपित वायु से शंखों में (कनपटी प्रदेश) में सुई चुभने के समान पीड़ा होती है। ग्रीवा का पिछला भाग फटता सा प्रतीत होता है, भ्रुवों के मध्य भाग और ललाट में अत्यन्त पीड़ा से पतन (गिरना) होता हुआ सा प्रतीत होता है, कर्णशूल और कर्ण में आवाज़ होती रहती है। आंखें निकलती प्रतीत होती हैं, सिर घूमता है और सब संधियों से अलग होता प्रतीत होता है। सिर की संपूर्ण सिराओं में स्फुरण, कंधा और हनु कड़ा हो जाता है, प्रकाश को सहन नहीं कर सकता, नासिका से स्राव होता है। सिर की पीड़ा अकस्मात् बढ़ती और शान्त हो जाती है। मलने, स्नेहन, स्वेदन और बांधने से दर्द कम होता है। यह वातिक शिरोरोग है।

चिकित्सा

वातव्याधिविधिः कार्यः शिरोरोगेऽनिलात्मके। पयोऽनुपानं सेवेत घृतं तैलमथापि वा॥

(सु.उ.त. 26/3)

वातिक शिरोरोग में वात व्याधि में कहे हुए उपचार यथा स्नेहन, स्वेदन, अभ्यंड्ग, परिषेक, अनुवासन वस्ति का प्रयोग करें तथा घृत और तैल का पान करें।

आहार-

मुद्गान् कुलत्थान्माषांश्च खादेच्च निशिकेवलान्। कटूष्णांश्च ससर्पिष्कानुष्णं चानु पयः पिबेत्॥

(सु.उ.त. 26/4)

रात्रि के समय मूंग, कुलथी, उड़द को कटू, उष्ण (गरम मसाले) और घृत से संस्कृत कर सेवन करना चाहिए तथा मन्दोष्ण दुग्ध का पान करना चाहिए। मनुष्य को दूध के साथ तिल तैल मिलाकर अथवा तिल का कल्क मिश्रित करके पीना चाहिए।

वरुणादिगण से सिद्ध दुग्ध में घृत और शर्करा मिलाकर पीने को दें।

सेक-

वातनाशक औषधियों के कल्क और क्काथ से सिद्ध किए हुए सुखोष्ण दुग्ध की धारा से सिर पर सेक करना चाहिए। वातनाशक औषधियों से सिद्ध पायस (खीर) का मस्तिष्क पर लेप करके सेक कराना चाहिए अथवा मछली के मांस और खिचड़ी में सैंधव लवण डालकर सिर पर कोष्ण लेप करके सेक करना चाहिए।

लेप-

वातज शिरोरोग में चंदन आदि शीतल द्रव्यो का लेप करें।

नस्य-

वरूणादि गण की औषधियों से क्षीर सिद्ध कर मक्खन निकालें, उस मक्खन में काकोल्यादि मधुर गण की औषधियों को पकाकर, उस मक्खन से नस्य दें।

धूमपान

स्नैहिक धूमपान करें।

वातोद्रेकभयाद्रक्तं न चस्मिन्नवसेचयेत्॥ इत्यशान्तौ चले दाहः कफे चेष्टो यथोदितः।

(अ. हृ. उ. त. 24/8)

वातज शिरोरोग में वायु प्रकोप का भय होने पर रक्तमोक्षण न करें, परन्तु वायु शान्त हो और कफ प्रकोप हो तो अग्निकर्म करें।

बला तैल (मूढगर्भोक्त) और त्रैवृतघृत (महावातव्याधि अधिकारोक्त) को अभ्यंग, नस्य, वस्ति कर्म और सेक के लिए प्रयोग करें।

आधुनिक मतानुसार इसे Neuralgic headache or Idiopathic headache कह सकते हैं।

1.2.2 पैत्तिक शिरोरोग

यस्योष्णमङ्गरचितं यथैव दह्येत धूप्यते शिरोऽक्षिनासम्।
शीतेन रात्रौ च भवेद्विशेषः शिरोऽभितापः स तु पित्तकोपात्॥ (सु.उ.त. 25/6)

जिसमें अंग (शिर, नासिका, अक्षि) उष्ण लगते हों तथा उनमें अंगार भरे हुए के समान जलन की प्रतीति होती हो एवं नेत्र व नासिका से धुआं सा निकलता प्रतीत होता हो और शीतोपचार से तथा रात्रि के समय शमन होता है; वह पित्त प्रकोपक शिरोरोग है।

शिरोऽभतापे पित्तोत्थे शिरोधूमायनं ज्वरः। स्वेदोऽक्षिदहनं मूर्च्छा निशि शीतैश्च मार्दवनम्॥

(अ.हृ.उ.त. 23/9)

पित्त प्रकोप से उत्पन्न हुए शिरोऽभिताप में सिर में धुएं की प्रतीति, ज्वर, स्वेदन (पसीना आना), आंखों में जलन तथा मूर्च्छा होती है तथा रात में और शीतल उपचार से शमन होता है।

चिकित्सा

1. **नस्य-** मधुर औषधियों तथा जाङ्गल पशु-पक्षियों की वसा से नस्य देना चाहिये।

2. **परिषेक व प्रदेह-** शीतल औषधि से प्रदेह व परिषेक जैसे दूध से पिसे हुए चन्दन, उशीर, मधुयष्टी, बला व उत्पल का ललाट पर प्रदेह लगाना चाहिए।

उन्हीं द्रव्यों के क्वाथ का सिर पर परिषेक करना चाहिए।

3. **वस्ति**

(क) आस्थापन वस्ति- उत्पलादिगण की औषधियों से सिद्ध दूध से आस्थापन वस्ति दें।

(ख) अनुवासन वस्ति- काकोल्यादिगण की औषधियों से सिद्ध घृत से अनुवासन वस्ति दें।

4. **आहार-**

(1) मधुर, तिक्त, कषाय रस प्रधान आहार का सेवन करें।

(2) जाङ्गल मांसरस का सेवन करें।

(3) क्षीरसर्पि में शर्करा मिलाकर सेवन करें।

(4) विदाही, आमज, गुरु, अत्यूष्ण आहार त्यागें।

वाग्भट मतानुसार पित्तज शिरोरोग में सिरावेध करें।

आधुनिक मतानुसार से इसका समन्वय Tension headache से किया जा सकता है।

Scanned with CamScanner

1.2.3 कफज शिरोरोग

शिरोगलं यस्यकफोपदिग्धं गुरु प्रतिष्टब्धमथो हिमच्च।

शूनाक्षिकूटं वदनञ्च यस्य शिरोऽभितापः स कफप्रकोपात्॥

(सु. उ. त. 25/7)

जिस (मनुष्य) का सिर और कण्ठ कफ से भरा हुआ हो तथा उनमें भारीपन, स्तम्भन और बर्फ के समान शीत की प्रतीति होती हो तथा अक्षिकूट (नेत्र गोलक) और मुख पर शोथ हो तो उसे कफज शिरोरोग कहते हैं।

अरुचिः कफजे मूर्ध्नो गुरुस्तिमितशीतता। शिरानिस्पन्दताऽऽलस्यं रुड्मन्दाऽह्न्यधिका निशि।

तन्द्राशूनाक्षिकूटत्वं कर्णकण्डूयनं वमिः॥

(अ.हृ.उ.त. 23/10-11)

कफज शिरोरोग में अरुचि, मस्तक में भारीपन, शीत लगना, सिराओं का फड़कना, आलस्य, दिन में मन्द पीड़ा होना और रात्रि में अधिक पीड़ा होना, तन्द्रा, अक्षिकूट पर सूजन, कर्ण में कण्डू की प्रतीति और वमन होता है।

चिकित्सा

कफोत्थितं शिरोरोगं जयेत्कफनिवारणैः॥ शिरोविरेकैर्वमनैस्तीक्ष्णैर्गण्डूषधारणैः।

अच्छश्च पाययेत्सर्पिः स्वेदयेच्चाप्यभीक्ष्णशः॥

(सु.उ.त. 26/18-19)

(1) **शिरोविरेचन**-कटफल चूर्ण से प्रधमन नस्य करें।

(2) **वमन**- तीक्ष्ण औषधियों से वमन दें।

(3) तीक्ष्ण औषधियों का गण्डूष धारण करें।

(4) अच्छ सर्पिपान करें।

(5) स्वेदन करना चाहिये।

(6) **धूमपान**- मेषश्रृङ्ग को जल में पीसकर वर्ति बनाकर धूमपान करें।

(7) **लेप**- सरल काष्ठ, कूठ, देवदारु, रोहिष, तृण क्षार तथा लवण मिलाकर कोष्ण लेप करना चाहिए।

(8) **आहार**- जौ, साठी चावल, परवल, मूंग एवम् कुलत्थ से बनाया हुआ भोजन त्रिकटु एवम् यवक्षार मिलाकर करें।

वाग्भट ने कफज शिरोरोग में स्नेहन, प्रलेप, वमन तथा उपवास करने को कहा है।

आधुनिक मतानुसार इसे Chronic sinusitis कह सकते हैं।

1.2.4 त्रिदोषज शिरोरोग

शिरोऽभितापे त्रितय प्रवृत्ते सर्वाणि लिङ्गानि समुद्भवन्ति॥

(सु.उ.त. 25/8)

त्रिदोषज शिरोरोग में तीनों दोषों के लक्षण मिलते हैं।

..........सर्वैः स्यात्सर्वलक्षणः॥

(अ.हृ.उ.त. 23/12)

चिकित्सा

शिरोरोगे त्रिदोषोत्थे त्रिदोषघ्नो विधिर्हितः। सर्पिः पानं विशेषेणं पुराणं वा दिशन्ति हि॥

(सु.उ.त. 26/24)

त्रिदोषज शिरोरोग में तीनों दोषों को नष्ट करने वाली चिकित्सा हितकर होती है। पुराण घृत का सेवन करें।

–निचयेमिश्रमाचरेत्॥

(अ.हृ.उ.त. 24/14)

त्रिदोषज शिरोरोग में मिश्रित चिकित्सा करनी चाहिए।

त्रिदोषज शिरोरोग में सभी दोषों के सम्मिलित लक्षण मिलते हैं तथा रोग निदान के सिद्धांतों के अनुसार त्रिदोषज व्याधियां अतीव कष्टकारक तथा प्रायः असाध्य होती हैं। अतः त्रिदोषज शिरोरोग का साम्य Cerebral thrombosis, space occupying lesions in brain तथा अन्य घातक शिरोऽभिघातों के साथ किया जा सकता है।

1.2.5 रक्तज शिरोरोग

रक्तात्मकः पित्तसमानलिङ्गः स्पर्शासहत्वं शिरसो भवेच्च॥

(सु.उ.त. 25/8)

रक्तज शिरोरोग में पित्तज शिरोरोग के समान लक्षण होते हैं, किन्तु इसमें सिर का स्पर्श असह्य होता है।

रक्तात् पित्ताधिकरुजः-

(अ.हृ.उ.त. 23/11)

रक्तज शिरोरोग में पित्तज शिरोरोग से अधिक पीड़ा होती है।

चिकित्सा

पित्तज शिरोरोग के समान चिकित्सा की जाती है।

शर्कराकुङ्कुमश्रृतं घृतं पित्तासृगन्वये॥ प्रलेपः सुघृतैः कुष्ठकुटिलोत्पलचन्दनैः।

(अ.हृ.उ.त. 24/7)

पित्तज और रक्तज शिरोरोग में शर्करा एवं केसर से पकाए घृत का नस्य दें। कुष्ठ, तगर, कमल और चंदन को घृत में मिश्रित कर लेप करें।

1.2.6 क्षयज शिरोरोग

वसाबलास क्षतसम्भवानां शिरोगतानामिह सङ्क्षयेण।

क्षयप्रवत्तः शिरसोऽभितापेः कष्टो भवेदुग्ररुजोऽतिमात्रम्।

संस्वेदनच्छर्दनधूमनस्यैरसृग्विमोक्षेश्च विवृद्धिमेति॥

(सु.उ.त. 25/9)

सिर पर आघात लगने से वसा, कफ तथा रक्त के क्षीण हो जाने से क्षयज शिरोरोग होता है। यह अत्यन्त कष्टदायक तथा तीव्र वेदना से युक्त होता है। यह रोग स्वेदन, वमन, धूम्रपान, नस्य और रक्तमोक्षण करने से बढ़ता है।

वाग्भट ने इसका उल्लेख नहीं किया है।

चिकित्सा

क्षयजे क्षयमासाद्य कर्त्तव्यो बृंहणो विधिः। पाने नस्ये च सर्पिः स्याद्वातघ्नमधुरैः श्रृतम्॥

(सु.उ.त. 26/25)

क्षयकासापहं चात्र सर्पिः पथ्यतमं विदुः।

1. **वृंहण चिकित्सा**- जिस धातु का क्षय हुआ हो उसका वर्धन करना चाहिए।
2. **नस्य** - वातघ्न मधुर औषधियों से सिद्ध घृत का नस्य दें।
3. **घृतपान** - वातघ्न मधुर औषधियों से सिद्ध घृत का पान तथा क्षयज कास में प्रयुक्त किए जाने वाले घृत का पान करें।

Scanned with CamScanner

4. स्वेदन- तिल एवम् जीवनीयगण की औषधियों को दूध से पीसकर स्वेदन करें।

5. पथ्य - पुराण घृत व गुड़ तथा उनसे बने मिष्ठान का सेवन करें।

1.2.7 कृमिज शिरोरोग

निस्तुद्यतेयस्य शिरोऽतिमात्रं सम्भक्ष्यमाणं स्फुटतीव चान्तः।

घ्राणच्च गच्छेत्सलिलं सरक्तंशिरोऽभितापः कृमिभिः स घोरः।। (सु. उ. त. 25/10)

जिस शिरोरोग में सुई चुभने के समान अत्यधिक पीड़ा हो तथा ऐसा प्रतीत होता है कि सिर का भीतरी भाग कृमियों के द्वारा खाया जा रहा हो एवं स्फुरण या फोड़ने का सा अनुभव हो और नासिका से जल और रक्त का स्राव हो, उसे कृमिज शिरोरोग कहते हैं और यह दारुण रोग है।

सङ्कीर्णभोजनैर्मूर्ध्निक्लेदिते रुधिरामिषे। कोपिते सन्निपाते च जायन्ते मूर्ध्नि जन्तवः।।12

शिरसस्ते पिबन्तोऽस्रं घोराः कुर्वन्ति वेदनाः। चित्त विभ्रंशजननीर्ज्वरः कासो बलक्षयः।।13

रौक्ष्यशोफव्यधच्छेददाहस्फुरणपूतिताः। कपाले तालुशिरसोः कण्डूः शोषः प्रमीलकः।

ताम्राच्छसिघाणकता कर्णनादश्च जन्तुजे।।14 (अ. ह. उ. त. 23/12-14)

संकीर्ण भोजन करने से, सिर में रक्त और मांस के क्लेदित होने पर, तीनों दोषों के प्रकुपित होने से कृमि पैदा हो जाते है। वे कृमि रक्त पीकर तीव्र वेदना उत्पन्न करते हैं। उससे मनोविभ्रम, ज्वर, कास, बलहानि, शरीर की रूक्षता, कपाल में शोथ, वेधन और छेदन सी पीड़ा, दाह, स्फुरण तथा नाक से दुर्गन्ध आती है। कपाल, तालु, सिर में खुजली होती है। शोष, प्रमीलक (गीले वस्त्र से जकड़ा हुआ) प्रतीत होता है। नाक से ताम्र वर्ण का साफ कफ निकलता है और कर्ण में आवाज़ होती है।

चिकित्सा

नस्ये हि शोणितं दद्यात्तेन मूर्च्छन्ति जन्तवः।।26

मत्ताः शोणितगन्धेन समायान्ति यतस्ततः। तेषां निर्हरणं कार्यं ततो मूर्द्धविरेचनैः।।27

ह्रस्वशिग्रुकबीजैर्वा कांस्यनीलीसमायुतैः। कृमिघ्नैरवपीडैश्च मूत्रपिष्टैरुपाचरेत्।।28

(सु. उ. त. 26/26-28)

1. नस्य-नाक से रक्त का नस्य देना चाहिए। इससे नासागत कृमि मूर्च्छित हो जाते हैं तथा रक्त की गन्ध से मस्त होकर कृमि बाहर आ जाते हैं तब कूर्चक से पकड़ कर निकालें।

2. शिरोविरेचन-विडंग, मिर्च, अपामार्ग, शिग्रु आदि औषधियों के चूर्ण के नस्य द्वारा कृमि बाहर निकलने चाहिए अथवा छोटे सहिजन के बीज में कांसा व नीली मिलाकर तथा गोमूत्र के साथ पीसकर अवपीड़न नस्य दें।

3. धूमपान-सड़ी हुई मछली का धुआं दें अथवा कृमिघ्न औषधियां का धुआं दें।

पूतिमत्स्ययुतान्धूमान्कृमिघ्नांश्चप्रयोजयेत्। भोजनानि कृमिघ्नानि पानानिविविधानि च।

(सु. उ. त. 26/29)

4. आहार-खान और पान में कृमिनाशक पदार्थों का प्रयोग करें।

वाग्भट मतानुसार रक्तमोक्षण न करें।

आधुनिक मतानुसार

Myiasis is the parasitic infestation of the body by fly larvae (maggots) Nasal myiasis occurs in patients of atrophic rhinitis with bad nasal hygiene.

Maggots in nose are commonly seen in elderly patients with slight preponderance in females

Clinical features

Intense irritation

Sneezing

Lacrimation

Headache

Extensive tissue destruction in nose, sinuses and soft tissues of face.

Blood stained discharge from the nose.

Treatment-

(1) Maggot removal is the objective. This can be done by irrigating the nasal cavity with the chloroform water & normal saline. Live maggots if visible should be picked out with forceps carefully.

Neurocysticercosis :- Cysticercosis is a tape worm infestation from eggs of Tenia soleum or Tenia saginata, spreading via faeco-oral route. Raw vegetable as cabbage is a common source, dirty drinking water also spreads it. The eggs after ingestion, pass though intestinal lumen & settle in brain or muscles & form cysts which can survive for years. According to location, it causes muscle nodules & pain or neurological symptoms. When in brain this is called Neurocysticercosis.

Symptomatology- It can develop in voluntary muscles causing myositis, fever, eosinphilia, eventually muscle atrophy & fibrosis but may be asymptomatic. When in brain, it causes seizures & headache. They can block CSF outflow, raising ICP. Sometimes, these settle in eye & cause visual difficulty,retinal edema, hemorrhage & even blindness.

Diagnosis - (1) Stool test (2) fundoscopy if vision affected (5) Elisa or CSF (4) CT (5) MRI (6) EEG

Treatment- (1) Anti convulsants (2) Steroids (3) Albendazole.

1.2.8 सूर्यावर्त

सूर्योदयं या प्रतिमन्दमन्दमक्षिभ्रुवं रुक् समुपैतिगाढम्।

विवर्द्धते चांशुमता सहैव सूर्यापवृत्तौ विनिवर्त्तते च।।11

शीतेन शान्ति लभते कदाचिदुष्णेन जन्तुः सुखमाप्नुयाच्च।

तं भास्करावर्तमुदाहरन्ति सर्वात्मकं कष्टतमं विकारम्।।12 (सु.उ.त. 25/11-12)

सूर्य के उदय के साथ पीड़ा आरम्भ होकर, धीरे-धीरे बढ़ती है और आंख और भ्रू में विशेषकर होती है तथा मध्याह्न के बाद सूर्य का तेज कम होने से पीड़ा भी कम हो जाती है। इस रोग में कभी शीतल उपचार से शांति प्राप्त होती है और कभी उष्ण उपचार से पीड़ा कम होती है। यह त्रिदोषज, अत्यन्त कष्टकारी रोग है। इसे भास्करावर्त रोग कहते हैं।

Scanned with CamScanner

पित्तानुबद्धः शंखाक्षिभ्रूललाटेषु मारूतः। रूजं सस्पन्दनां कुर्यादनुसूर्योदयोदयाम्॥

आमध्याह्नं विवर्धिष्णुः क्षुद्वतः सा विशेषतः। अव्यवस्थितशीतोष्णसुखा शाम्यत्यतः परम्॥

सूर्यावर्तः सः - 11 (अ.हृ.उ.त. 23/18-19)

पित्त से युक्त हुई वायु शंख, नेत्र, भ्रकुटी और ललाट में अत्यन्त पीड़ा और फड़कन को पैदा करती है। यह शूल सूर्योदय के साथ आरंभ होकर दोपहर तक बढ़ता जाता है, भूख लगने पर यह पीड़ा बढ़ती है, ठण्डे और गर्म पदार्थों से शांत हो जाती है और सायंकाल में बिल्कुल शांत हो जाती है।

चिकित्सा

सूर्यावर्ते विधातव्यं नस्यकर्मादिभेषजज्। भोजनं जाङ्गलप्रायं क्षीरात्रविकृतैर्घृतम्॥

(सु.उ.त. 26/30)

इसमें नस्य आदि चिकित्सा करनी चाहिए। भोजन के लिए जांगल पशु-पक्षियों का मांसरस देना चाहिए। क्षीर (दूध) से बने पदार्थों का सेवन करें जैसे खीर, मलाई व रबड़ी आदि तथा घृतपान करें।

सिरावेध- नासा के समीप ललाट की अथवा अपाङ्ग की सिरा का वेध करें।

शिरोबस्ति- घृत, तैल या दसा से शिरोबस्ति धारण करें।

काय विरेचन- विरेचक घृत का सेवन करें।

उपनाह - जांगल पशु पक्षियों के मांस को पकाकर उपनाह करें।

परिषेक - घृत मिश्रित कोष्ण दूध से शिर परिषेक करें।

रक्तमोक्षण

सूर्यावर्तेऽपि तस्मिंस्तुसिरयाऽपहरेदसृक्॥ (अ.हृ.उ.त. 24/11)

सूर्यावर्त में वाग्भट ने रक्तमोक्षण करने का निर्देश दिया है।

आधुनिक मतानुसार इसे Acute Frontal Sinusitis कह सकते हैं।

ACUTE FRONTAL SINUSITIS

Acute inflammation of sinus mucosa is called Acute Sinusitis. The sinus most commonly involved is the Maxillary, followed by Ethmoidal, Frontal and Sphenoidal sinus.

Acute frontal sinusitis is the inflammation of frontal sinus mucosa.

Etiology

- External trauma to sinus e.g. fractures or penetrating injuries.
- Entry of water into the sinus during swimming or diving.
- Infections of the upper respiratory tract.

Clinical Features

- **Pain:** Pain in the frontal region that may radiate to temporal and parietal regions. It shows characteristic periodicity i.e. comes on waking; gradually increases and reaches its peak by about midday and then starts subsiding. It is also called office headache because of its presence during office hours.

- Tenderness on medial part of floor of sinus above the inner canthus of eye.
- Edema of sinus and upper eye-lid.
- Nasal discharge.

Radiography: X-ray shows opacity of frontal sinus.

Complications

- Osteomyelitis of frontal bone.
- Orbital cellulitis.
- Meningitis
- Frontal lobe abscess
- Cavernous sinus thrombophlebitis.

Treatment

- Antibiotics
- Analgesics
- Treatment of the underlying cause.
- Trephination of the frontal sinus.

If symptoms persist inspite of medical treatment for 48 hours, a frontal sinus is drained externally. A 2 cm long horizontal incision is made in the superomedial aspect of the orbit below the eyebrow. Small polyethylene tube is inserted into hole through which intermittent irrigation is performed and antibiotic solution is injected.

1.2.9 अनन्तवात

दोषास्तु वुष्टास्त्रय एव मन्यां सम्पीड्य घाटासु रूजांसुतीव्राम्।

कुर्वन्ति साक्षिभ्रुवि शङ्ख देशे स्थिति करोत्याशु विशेषतस्तु॥

गण्डस्य पार्श्वेतु करोति कम्पं हनुग्रहं लोचनाजांश्च रोगान्।

अनन्तवातं तमुदाहरन्ति दोषत्रयोत्थं शिरसो विकारम्॥ (सु.उ.त. 25/13-14)

तीनों दोष प्रकुपित होकर मन्या को पीड़ित (Sternomastoid region) करके ग्रीवा के पश्चात् भाग में तीव्र पीड़ा उत्पन्न करते हैं तथा आंख, भ्रू और शंख प्रदेश में विशेष करके आश्रय करते हैं। गण्ड पार्श्व में कम्प, हनुग्रह तथा अनेक नेत्र रोग पैदा हो जाते हैं। इस त्रिदोषज शिरोविकार को अनन्तवात कहते हैं।

वाग्भट ने इस रोग का उल्लेख नहीं किया है।

चिकित्सा

अनन्तवाते कर्त्तव्यः सूर्यावर्तहरो विधिः। सिराव्यधश्च कर्त्तव्योऽन्तवातप्रशान्तये॥ (सु.उ.त. 26/36)

अनन्तवात में सूर्यावर्त नाशक चिकित्सा का विधान है। सिरामोक्षण करके रक्त का निर्हरण करना चाहिए।

आहारश्च विधातव्यो वातपित्तविनाशनः। मधुमस्तकसंयावघृतपूरैश्च भोजनम्॥ (सु.उ.त. 26/37)

वात, पित्त को नष्ट करने वाले आहार का सेवन करें। मधुमस्तक (मधु और दही), संयाव (हलवा), घृतपूर (घेवर) का उपयोग करें।

आधुनिक मतानुसार इसे Trigeminal Neuralgia कह सकते हैं।

TRIGEMINAL NEURALGIA

Trigeminal Neuralgia, also known as tic douloureux, is a chronic condition characterized by unilateral, brief, intermittent burning pain that lasts from a few seconds to a few minutes.

Scanned with CamScanner

It affects Trigeminal nerve, one of the largest nerves in the head. The nerve sends impulses of touch, pain, pressure and temperature to the brain from face, gums, forehead and around the eyes.

Causes

- Multiple sclerosis.
- Brain tumour.

Symptoms

- Sudden, severe pain that lasts for few seconds.
- Severe anxiety and depression.
- Pain is felt around the lips, eyes, scalp and forehead.
- Dilatation of pupil.
- Excessive lacrimation.
- Flushing of the face.

Symptoms can be brought on when a person is brushing the teeth, touching the face, swallowing or even feeling a slight breeze.

Diagnosis

- Magnetic Resonance Imaging (MRI) can be used to determine whether there is tumor or multiple sclerosis irritating Trigeminal nerve.

Treatment

- Drugs like Carbamazepine (Tegretol) 100-200 mg tablet three times a day.
- Phenytoin 200-400 mg daily.
- Valproic acid 1500-2000 mg daily.

Surgical neurectomy and injection of Absolute Alcohol around the nerve trunk can be helpful.

1.2.10 अर्धावभेदक

यस्योत्तमाङ्गर्धमतीव जन्तोः सम्भेदतोदभ्रमशूलजुष्टम्।
पक्षाद् दशाहादथवाऽप्यकस्मात्तस्यार्द्धभेदं त्रितायाद् व्यवस्येत्।। (सु.उ.त. 25/15)

जिस मनुष्य के उत्तमाङ्ग (सिर) के आधे भाग में अत्यधिक भेद (फोड़ने की सी पीड़ा), तोद (सूचीवेध पीड़ा) भ्रम और शूल होता है तथा यह लक्षण अकस्मात पक्ष (15 दिन) में या दस दिन बाद हो जाते हैं, उसको अर्धावभेदक कहते हैं तथा यह रोग त्रिदोषज है।

अर्धेतुमूर्ध्नः सोऽर्धाभेदकः।। पक्षात्कुप्यतिमासाद्वास्वयमेव च शाम्यति।
अतिवृद्धस्तु नयनंश्रवणं वा विनाशयेत्।। (अ.हृ.उ.त. 23/8)

सिर के आधे भाग में पीड़ा हो उसको अर्धावभेदक कहते हैं। यह पीड़ा पन्द्रह दिनों के बाद अथवा महीने के बाद उत्पन्न होती है और स्वयं ही शांत हो जाती है। यदि यह अत्यन्त बढ़ जाए तो नेत्र और कर्ण को नष्ट कर देती है।

चिकित्सा

1. सूर्यावर्त के समान अर्धावभेदक की चिकित्सा करें।
2. नस्य - वचा व पिप्पली चूर्ण से नस्य दें।
3. लेप

शिरीषबीजापामार्गमूलं नस्यं विडान्वितम्।
स्थिरारसो वा, लेपे तु प्रपुन्नाटोऽम्लकल्कितः। (अ.हृ.उ.त. 24/9-10)

शिरीष के बीज, अपामार्ग की जड़ और विड लवण इनका नस्य देना चाहिए। शलपर्णी रस का नस्य दें और पनवाड़ (चक्रमर्द) के बीजों को खट्टी कांजी में पीसकर लेप करना चाहिए।

4. चरक मतानुसार अर्धावभेदक में पुराण घृत का पान करें।
5. निरुह व अनुवासन बस्ति का प्रयोग करें।
6. उपनाह करें।
7. शिरोवस्ति दें।
8. अग्नि कर्म करें।

आधुनिक विचार से इसे Migraine कह सकते हैं।

MIGRAINE

A migraine is a throbbing, intense headache in one half of the head. It usually affects people of middle age. It is three times more common in females. Migranous headaches are unilateral, majority of times in the temporal region. It is found in persons who are anxious, rigid, perfectionists and who work hard to fatigue themselves.

Migraine headache symptoms vary and may occur with or without a warning sign called an aura. People who get aura; see spots, wavy lines or flashing lights. Aura begins within 30 minutes before headache. Some people have numbness or pins and needles sensation in their hands, arms or face during aura.

The patients may present with one or many of the following symptoms, in decreasing frequency- Half sided headache, nausea, photophobia, lightheadedness, scalp tenderness, vomiting. Visual disturbance, vertigo, confusion etc.

Pathogenesis :- Although exact mechanism is not known, the hypersensitivity to sensory stimuli may be due to dysfunctioning of mono aminergic sensory control system located in the brainstem & thalamus.

The Trigeminal nerve fibres suppling the arteries and veins in the duramater are hyperactivated, so they release vasoactive neuropeptides as CGRP (calcitonin related peptide in the duramater. Thus hyperactivated blood vessels produce pain by pressure. Some researches proved that muted calcium channel gene CACN1A is responsible for familiar hemiplegic migraine & thus establishes a hereditary factor for some type of migraines. Excess of serotonin & dopamine can also trigger migraine attacks & some antagonists against these hormones prevents migraine episodes.

Signs and symptoms : General symptoms as discussed in previous paragraph.

International Headache society classifies migraine as :

1. Migraine without aura (Hemicrania simplex).
2. Migraine with aura.

Scanned with CamScanner

3. Childhood periodic syndrome
4. Retinal migraine
5. Migraine with seizures
6. Migraine with complications
7. Migraine like disorders.

Migraine without aura is the commonest. This is very commonly seen during menstruation. Males, Females ratio is 1:3 & > 50% of females experience this only during menstruation. This is diagnosed if there have been more than 5 attacks with 2 or more of the following features- (1) Unilateral (2) Pulsating (3) Moderate to severe pain (4) Hinderance with daily routine and during the attack either nausea, vomiting or photophobia or both should be there.

Migraine with aura is diagnosed when a patient develops some reversible focal neurological symptoms within 5-20 min and these last for < 1 hour followed by simple migraine as discussed in migraine without aura. At least two attacks confirm diagnosis. The aura include either of flickering lights, loss of vision, feeling of pin pricks or numbness or speech disturbance all being fully reversible.

Abdominal migraine is a condition of children presenting dull pain in abdomen with migraine attack. Retinal Migraine is diagnosed when sufferer has scotoma i. e. patchy loss of vision in one eye. surrounded by normal vision, for less than an hour. Then vision becomes normal. Sometimes, a condition "Acephalic Migraine" is seen when patient experiences aura symptoms but actual attack of pain does not happen.

Treatment

There is no specific cure for migraine headache. Aim is to prevent symptoms by avoiding triggers. When symptoms of migraine begin -

- Rest in qui.. darkened room.
- Drink fluids to avoid dehydration.
- Painkillers like ibuprofen, aspirin, acetaminophen is helpful.
- Ergotamine tartrate 0.5-1.0 mg twice daily.
- Subcutaneous Sumatriptan 6 mg.

9.1.11 शंखक

शंखाश्रितो वायुरुदीर्णवेगः कृतानुयात्रः कफपित्तरक्तैः।
रुजः सुतीव्राः प्रतनोति मूंर्ध्नि विशेषतश्चपि हि शंखयोस्तु।
सुकष्टमेनं खलु शङ्खकाख्यं मर्हषयो वेदविदः पुराणाः।
व्याधि वदन्त्युद्गतमृत्युकल्पं भिषक्सस्त्रैरपि दुर्निवारम्॥ (सु.उ.त. 25/16-17)

प्रकुपित वायु शंख प्रदेश में ..श्रित होकर क..फ, पित्त व रक्त को साथ लेकर सिर में तीव्र वेदना उत्पन्न करती है तथा इस प्रकार की तीव्र वेदना विशेषकर दोनों शंख प्रदेशों में होती है। वेद के ज्ञाता इस मृत्युसदृश व्याधि तथा जो हज़ारों वैद्यों से भी न ठीक हो को शंखक नाम से कहते हैं।

पित्तप्रधानैर्वाताद्यैः शङ्खेशोफः सशोणितैः। तीव्रदाहरुजारागप्रलापज्वरतृड्भ्रमाः॥
तिक्तास्यः पीतवदनः क्षिप्रकारी स शङ्खकः। त्रिरात्राज्जीवितं हन्ति सिध्यत्यप्याशु साधितः॥

(अ.हृ.उ.त. 23/16-17)

पित्त प्रधान वातादि दोष रक्त को साथ लेकर शंख में शोथ की उत्पत्ति करते हैं। इसमें तीव्र दाह, पीड़ा, लालिमा होती है तथा प्रलाप, ज्वर, प्यास, भ्रम, मुंह का स्वाद तिक्त तथा मुख में पीलापन हो जाता है। इस शीघ्रकारी रोग को शंखक कहते हैं। तीन रात के बाद रोगी की मृत्यु होती है। कुशल चिकित्सक यदि शीघ्र चिकित्सा करें, तो रोग शांत भी हो जाता है।

चिकित्सा

क्षीरसर्पिः प्रशंसन्ति नस्ये पाने च शङ्खके। जांगलानां रसेः स्निग्धैराहारश्चात्र शस्यते॥

(सु.उ.त. 26/38)

क्षीरसर्पि का नस्य, पान करना चाहिए। जांगल पशु पक्षियों के मांसरस के साथ भोजन करना चाहिए अथवा स्निग्ध पदार्थ आहार में लें।

शतावरीं तिलान् कृष्णान् मधुकं नीलमुत्पलम्। दूर्वां पुनर्नवाश्चैव लेप साध्ववचारयेत्।
महासुगन्धामथवा पालिन्दीश्चाम्लपेषिताम्॥ (सु.उ.त. 26/39-40)

शतावरी, काले तिल, दूर्वा, मुलेठी, पुनर्नवा को काञ्जी से पीसकर लेप लगाएं अथवा महासुगन्धा (रास्ना) या पालिन्दी (निशोथ) इन्हें काञ्जी के साथ पीसकर लेप करें।

वाग्भट के मत से इसकी रक्तज शिरोरोग के समान चिकित्सा करें।

आधुनिक मतानुसार इसे Temporal Arteritis कह सकते हैं।

Temporal Arteritis :- Also known as giant cell arteritis or cranial Arteritis or Horton's disease; this is inflammation of head & carotid arteries which can lead to blindness. Steroids, are the drug of choice.

Signs/symptoms- Male : Female 1:20 More in developed & cold countries, in age >55yrs.

- Bruits
- Fever
- Headache
- Jaw pain
- Weakness
- Blurred vision
- Diplopia
- Sudden blindness
- Tinnitus etc.

Diagnosis :- (1) Physical examination, Engorged & Painful arteries, Decreased pulses all over the body, Ischaemic fundus (2) Laboratory- Liver function tests - Increased Alkaline phosphatase, ESR > 60 mm I hour.

Treatment - High dose prednisone (1mg/kg/day) as soon as possible, even before final diagnosis.

1.3 सामान्य शिरोरोग चिकित्सा

कृमिक्षयकृतौ हित्वा शिरोरोगेषु बुद्धिमान्। मधुतैलसमायुक्तैः शिरांस्यति। विरेचयेत्। (सु.उ.त. 26/42)
पश्चात्सर्षपतैलेन ततो नस्यं प्रयोजयेत्॥

बुद्धिमान वैद्य कृमिज और क्षयज शिरोरोग को छोड़कर अन्य सब प्रकार के शिरोरोगों में शिरोविरेचक द्रव्यों के चूर्ण में मधु और तैल मिलाकर नस्य द्वारा शिरोविरेचन करावे, बाद में सरसों के तैल का नस्य देना चाहिए।

Scanned with CamScanner

न चेच्छान्ति व्रजेन्त्येवं स्निग्धस्विान्नांस्ततोभिषक्। पश्चदुपचारेत्सम्यक् सिराणामथ मोक्षणैः।

(सु.उ.त.26/43)

उससे भी शिरोरोग शांत न हो तो रोगी को स्नेहन, स्वेदन देकर सिराव्यध करें।

1.3.1 उपशीर्षक

कपाले पवने दुष्टे गर्भस्थस्याऽपि जायते। सवर्णो नीरुजः शोफस्तं विद्यादुपशीर्षकम्॥

(अ.हृ.उ.त. 23/21)

गर्भ में ही वायु प्रकुपित होकर कपाल में स्थित होकर त्वचा के समान वर्ण वाला शोथ उत्पन्न कर देता है, यह पीड़ा रहित होता है, इसको उपशीर्षक कहते हैं।

चिकित्सा

नवे जन्मोत्तरं जाते योजयेदुपशीर्षके। वातव्याधिक्रियां पक्वे कर्म विद्रधिचोदितम्॥

(अ.हृ.उ.त. 24/20)

यदि रोग जन्मकाल से ही हो और नवीन हो तो वातव्याधि के समान चिकित्सा करनी चाहिए। यदि उपशीर्षक पक जावे तो विद्रधि के समान चिकित्सा करनी चाहिए।

1. यह रोग अपने आप शांत हो जाता है।
2. यदि अधिक दिनों तक चलता रहे तो जौ, गेहूं, मूंग को पीसकर, घी में मिलाकर कोष्ण लेप करने से शोफ मिट जाता है।
3. बार-बार रक्तविस्रावण करें।
4. दशमूल के क्वाथ में घृत डालकर सेक करना चाहिए।

आधुनिक मतानुसार इसे Hydrocephalus कह सकते हैं।

HYDROCEPHALUS

The term Hydrocephalus is derived from Greek words "hydro" meaning water and "cephalus" meaning head. The water is actually CSF, cerebrospinal fluid, a clear fluid surrounding the brain and spinal cord. The excessive accumulation of CSF results in an abnormal dilatation of spaces in brain called ventricles. This dilatation causes harmful pressure on the tissues of brain.

This may cause increased Intra cranial pressure (ICP) inside skull and progressive enlargement of head, convulsions, tunnel vision and mental disability.

Cause is CSF flow destruction, hindering free passage of CSF through ventricular system and subarachnoid space. Over production of CSF also results in increased ICP.

Causes

Congenital Hydrocephalus causes include-

- Injury before/ during childbirth.
- Tumors of CNS.
- Congenital defects
- Infections before birth that affect CNS

In older children causes include-

- Developmental defects.
- Bleeding in brain
- Tumors of brain or spinal cord
- Injury

Types

Congenital or acquired.

- Congenital is present at birth and may be caused by environmental influences during fetal development or genetic predisposition.
- Acquired develops at the time of birth or sometimes afterwards. This type can affect individual of all ages and may be caused by injury or disease.

Hydrocephalus is believed to affect approximately one in every 500 children.

Symptoms

Symptoms vary with age, disease progression and individual differences in tolerance to CSF pressure. The infant skull can expand to accommodate the build up of CSF because the sutures have not yet closed.

In infancy, most common symptom is unusually large size of the head. Others include -

- Vomiting
- Sleepiness
- Irritability
- Downward deviation of eyes (also called sun-setting)
- Seizures

Older children experience different symptoms as:

- Headache
- Nausea
- Papilledema (swelling of optic disk)
- Blurred vision
- Diplopia (Double vision)
- Poor coordination
- Slow development
- Gait disturbance

Treatment

Treatment is surgical. It involves placement of a ventricular catheter (tube made of silastic) into the cerebral ventricles to bypass the flow-obstruction and drain the excess fluid into other body cavities e.g. peritoneal cavity called Shunt Surgery.

Ventriculostomy is also done in some patients i.e. making a small hole in floor of 3rd ventricle allowing CSF to bypass the obstruction and flow towards site of reabsorption around the surface of brain.

1.3.2 अरूंषिका

कपाले क्लेवबहुलाः पित्तासृकश्लेष्मजन्तुभिः। कडगुसिद्धार्थक निभाः पिटिकाः स्युररुंषिकाः॥

(अ.हृ.उ.त 23/22)

पित्त, रक्त, कफ और कृमियों के कारण कपाल में अतिशय क्लेद युक्त एवं कंगुधान्य और सरसों के समान आकार वाली पिड़िकाएं उत्पन्न हो जाती हैं; उनको अरूंषिका कहते हैं।

चिकित्सा

अरूंषिका जलौकोभिर्हृतास्त्रा निंबवारिणा। सिक्ता प्रभुतलवणैर्लिम्पेवश्वकृत्रसैः॥
पटोलनिम्बपत्रैर्वा सहरिद्रैः सुकल्कितैः। गोमूत्रजीर्णपिण्याककृकवाकुमलैरपि॥

(अ.हृ.उ.त. 24/21-22)

अरूंषिका में जलौका लगाकर रक्त निकालना चाहिए। निम्बू के जल से सेचन करना चाहिए। बहुत सा नमक मिलाकर घोड़े की लीद के रस का लेप करना चाहिए अथवा पटोलपत्र, निम्बपत्र और हल्दी के कल्क का लेप करना चाहिए अथवा गोमूत्र, पुरानी तिलखली और मुर्गे की बीठ मिलाकर लेप करना चाहिए, वमन, विरेचन से शरीर का शोधन करें।

आधुनिक मतानुसार इसे Furunculosis of Scalp कहे सकते हैं।

1.3.3 दारुणक

कण्डूकेशच्युतिस्वापरौक्ष्यकृत्स्फुटनं त्वचः। सुसूक्ष्मं कफवाताभ्यांविद्याद्दारुणकं तु तत्॥

(अ.हृ.उ.त. 23/23)

कफ और वायु से कपाल में खुजली, बालों का गिरना, संज्ञानाश और रुक्षता होती है तथा कपाल की त्वचा का सूक्ष्म स्फुटन होता है, इसे दारुणक कहते हैं।

चिकित्सा

विध्येच्छिरां दारुणके लालाट्यां शीलयेन्मृजाम्। नावनं मूर्ध्नि वस्तिं च लेपयेच्च समाक्षिकैः।
प्रियालबीजमधुककुष्ठमाषैः ससर्षपैः॥ लाक्षाशम्याकपत्रैडगजधात्रीफलैस्तथा।
कोरदूषतृणक्षारवारिप्रक्षालनं हितम्॥ (अ.हृ.उ.त. 24/26-27)

ललाट की सिरा का वेधन करें। फिर वमन, विरेचनादि से शरीर का शोधन कर नस्य कर्म करें और शिरोवस्ति करें। प्रियाल, मुलहठी, कूठ, माष, सरसों, लाख, अमलतास के पत्र, पनवाड़ के बीज और आंवला इनको बारीक पीसकर, मधु मिलाकर लेप करें एवं कोदों के घास के क्षार जल से प्रक्षालन करना लाभदायक होता है।

आधुनिक मतानुसार इसे Dandruff कह सकते हैं।

DANDRUFF

Dandruff is characterized by small, loose flakes of dead skin on the scalp. It doesn't cause balding. Also called Scurf and historically termed Pityriasis Capitis. It is form of seborrheic dermatitis characterized by itching and flaking of the scalp.

Causes

- Poor hygiene.
- Poor health.
- Emotional stress.
- Heredity predisposition.
- Infrequent shampooing of the hair.
- Cold weather and dry indoor heating.
- Excessive use of hair sprays and gels.
- Improper nutrition.
- Lack of rest.

Treatment

- Anti-dandruff shampoo containing zinc pyrithion.
- Anti-fungal shampoo containing ketoconazole.

1.3.4 इंद्रलुप्त

रोमकूपानुगं पित्तं वातेन सह मूर्च्छितम्॥ प्रच्यावयति रोमाणि ततः श्लेष्मा सशोणितः।
रोमकूपान् रुणद्ध्यस्य तेनान्येषामसम्भवः॥ तदिन्द्रलुप्तं रूज्यां प्राहुश्चाचेतिचापरे।

(अ.हृ.उ.त. 23/24)

रोमकूपों में गया हुआ पित्त वायु के साथ मिलकार रोमों को गिरा देता है। फिर इसके बाद कफ रक्त के साथ मिलकर रोमकूपों को रोक देता है। इससे गिरे हुए रोमों के स्थान पर नए रोम नहीं आ सकते, इस रोग को इंद्रलुप्त कहते हैं, कोई इसको 'रूज्या' और कोई 'चाच' कहता है।

चिकित्सा

इद्रंलुप्ते यथासन्नं सिरां विद्ध्वा प्रलेपयेत्। प्रच्छाय गाढ़ं कासीसमनोह्वातुत्थकोषणैः॥28
वन्यामरतरुभ्यांवागुञ्जामूलफलैस्तथा। तथा लाङ्गलिकामूलैः करवीररसेन वा॥29
सक्षौद्रक्षुद्रवार्ताक स्वरसेन रसेन वा। धत्तूरकस्य पत्राणां भल्लातकरसेन वा॥30
अथवा माक्षिकहविस्तिलपुष्पत्रिकण्टकैः। तैलाक्ता हस्तिदन्तस्य मषी चा चौषधं परम्॥31

(अ.हृ.उ.त. 28/28-31)

इद्रंलुप्त रोग में-

- सिरोवेधन करें।
- प्रभावित स्थान पर प्रच्छान लगाकर कासीस, मनःशिला, नीलाथोथा और काली मिर्च का लेप करें।
- रत्तक और देवदारु रगड़कर लेप करें।
- रत्तक की जड़ और फल मिलाकर लेप करें।
- लांगलीकन्द कनेर के रस में रगड़कर लेप करें।
- छोटी कटेरी के स्वरस को मधु में मिलाकर लेप करें।
- धत्तूरे के पत्रों के रस का लेप करें।
- भिलावे के रस का लेप करें।
- मधु, घृत, तिलपुष्प और गोखरू मिलाकर लेप करें।
- हाथी दन्त को अग्नि में जलाकर उसकी स्याही को तैल में मिलाकर लेप करें।

(अ.हृ.उ.त. 24)

शुक्लरोमोद्गमे तद्वन्मषी मेषविषाणजा।

यदि इंद्रलुप्त स्थान पर श्वेत रोम आने लगें तो मेढे के सींगों की भस्म बनाकर तैल में घिसकर लेप करें।

(अ.हृ.उ.त. 24/32)

वर्जयद्वारिणा सेकं यावद्रोमसमुद्भवः।

जब तक इंद्रलुप्त स्थान पर यथार्थ रोम न उत्पन्न हो जाए, तब तक उस स्थान पर जल से सेंचन नहीं करना चाहिए।

आधुनिक मतानुसार इसे Alopecia areata कह सकते हैं।

Alopecia areata

Alopecia simply means hair loss. Alopecia areata is type of hair loss when clumps of hair fall out, resulting in total smooth round hairless patches on the scalp. It is common in people younger than 20 but children and adults of any age may be affected.

Types

Alopecia may be localized in front and top of head as in common male pattern baldness. It may be patchy as in condition called alopecia areata.

Scanned with CamScanner

Causes

- Fungal infections of scalp.
- Systemic diseases e.g. thyroid disorders.
- Several autoimmune diseases.
- Cancer chemotherapy.

Treatment

Intralesional steroids and topical steroids e.g. Betamethasone dipropionate cream 0.05% twice per day.

- Control of systemic disease.
- **Drugs:** Minoxidil and Finasteride promote hair growth. Minoxidil is the liquid that is applied to scalp. It is a vasodilator and dilates scalp blood vessels to promote hair nutrition and growth. Originally this drug was invented as Anti Hypertensive but did not succeed in cardiology being toxic orally. Finasteride is taken orally.
- Hair transplantation is done by taking tiny plugs of skin, each containing one to several hairs from the backside of scalp. The bald sections are then implanted with plugs.
- Eating well balanced diet.
- Reducing stress.
- Stem cell research is generating new hope for baldness.

1.3.5 खलित

खलतेरपि जन्मैवं शातंन तत्र तु क्रमात्। (अ.हृ.उ.त. 23/26)

इंद्रलुप्त के समान खलित रोग उत्पन्न होता है, पर इसमें क्रम से धीरे-धीरे बाल गिरते हैं।

सा वातादग्निदग्धाभा पित्तात्विस्वन्नसिरावृता। कफाद्धनत्वग्वर्णोच्श्च यथास्वं निर्दिशेत् त्वचि॥27
दोषैः सर्वाकृतिः सर्वैरस्त्रसाध्या सा नखप्रभा। दग्धाग्निनेव निर्लोमा सदाहा या च जायते॥28

(अ.हृ.उ.त. 23/27-28)

वात दोष की अधिकता से होने वाले खलित्य रोग में कपाल अग्नि दग्ध के समान प्रतीत होता है। यदि पित्त से हो तो स्वित्र शिराओं से आवृत सा मालूम पड़ता है। यदि कफ से हो तो त्वचा घनी होती है, इनके वर्ण दोषानुसार जानना चाहिए। सर्वदोषज खलित रोग नख के समान वर्ण वाला, सब दोषों के लक्षणों से युक्त, अग्नि दग्ध के समान रोम रहित और दाहयुक्त होता है तथा यह असाध्य होता है।

चिकित्सा

खलतौ पलिते वल्यां हरिल्लोम्नि च शोधितम्। नस्यवक्त्रशिरोभ्यड्ग प्रवेहैः समुपाचरेत्॥

(अ.हृ.उ.त. 24/33)

खलित, पलित, वलि (झुरियां) और हरित्लोम रोग में शरीर का शोधन कराकर नस्य कर्म और सिर पर मालिश और लेप करना चाहिए।

सिद्धं तैलं वृहत्याद्यैर्जीवननीयैश्च नावनम्। मांसं वा निम्बजं तैलं क्षीरभुड् नावयेद्यतिः॥

(अ.हृ.उ.त. 24/34)

वृहत्यादिगण और जीवनीयगण से सिद्ध किए हुए तैल का नस्य देवे। निम्ब के तैल का नस्य देवे। यह नस्य लेते हुए एक मांस तक केवल दूध का आहार लें।

आधुनिक मतानुसार इसे Hair Fall कह सकते हैं।

HAIR FALL

Hair fall is excessive shedding of hair. Hair is the most versatile and permanent accessory of the human species. Hair gives frame to the face.

Normal Cycle of hair growth and loss

At a time, about 10% of hair on the scalp are in a resting phase. After 2 to 3 months, the resting hairs fall out and new hairs start to grow. This growing phase lasts for 2 to 6 years. Each hair grows approximately one cm per month. About 90% of hair is growing at one time. It is normal to shed some hair each day i.e. 50 to 80 strands of hair a day; when it exceeds it is abnormal.

Hair loss can affect men, women and children.

Causes

- Stress (emotional or physical).
- Major illness.
- Major surgery.
- Hormonal changes e.g. overactive or under active thyroid gland.
- Poor diet.
- Lack of proper sleep.
- Medicines e.g. anticoagulants, antihypertensives, antidepressants, birth control pills and medicines used to treat gout and cancer.
- Fungal infections.
- Hereditary.
- Use of harsh chemicals or hot oil for treatment.
- Hairstyles, which involve tying of hair tightly.

Treatment

- Conditioning the hair properly.
- Generous application of hair oil and moisturizers replenish the moisture and oil in dry hair.
- Massaging the scalp with hair oil is helpful as massaging invigorates the blood circulation giving proper nutrition for healthy hair.
- Improving life style i.e. leading stress free life with emphasis on exercise and nutritious diet.
- Avoid tying the wet hair.

1.3.6 पलित

शोकश्रमक्रोधकृतः शरीरोष्मा शिरोगतः। केशान् सदोषः पचति पलितं संभवत्यतः॥

(अ.हृ.उ.त. 23/29)

Scanned with CamScanner

शोक, श्रम और क्रोध के कारण शरीर की उष्मा जब दोषों से युक्त हो जाती हैं तो केशों को पकाकर श्वेत बना देती है। इसको पलित रोग कहते हैं।

तद्वातत्स्फुटितं श्यावं खरं रुक्षं जलप्रभम्। पित्तात्सदाहं पीताभं कफात् स्निग्धं विवृद्धिमत्।
स्थूलं सुशुक्लं सर्वैस्तु विद्याद्व्यमिश्रलक्षणम्।।

(अ.हृ.उ.त. 23/30)

यदि वायु से पलित रोग हो तो कपाल की त्वचा स्फुटित, श्याम वर्ण की, खुरदरी, रुक्ष और जल के समान आभावाली होती है। यदि पित्त से पलित रोग हो तो त्वचा दाह और पीत वर्ण की होती है। यदि कफ से पलित रोग हो तो कपाल स्निग्ध, बढ़ा हुआ, स्थूल और श्वेत वर्ण का होता है। यदि त्रिदोषज हो तो तीनों दोषों के मिश्रित लक्षण मिलते हैं।

शिरोरुजोद्भवं चान्यद्विवर्णं स्पर्शनासहम्।।

(अ.हृ.उ.त. 23/31)

एक अन्य पलित रोग होता है, जो सिर की अधिक वेदना से उत्पन्न होता है, इसमें कपाल स्पर्श को सहन नहीं कर सकता।

चिकित्सा

1. खलितरोग के समान वमन, विरेचन, नस्य कर्म, अभ्यंग और लेप करें।
2. नीलादि तैल का नस्य करें।
3. लोहचूर्ण, भांगरे का रस, त्रिफला, काली मिट्टी इनको गन्ने के रस में मिलाकर एक महीना बंद करके रखें। सफेद बालों पर लगाने से बाल काले हो जाते हैं।
4. दुग्धिका और कनेर को दूध में बारीक पीसकर सफेद बालों को उखाड़ कर उनकी जड़ों में लगाएं तो उस स्थान पर काले बाल पैदा हो जाते हैं।
5. एक कुड़व तैल में एक पल मुलहठी का कल्क, एक सेर दूध, एक सेर काले बांसे का रस, एक सेर भांगरे का रस और एक सेर तुलसी का रस मिलाकर तैल सिद्ध करें। इस तैल को शिला पात्र में या मेढ़े के सींग में रखें। इसका नस्य पलित नाशक है।

आधुनिक मतानुसार इसे Premature graying कह सकते हैं।

PREMATURE GRAYING

The most familiar sign of ageing is the graying of the hair. The age at which graying starts is genetically determined. The graying occurs due to gradual reduction in melanin.

Causes

- Unclean condition of the scalp.
- Drying it with electric dryer.
- Faulty diet.
- Hereditary.
- Use of harsh shampoo and soaps.
- Lack of vitamin B, iron, copper and iodine in daily diet.
- Washing the hair too frequently with hot water.
- Use of hair dyes.
- Mental stress.
- Chronic disease.

Treatment -

Eating diet rich in protein, iron, calcium and vitamin A and B.

कपाल पिड़िका, अर्बुद व विद्रधि लक्षण-

यथादोषोदयं ब्रूयात् पिटिकार्बुदविद्रधीन्।

(अ. हृ. उ. 23/22)

पिड़िका, अर्बुद और विद्रधि को दोष की अधिकता के अनुसार जानना चाहिए।

चिकित्सा-

आमपक्वे यथायोग्यं विद्रधीपिटिकार्बुदे।

(अ. हृ. उ. 24/20)

विद्रधी, पिड़िका और अर्बुद में आम और पक्व अवस्था को ध्यान में रखते हुए चिकित्सा करें।

1.4 शिरोऽभिघात / Head Trauma

The thick hard bones of skull protect brain from injury. Brain is surrounded by meninges containing CSF, which cushions brain. Consequently, most bumps and knocks on the head do not injure brain and most head injuries are minor. The incidence is 300 per 100,000 per year. Head injury is the trauma to head. Head injuries are one of the most important causes of the disability and death in individual.

Head injuries fall into two categories:

1. External (usually scalp) injuries.
2. Internal head injuries, which may involve the skull or the brain. They are serious.

The scalp is richly supplied with blood supply so even a minor cut can bleed profusely.

Types of head injury

Concussion

It is an injury to head area that may cause instant instant loss of awareness for few minutes up to few years after traumatic event. It occurs after deceleration of the frontal or occipital areas that creates sudden movement of brain within skull. In this type of injury, most of the strain is insufficient to cause structural damage but disruption of the blood brain barrier may occur.

Skull fracture

It is a break in skull bone. The presence of a skull fracture signifies that traumatic cranial injury had occured. Skull fractures occur in up to 8% of fatal head injuries. Skull fractures are classified as follows:

1. **Linear fractures:** The linear one is most common. There is break in bone but it doesn't move the bone. A linear fracture is produced by a broad based force such as traffic accidents and falls.
2. **Basilar skull fractures:** They may be linear, depressed or comminuted. Fracture of the skull is usually seen in the base of the skull. This is the serious type and involves a break in the bone at the base of the skull. Patient with this type have bruises around eyes and behind the ears and clear fluid is draining from. the nose or ears. These patients require close observation.
3. **Comminuted fractures:** This type of fractures result from forceful and heavy impact striking the head over a wider area with bone breaking into multiple pieces.

Scanned with CamScanner

Compound fractures: Here overlying scalp is lacerated.

4. **Depressed fractures:** This type of fracture is produced by forceful or heavy impact striking the skull over a small surface area, resulting in inwards pushing of the bone; also called Pond Fracture.

5. **Intra Cranial Hematoma / ICH**

There are several types of ICH or blood clots in / around the brain. They range from mild head injuries to severe life threatening head injuries.

Different types Include :

1. **Epidural Hematoma** - Occurs when blood clot forms underneath the skull but above dura, tough covering that surrounds the brain. They are usually associated with skull fractures.
2. **Subdural Hematoma** - when blood clot is underneath the skull and Dura, but outside the brain. These can be formed by tear in the veins that go from brain to dura. If symptoms develop within three days, this is called Acute SDH and Sub acute SDH if it takes 3 to 21 days to develop symptoms.
3. **Contusion / Intra Cerebral Hematoma-** A contusion is a bruise of the cortical surface of the brain which results in hemorrhage around the blood vessels. The overlying piamater always remain intact. It causes swelling and bleeding in the brain.
4. **Diffused Axonal Injury/DAI-**These are fairly common and caused by shaking of brain back and forth as happens in road accidents or falls. In DAI, patient is usually in prolonged coma.

Aetiology

- Age: Head injury is most frequent in young people between 20-40 years.
- Sex: Head injury is most common in males.
- Commonest cause of head injury is the road accidents and falls. However, in the children fall is the frequent cause.
- In neonates, birth trauma is the most frequent cause.

Symptoms

The person may have varying degree of symptoms associated with severity of head injury. The following are common:

Mild Head Injury

- Raised swollen area.
- Superficial cut in the scalp.
- Headache.
- Sensitivity to noise and light.
- Irritability.
- Confusion.
- Nausea.
- Change in sleep pattern.
- Blurred vision.
- Ringing in the ears / Tinnitus.
- Memory and concentration problems.
- Problems with balance / Ataxia.

Moderate to severe Head Injury

- Loss of consciousness.
- Severe headache.
- Repeated nausea and vomiting.
- Slurred speech.
- Difficulty in walking.
- Convulsions.
- Behavioral changes.
- Anisocoria/different sized pupils.
- Sweating.
- Blood or clear fluid draining from ears / nose.
- Open wound in the skull.

Classification of Head injury

S. No.	Severity of Injury	Duration of unconsciousness	Glasgow coma scale
1	Minor	< 30 min	13 -15
2	Moderate	> 30 min to < 6 hours	9-12
3	Severe	> 6 hours	8 or less

Diagnosis

Diagnosis is made by physical examinations and diagnostic tests.

Diagnostic tests include -

- Electro Encephalo Gram / EEG.
- Blood tests.
- X rays.
- Computerised Tomography / CT scan.
- Magnetic Resonance Imaging / MRI.

Treatment

Treatment is based on the age, type and extent of injury and health of the patient. It may include

- Ice packs for hemostasis.
- Rest.
- Topical antibiotic ointment and adhesive bandage.
- Immediate medical attention.
- Stitching.
- Hospitalization and Observation.
- Surgery.

1.5 शिरोवस्ति

सुश्रुत ने इसका वर्णन नेत्र के क्रिया कल्पों में किया है।

गुण

रोगान् शिरसि सम्भूतान् हत्वाऽतिप्रबलान् गुणान्। करोति शिरसो वस्तिरूक्त ये मूर्द्ध तैलिकाः॥

(सु.उ.त. 18/49)

नासास्त्रोत में जो शोथ होता है, उसका लक्षण शोफविज्ञानीय अध्याय में कहे हुए लक्षणों के समान जाने तथा नासार्श के कारण, लक्षण निदान स्थान में वर्णित अर्श के लक्षण के समान जानें।

घ्राणाऽश्रितासृक्प्रभृतीन् प्रदूष्य कुर्वन्ति नासाश्र्वयथुं मल्लाश्च॥ (च.चि. 26/115)

नासिका स्त्रोत में कुपित हुए वात, पित्त और कफ नासिका में स्थित रक्त आदि धातुओं को दूषित कर शोथ उत्पन्न कर देते हैं। इसे नासाशोथ कहते हैं।

नासाशोथ 4 प्रकार के होते है–

1. वातज नासाशोफ 2. पित्तज नासाशोफ 3. कफज नासाशोफ 4. त्रिदोषज नासाशोफ

इनके लक्षण और चिकित्सा सामान्य शोफ के समान है।

नासाशोथ की आधुनिक मतानुसार Nasal oedema/inflammation कह सकते हैं।

The important causes of the Nasal oedema/inflammation are-

- Rhinitis – the most important cause.
- Vestibulitis.
- Furunculosis.
- Maggots in the nose.

Scanned with CamScanner

3.2.20-26 नासार्बुद

स्रोतः पथे यद्विपुलं कोशवच्चार्बुदं भवेत॥ (सु.उ.त. 22/20)

नासिका स्रोत में बड़ी और कोश सदृश वृद्धि को अर्बुद कहते हैं।

शालाक्यसिद्धान्तमवेक्ष्य वाऽपि सर्वात्मकं सप्तममर्बुदं तु। (सु.उ.त. 22/19)

शालाक्य में नासार्बुद के 7 प्रकार माने गए हैं।

1. वातज नासार्बुद 2. पित्तज नासार्बुद 3. कफज नासार्बुद 4. त्रिदोषज नासार्बुद
5. रक्तज नासार्बुद 6. मांसज नासार्बुद 7. मेदोज नासार्बुद

घ्राणे तथोच्छाससगतिं निरुध्य मांसास्त्रदोषादपि चार्बुदानि। (च.चि. 26/116)

मांस, रक्त और वातादि दोष दूषित होकर श्वास की गति को रोककर नासिका स्रोत में अर्बुद रोग को उत्पन्न करते हैं।

चिकित्सा

सुश्रुत ने नासार्बुद की चिकित्सा निदानोक्त अर्बुद में कही चिकित्सा के समान कही है।

दग्धेष्वर्शोर्बुदेषु च। निकुम्भकुम्भसिन्धूत्थमनोह्वालवणाऽग्निकैः।
कल्कितैर्घृतमध्वक्तां घ्राणे वर्तिं प्रवेशयेत्। (अ.हृ.उ.त. 20/24-25)

नासार्श और नासार्बुद में दाह कर्म करके दन्ती, निशोथ, सैन्धव, मैनसिल, हरताल, पिप्पली, चित्रक इनके कल्क को मधु और घृत में मिलाकर वर्ति बनाकर नासा में प्रविष्ट करें।

नासार्बुद को Nasal tumor कह सकते हैं।

NASAL TUMOURS

The important tumours of the nose are:

Benign

- Dermoid cyst - congenital.
- Keratosis.
- Schwannoma.
- Haemangioma.
- Rhinophyma - Potato tumor.
- Neurofibroma.
- Angiofibroma.

Malignant

- Basal cell carcinoma (Rodent ulcer)- The commonest.
- Squamous cell carcinoma.
- Adenocarcinoma.
- Melanoma – the least common.

3.2.27-31 पांच प्रकार के प्रतिश्याय

प्रतिश्याय के निदान

अवश्यायानिलरजोभाष्णातिस्वप्रजागरैः। नीचात्युच्चोपधानेन पीतेनान्येन वारिणा॥1
अत्यम्बुपान रमणच्छर्दिवाष्पग्रहादिभिः क्रुद्धा वातोल्बणादोषा नासायां स्त्यानतं गताः।
जनयन्ति प्रतिश्यायं वर्धमान क्षयप्रदम्॥2 (अ.हृ.उ.त. 19/1-2)

ओस, वायु, धूल, बहुत बोलने से, बहुत सोने से, बहुत जागने से, सिरहाने को बहुत नीचा या ऊंचा रखने से, अशुद्ध पानी पीने से, बहुत पानी पीने से, पानी में बहुत क्रीड़ा करने से, वमन तथा आंसुओं के वेग को रोकने से वात प्रधान दोष कुपित होकर नासिका से गाढ़े स्राव को उत्पन्न करते हैं तथा यह प्रतिश्याय बढ़कर क्षय को पैदा करता है।

प्रतिश्याय का पूर्वरूप

शिरोगुरुत्वं क्षवथोः प्रवर्तनं तथाङ्गमर्दः परिहृष्टरोमता।
उपद्रवाश्चाप्यपरे पृथग्विधा नृणां प्रतिश्यायपुरः सराः स्मृताः॥ (सु. उ. त. 24/5)

प्रतिश्याय के उत्पन्न होने से पहले सिर का भारीपन, छींक आना, अंगमर्द, रोमांच होना तथा अन्य उप्रदव होते हैं जैसे ज्वर, अरोचक आदि लक्षण दिखाई देते हैं।

प्रतिश्याय की सम्प्राप्ति

चयङ्गता मूर्धनि मारुतादयः पृथक्- समस्ताश्च तथैव शोणितम्।
प्रकोप्यमाणा विविधैः प्रकोपणैः नृणां प्रतिश्यायकरा भवन्ति हि॥ (सु. उ. त. 24/4)

वात, पित्त, कफ पृथक्-पृथक् अथवा सम्मिलित रूप से एवं रक्त अपने विभिन्न प्रकोपक कारणों से कुपित होकर मस्तिष्क में संचित होकर प्रतिश्याय उत्पन्न करते हैं।

वातिक प्रतिश्याय लक्षण

आनद्धा पिहिता नासा तनुस्रावप्रवर्तिनी। गलताल्वोष्ठशोषश्च निस्तोदः शङ्ख्योस्तथा॥6
स्वरोपघातश्च भवेत् प्रतिश्यायेऽनिलात्मके॥7 (सु. उ. त. 24/6-7)

नासिका रुका हुआ प्रतीत होता है, पतला स्राव निकलता है। कण्ठ, तालु ओष्ठ सूख जाते हैं, शंख प्रदेश में सूचीविद्धवत् वेदना होती है तथा स्वरभङ्ग ये लक्षण होते हैं।

वाग्भट ने सभी लक्षण सुश्रुत के समान माने हैं। इसके अतिरिक्त भ्रुवों के समीप चींटियों के चलने के समान प्रतीति तथा दन्तशूल भी माना है।

चिकित्सा

प्रतिश्याय की सामान्य चिकित्सा

नवं प्रतिश्यायमपास्य सर्वमुपचारेत्सर्पिष एवं पानैः।
स्वेदैर्विचित्रैर्वमनैश्च युक्तैः कालोपपन्नैरवपीड़नैश्च॥ (सु. उ. त. 24/18)

नव प्रतिश्याय को छोड़कर बाकी सब प्रतिश्यायों में घृतपान, स्वेदन, वमन तथा अवपीड़न नस्य दें।

वातिके तु प्रतिश्याये पिबेत् सर्पिर्यथाक्रमम्। पञ्चभिर्लवणैः सिद्धं प्रथमेन गणेन च॥
नस्यादिषु विधिं कृत्स्नमवेक्षेतार्दितेरितम्॥ (सु. उ. त. 24/25)

वातिक प्रतिश्याय में पंचलवण सिद्ध स्नेह का विधि पूर्वक पान करें और प्रथम (विदारीगन्धादि) सिद्ध घृत पीने को दें। अर्दित रोग में वर्णित नस्य विधि का प्रयोग करें।

वाग्भट ने भी यही चिकित्सा विधि का प्रयोग करने को कहा है।

Scanned with CamScanner

पैत्तिक प्रतिश्याय

उष्णःसपीतकः स्रावो घ्राणात् स्रवति पैत्तिके। कृशोऽतिपाण्डुः सन्तप्तो भवेत् तृष्णानिपीडितः।।
सधूमं सहसा वह्निं वमतीव च मानवः।। (सु. उ. त. 24/8)

नासिका से उष्ण तथा पीतवर्ण का स्राव निकलता है तथा रोगी दुर्बल, अत्यधिक पाण्डु वर्ण, गर्मी से सन्तप्त तथा प्यास से पीड़ित रहता है तथा ऐसा प्रतीत होता है की वह मनुष्य अपने मुख से धुएं के साथ आग को निकाल रहा है।

वाग्भट ने नासिका में फुन्सी, चक्कर आना, नासा के अग्रभाग में पाक अतिरिक्त लक्षण माने हैं।

चिकित्सा

सुश्रुत ने पित्तज तथा रक्तज प्रतिश्याय की चिकित्सा एक समान कही है।

- काकोल्यादि गण की औषधियों से सिद्ध घृत का पान।
- शीतल औषधियों के स्वरस द्वारा परिषेक करें।
- चंदन, कर्पूरादि शीतल द्रव्यों का सिर पर लेप करें।
- मुलेठी आदि द्रव्यों से विरेचन कराना चाहिए।
- श्रीवेष्टक, राल, लाल चंदन, शहद, शर्करा, मुनक्का, मुलेठी आदि द्रव्यों से घृत सिद्ध कर पान करें।

कफज प्रतिश्याय

कफः कफकृते घ्राणाच्छुक्लः शीतः स्रवेन्मुहुः। शुक्लावभासः शूनाक्षो भवेद् गुरुशिरोमुखः।
शिरोगलौष्ठतालुनां कण्डूयनमतीव च। (सु.उ.त. 24/9)

—नासिका से श्वेत स्राव बार-बार निकलता है तथा रोगी का शरीर श्वेत वर्ण का प्रतीत होता हैं, आँखें सूजी हुई सी, सिर तथा मुख पर भारीपन तथा सिर, कण्ठ, ओष्ठ और तालु में खुजली होती है।

वाग्भट मतानुसार कफज प्रतिश्याय में खांसी, अरुचि, सांस लने में कठिनाई, वमन, शरीर में भारीपन, मुख में मधुरता, कण्डू तथा चिकना और सफेद कफ बहता है।

चिकित्सा

घी के द्वारा स्नेहन करके तिल और उड़द से बनी यवागु पिला दें। फिर वमन कराना चाहिए। कफ को नष्ट करने वाली औषधियों का सेवन करें। बलाद्वय, छोटी कटेरी, बड़ी कटेरी, वायविड्ग, गोखरू आदि द्रव्यों से तिल तैल सिद्ध कर इसका नस्य में प्रयोग करें। त्रिवृत, अपामार्ग, देवदारू, दन्ती, हिंगोट से वर्ति बनाकर धूमपान करें।

आधुनिक मतानुसार इसे Chronic Rhinitis कह सकते हैं।

त्रिदोषज प्रतिश्याय

भूत्वा भूत्वा प्रतिश्यायो योऽकस्माद्विनिवर्त्तते।।10 सम्पक्वो वाऽप्यपक्वो वा स सर्वप्रभवः स्मृतः।
लिङ्गानि चैव सर्वेषां पीनसानां च सर्वजे।।11 (सु.उ.त. 24/10-11)

प्रतिश्याय बार-बार होता रहता है फिर एकाएक ठीक हो जाता है। इसमें प्रतिश्याय पक भी जाता है और कभी-कभी नहीं भी पकता है, इसे त्रिदोषज प्रतिश्याय कहते हैं। इसमें पीनस रोग के लक्षण मिलते हैं।

वाग्भट ने त्रिदोषज प्रतिश्याय में संपूर्ण दोषों के लक्षण माने हैं।

चिकित्सा

- कटु, तिक्त द्रव्यों से सिद्ध घृत का पान करें।
- तीक्ष्ण औषधियों का धूम्रपान करें।
- कटु औषधियों का चूर्ण सेवन, कवल, गुटिका, अवलेह, नस्य आदि के रूप में प्रयोग करना।

रक्तज प्रतिश्याय

रक्तजे तु प्रतिश्याये रक्तास्रावः प्रवत्तते। ताम्राक्षश्च भवेज्जन्तुरुरोघातप्रपीडितः।।
दुर्गन्धोच्छ्वासवदनस्तथा गन्धान्न वेत्ति च। मूर्च्छन्ति चात्र कृमयः श्वेताः स्निग्धास्तथाऽणवः।।
कृमिमूर्द्धविकारेण समानं चास्य लक्षणम्।। (सु.उ.त. 24/12-13)

नासिका से लाल वर्ण का स्राव होता है, रोगी की आखें ताम्रवर्ण की हो जाती है तथा उरोघात के लक्षण रहते हैं। उसके श्वास तथा मुख से दुर्गन्ध आती है, गंध का ज्ञान नहीं होता। नाक से श्वेत, स्निग्ध, छोटे-छोटे कृमि निकलते हैं तथा इसमें कृमिज शिरोरोग के लक्षण मिलते हैं।

अष्टांगहृदय मतानुसार दूषित रक्त नासिका की सिराओं में जाकर प्रतिश्याय करता है। छाती में जड़ता, आँखों में लालिमा, श्वास से दुर्गन्ध का आना, कर्ण, आँख, नासिका में खुजली और पित्तज प्रतिश्याय के लक्षण होते हैं।

चिकित्सा

सुश्रुत ने इसकी चिकित्सा का उल्लेख पित्तंज प्रतिश्याय की चिकित्सा के अन्तर्गत किया है।

आधुनिक मतानुसार इसका समन्वय Acute Rhinitis के साथ किया जा सकता है।

दुष्ट प्रतिश्याय

प्रक्लिद्यति पुनर्नासा पुनश्च परिशुष्यति। मुहुरानह्यते चापि मुहुर्विव्रियतेततथा।।
निःश्वसोच्छ्वासदौर्गन्ध्यं तथा गन्धान्न वेत्ति च। एवं दुष्टप्रतिश्यायं जानीयात् कृच्छ्रसाधनम्।। (सु.उ.त. 24/14-15)

नासिका कभी तो गीली हो जाती है तथा कभी सूख जाती है। कभी नासिका खुल जाती है, कभी बंद हो जाती है, सांस से दुर्गन्ध आती है तथा गंध का ज्ञान नहीं होता, इसको दुष्ट प्रतिश्याय कहते हैं तथा यह कृच्छसाध्य रोग है।

वाग्भट मतानुसार सभी प्रतिश्याय उपेक्षा करने पर दुष्ट प्रतिश्याय में परिणत हो जाते हैं। सभी इंद्रियों को पीड़ित करता है, अग्निमांद्य, ज्वर, श्वास, कास, छाती और पार्श्व में वेदना होती है। ये बिना कारण के ही बार-बार होता है। मुख से दुर्गन्धि, शोफ, नासिका में गीलापन और शुष्कता, नासिका का खुलना तथा बन्द होना बार-बार होता है। पूययुक्त, ग्रथित तथा कफ के समान स्राव होता है तथा इसमें लम्बे, स्निग्ध, श्वेत और सूक्ष्म कृमि पड़ जाते हैं।

चिकित्सा

वाग्भट मतानुसार दुष्ट प्रतिश्याय में यक्ष्मानाशक और कृमिनाशक चिकित्सा करें।

प्रतिश्याय में वर्जनीय

निर्वातशय्यासन चेष्टनानि मूर्ध्नो गुरुष्णञ्च तथैव वासः। (सु. उ. त. 24/21)
तीक्ष्ण विरेकाः शिरसः मधमा रुक्षं यवान्नं विजया च सेव्या।।

पैत्तिक प्रतिश्याय

उष्णःसपीतकः स्रावो घ्राणात् स्रवति पैत्तिके। कृशोऽतिपाण्डुः सन्तप्तो भवेत् तृष्णानिपीडितः॥
सधूमं सहसा वह्निं वमतीव च मानवः॥

(सु. उ. त. 24/8)

नासिका से उष्ण तथा पीतवर्ण का स्राव निकलता है तथा रोगी दुर्बल, अत्यधिक पाण्डु वर्ण, गर्मी से सन्ताप तथा प्यास से पीड़ित रहता है तथा ऐसा प्रतीत होता है की वह मनुष्य अपने मुख से धुएं के साथ आग को निकाल रहा है।

वाग्भट ने नासिका में फुन्सी, चक्कर आना, नासा के अग्रभाग में पाक अतिरिक्त लक्षण माने हैं।

चिकित्सा

सुश्रुत ने पित्तज तथा रक्तज प्रतिश्याय की चिकित्सा एक समान कही है।

- काकोल्यादि गण की औषधियों से सिद्ध घृत का पान।
- शीतल औषधियों के स्वरस द्वारा परिषेक करें।
- चंदन, कर्पूरादि शीतल द्रव्यों का सिर पर लेप करें।
- मुलेठी आदि द्रव्यों से विरेचन कराना चाहिए।
- श्रीवेष्टक, राल, लाल चंदन, शहद, शर्करा, मुनक्का, मुलेठी आदि द्रव्यों से घृत सिद्ध कर पान करें।

कफज प्रतिश्याय

कफः कफकृते घ्राणाच्छुक्लः शीतः स्रवेन्मुहुः। शुक्लावभासः शूनाक्षो भवेद् गुरुशिरोमुखः।
शिरोगलौष्ठतालुनां कण्डूयनमतीव च।

(सु.उ.त. 24/9)

—नासिका से श्वेत स्राव बार-बार निकलता है तथा रोगी का शरीर श्वेत वर्ण का प्रतीत होता हैं, आँखें सूजी हुई सी, सिर तथा मुख पर भारीपन तथा सिर, कण्ठ, ओष्ठ और तालु में खुजली होती है।

वाग्भट मतानुसार कफज प्रतिश्याय में खांसी, अरुचि, सांस लने में कठिनाई, वमन, शरीर में भारीपन, मुख में मधुरता, कण्डू तथा चिकना और सफेद कफ बहता है।

चिकित्सा

घी के द्वारा स्नेहन करके तिल और उड़द से बनी यवागु पिला दें। फिर वमन कराना चाहिए। कफ को नष्ट करने वाली औषधियों का सेवन करें। बलाद्वय, छोटी कटेरी, बड़ी कटेरी, वायविड्ग, गोखरू आदि द्रव्यों से तिल तैल सिद्ध कर इसका नस्य में प्रयोग करें। त्रिवृत, अपामार्ग, देवदारू, दन्ती, हिंगोट से वर्ति बनाकर धूमपान करें।

आधुनिक मतानुसार इसे Chronic Rhinitis कह सकते हैं।

त्रिदोषज प्रतिश्याय

भूत्वा भूत्वा प्रतिश्यायो योऽकस्माद्विनिवर्त्तते॥10 सम्पक्वो वाऽप्यपक्वो वा स सर्वप्रभवः स्मृतः।
लिङ्गानि चैव सर्वेषां पीनसानां च सर्वजे॥11

(सु.उ.त. 24/10-11)

प्रतिश्याय बार-बार होता रहता है फिर एकाएक ठीक हो जाता है। इसमें प्रतिश्याय पक भी जाता है और कभी-कभी नहीं भी पकता है, इसे त्रिदोषज प्रतिश्याय कहते हैं। इसमें पीनस रोग के लक्षण मिलते हैं।

वाग्भट ने त्रिदोषज प्रतिश्याय में संपूर्ण दोषों के लक्षण माने हैं।

चिकित्सा

- कटु, तिक्त द्रव्यों से सिद्ध घृत का पान करें।
- तीक्ष्ण औषधियों का धूम्रपान करें।
- कटु औषधियों का चूर्ण सेवन, कवल, गुटिका, अवलेह, नस्य आदि के रूप में प्रयोग करना।

रक्तज प्रतिश्याय

रक्तजे तु प्रतिश्याये रक्तास्रावः प्रवत्तते। ताम्राक्षश्च भवेज्जन्तुरुरोघातप्रपीडितः॥
दुर्गन्धोच्छासवदनस्तथा गन्धान्न वेत्ति च। मूर्च्छन्ति चात्र कृमयः श्वेताः स्निग्धास्तथाऽणवः॥
कृमिमूर्द्धविकारेण समानं चास्य लक्षणम्॥

(सु.उ.त. 24/12-13)

नासिका से लाल वर्ण का स्राव होता है, रोगी की आखें ताम्रवर्ण की हो जाती है तथा उरोघात के लक्षण रहते हैं। उसके श्वास तथा मुख से दुर्गन्ध आती है, गंध का ज्ञान नहीं होता। नाक से श्वेत, स्निग्ध, छोटे-छोटे कृमि निकलते हैं तथा इसमें कृमिज शिरोरोग के लक्षण मिलते हैं।

अष्टांगहृदय मतानुसार दूषित रक्त नासिका की सिराओं में जाकर प्रतिश्याय करता है। छाती में जड़ता, आँखों में लालिमा, श्वास से दुर्गन्ध का आना, कर्ण, आँख, नासिका में खुजली और पित्तज प्रतिश्याय के लक्षण होते हैं।

चिकित्सा

सुश्रुत ने इसकी चिकित्सा का उल्लेख पित्तंज प्रतिश्याय की चिकित्सा के अन्तर्गत किया है।

आधुनिक मतानुसार इसका समन्वय Acute Rhinitis के साथ किया जा सकता है।

दुष्ट प्रतिश्याय

प्रक्लिद्यति पुनर्नासा पुनश्च परिशुष्यति। मुहुरानह्यते चापि मुहुर्विव्रियतेततथा॥
निःश्वसोच्छासदौर्गन्ध्यं तथा गन्धान्न वेत्ति च। एवं दुष्टप्रतिश्यायं जानीयात् कृच्छ्रसाधनम्॥

(सु.उ.त. 24/14-15)

नासिका कभी तो गीली हो जाती है तथा कभी सूख जाती है। कभी नासिका खुल जाती है, कभी बंद हो जाती है, सांस से दुर्गन्धि आती है तथा गंध का ज्ञान नहीं होता, इसको दुष्ट प्रतिश्याय कहते हैं तथा यह कृच्छसाध्य रोग है।

वाग्भट मतानुसार सभी प्रतिश्याय उपेक्षा करने पर दुष्ट प्रतिश्याय में परिणत हो जाते हैं। सभी इंद्रियों को पीड़ित करता है, अग्निमांद्य, ज्वर, श्वास, कास, छाती और पार्श्व में वेदना होती है। ये बिना कारण के ही बार-बार होता है। मुख से दुर्गन्धि, शोफ, नासिका में गीलापन और शुष्कता, नासिका का खुलना तथा बन्द होना बार-बार होता है। पूययुक्त, ग्रथित तथा कफ के समान स्राव होता है तथा इसमें लम्बे, स्निग्ध, श्वेत और सूक्ष्म कृमि पड़ जाते हैं।

चिकित्सा

वाग्भट मतानुसार दुष्ट प्रतिश्याय में यक्ष्मानाशक और कृमिनाशक चिकित्सा करें।

प्रतिश्याय में वर्जनीय

निर्वातशय्यासन चेष्टनानि मूर्ध्नो गुरुष्णञ्च तथैव वासः।
तीक्ष्णा विरेकाः शिरसः सधूमा रुक्षं यवान्नं विजया च सेव्या॥

(सु. उ. त. 24/21)

Scanned with CamScanner

वायु रहित स्थान पर सोना, बैठना तथा क्रीड़ादि चेष्टाएँ करनी चाहिए। मस्तिष्क पर मोटा तथा गर्म वस्त्र लपेटना चाहिए तथा शरीर पर भी मोटे वस्त्र पहनने चाहिए। तीक्ष्ण औषधियों द्वारा विरेचन तथा शिरोविरेचन देना चाहिए। धूमपान, रुक्ष जौ की रोटी और विजया (हल्दी) का सेवन करना चाहिए।

शीताम्बुयोषिच्छिशिरावगाहचिन्ताऽतिरुक्षाशनवेगरोधान्।
शोकञ्च मद्यानि नवानि चैव विवर्जयेत पीनसरोगजुष्टः॥ (सु. उ. त. 24/22)

शीतल जल का पान अथवा स्नान, स्त्री प्रसङ्ग, ठंढे पानी में डुबकी लगाना, चिन्ता करना, अत्यधिक रुक्ष पदार्थों का सेवन, अधारणीय वेगों को धारण करना, शोक करना, नवीन मद्य को पीना ये सब पीनस रोगी के लिए वर्जनीय है।

अपच्यमानस्य हि पाचनार्थं स्वेदो हितोऽम्लैरहिमं च भोज्यम्।
निषेव्यमाणं पयसाऽऽद्रकं वा संपाचयेदिक्षुविकारयोगैः॥ (सु. उ. त. 24/19)

अपक्व प्रतिश्याय को पकाने के लिए कांजी आदि अम्ल द्रव्यों के द्वारा स्वेदन करना चाहिए तथा उष्ण भोजन करना चाहिए।

दूध में अदरक डालकर पकाकर पिलाना चाहिए एवं इक्षुरस से बने खाद्य पदार्थों का सेवन हितकर है।

पक्वं घनं चाप्यवलम्बमानं शिरोविरैकरपकर्षयेत्तम्।
विरेचनास्थापन धूमपानैरवेक्ष्य दोषान् कवलग्रहैश्च॥ (सु. उ. त. 24/20)

प्रतिश्याय पककर जब नासा में लटकता रहता है, तो तीक्ष्ण औषधियों के चूर्ण का नस्य देकर उसे निकाल देना चाहिए। शिरोविरेचन, कायविरेचन, आस्थापन वस्ति, धूमपान और कवल इनका दोषों के अनुसार प्रयोग करना चाहिये।

छर्द्यङ्गसादज्वरगौरवार्त्तमरोचकारत्यतिसारयुक्तं।
विलङ्घनैः पाचनदीपनीयैरुचापचरेत् पीनसिनं यथावत्॥ (सु. उ. त. 24/23)

वमन, अङ्गमर्द, ज्वर, गौरव, अरुचि, अरति और अतिसार आदि उपद्रवों से युक्त प्रतिश्याय के रोगी को लंघन तथा पाचन और दीपन औषधियों का सेवन करना चाहिए।

RHINITIS

Rhinitis is the inflammation of the nasal mucous membrane.

Types

- Acute Rhinitis.
- Chronic Rhinitis.
- Hypertrophic Rhinitis.
- Allergic Rhinitis.
- Atrophic Rhinitis.
- Vasomotor Rhinitis.

Acute Rhinitis can be viral or bacterial.

Rhinitis is commonly known as common cold (coryza).

Symptoms

- Burning sensation in the nasopharynx.
- Irritation and dryness in the nose.
- Rhinorrhoea.
- Sneezing.
- Nasal blockage.
- Shivering.
- Low grade fever.

Incubation Period 1 to 3 days.

Treatment

- Bed rest.
- Plenty of fluids.
- Antihistamines.
- Nasal decongestant.

The disease is usually self limiting.

Chronic Rhinitis

Recurrent attacks of acute rhinitis lead to Chronic Rhinitis.

Clinical Features

- Nasal discharge.
- Nasal obstruction.
- Headache.
- Post nasal discharge.

Treatment is same as that of acute rhinitis.

Hypertrophic Rhinitis

It is characterized by thickening of mucosa, bone and turbinates.

Etiology

- Recurrent nasal infections.
- Chronic sinusitis.

Symptoms

- Nasal obstruction is the predominant symptom.
- Nasal discharge is thick and sticky.
- Heaviness of head.

Signs

- Hypertrophy of turbinates.

Treatment

- Linear cauterization.
- Partial or total turbinectomy.

Allergic Rhinitis

It is a common disorder, which is characterized by spasmodic attacks of severe sneezing and rhinorrhoea.

Etiology

- Heredity.
- Inhalants like dust, pollens, animal odour, house dust etc.
- Climate - Air pollution makes nose susceptible to allergy.

Types

1. **Seasonal:** Symptoms appear in the particular season.
2. **Perennial:** Symptoms are present throughout the year.

Clinical Features

- Paroxysmal sneezing.
- Watery nasal discharge.
- Itching in the nose.
- Nasal obstruction.

Scanned with CamScanner

Treatment

- Avoidance of allergen.
- Antihistamines.

Vasomotor rhinitis

The condition is almost similar to allergic rhinitis but allergens are not the causative factors. The imbalance of autonomic nervous system is considered to be the cause.

Clinical Features are same but blocking and rhinorrhoea dominates.

3.2.32 पुटक

पित्तश्लेष्मावरुद्धोऽन्तर्नासायां शोषयेन्मरुत्।
कफं स शुष्कः पुटतां प्राप्नोति पुटकं तु तत्।। (अ. हृ. उ. 19/25)

पित्त एवम् कफ से अवरुद्ध वायु नासागत कफ को सुखा देती है। यह सूखा हुआ कफ चमड़े की पुट की तरह बन जाता है, इसको पुटक रोग कहते हैं।

चिकित्सा

क्षवथौ पुटकाख्ये च तीक्ष्णैः प्रधमनं हितम्।
शुण्ठी कुष्ठकणावेल्लद्राक्षाकल्ककषायवत्।।
साधितं तैलमाज्यं वा नस्यं क्षवपुटप्रणुत्। (अ. हृ. उ. 20/18)

क्षवथु और पुटक रोग में तीक्ष्ण द्रव्यों से प्रधमन नस्य दें। सोंठ, कूठ, पिप्पली, विडङ्ग, द्राक्षा इनके कल्क और कषाय से बनाया घृत या तैल से नस्य कर्म करें।

3.3 नासा परीक्षा

EXAMINATION OF NOSE

A patient with disease of nose presents with one or more of following complaints:

- Rhinorrhoea (Nasal discharge).
- Post nasal drip.
- Epistaxis.
- Disturbance of smell.
- Nasal obstruction.
- Sneezing.
- Snoring.

Nasal examination includes:

- Examination of external nose.
- Anterior rhinoscopy
- Functional examination of nose
- Examination of vestibule
- Posterior rhinoscopy

External Nose

The external nose is examined by both inspection and palpation. Skin is examined for signs of inflammation, scars, sinus, swelling or a neoplasm. Osteocartilaginous framework is examined for deformity like deviated nose, depressed bridge. Palpation of nose is done to find raised temperature, fixity of skin, tenderness and fluctuation.

Vestibule is the anterior skin part of nasal cavity having vibrissae and can be easily examined by tilting the tip of nose upwards. It is examined for furuncle, crusting and tumors.

Anterior Rhinoscopy

Anterior rhinoscopy is performed with the help of thudicum nasal speculum held in the left hand.

The palm of hand faces the examiner; hook of speculum is held on the index finger with thumb pressing the hook down on the finger.

The speculum should be introduced with closed blades.

Now slowly open the blades.

Observe if there is:

- Hypertrophy of turbinates.
- Perforation.
- Growth.
- Swelling.
- Septal deviation.
- Polyp.
- Discharge.

Posterior Rhinoscopy

The physician depresses tongue with tongue depressor and introduces post rhinoscopic mirror, which has been warmed. The mirror is held behind the soft palate.

Structures seen are:

- Posterior end of the nasal septum.
- Posterior end of middle, inferior and superior turbinates.

Functional Examination of nose

It is done to test patency of the nose and sense of smell. To test patency of nose, a clean cold tongue depressor is held below the nostrils and looked for the area of mist formation, when patient exhales and two sides are compared. A fluff of cotton is held against each nostril and its movement are noticed when patient breathes.

Sense of smell

To test the sense of smell, the patient is asked to identify the smell of solution held before the nostrils, keeping the eyes closed. Each nostril is tested separately. The common substances used are the clove oil, coffee, peppermint and essence of rose.

Scanned with CamScanner

3.4 नस्य

औषधमौषधसिद्धौ वा स्नेहो नासिकाभ्यां दीयत इति नस्यम्।

(सु.उ.त. 40/21)

औषध या औषध सिद्ध स्नेह का नासा छिद्रों के द्वारा प्रयोग को नस्य कहते हैं।

ऊर्ध्वजत्रुविकारेषु विशेषान्नस्यामिष्यते। नासा हि शिरसो द्वारं तेन तद्व्याप्य हन्ति तान्॥

(अ.हृ.सू. 20/1)

ऊर्ध्वजत्रुगत विकारों में विशेष रूप से नस्य का प्रयोग किया जाता है। नासा ही सिर का द्वार है, इसी के द्वारा सिर में व्याप्त होकर रोगों को नष्ट करता है।

नस्य की कार्मुकता

नासा हि शिरसोद्धारम्, तत्रवसेचितमौषध स्रोतः श्रृङ्गाटकं प्राप्य व्याप्य च मूर्धानं नेत्र श्रोतकण्ठादि सिरामुखानि च मुञ्जादीषीका मिवासक्तामूर्ध्वजत्रुगतां वैकारिकीमशेषामथुदोषं संहतिमुत्तम् अङ्गाद अपकर्षति।

(अ. स. सू. 29/3)

नासा ही शिर का द्वार है। नासिका से प्रयुक्त औषधि श्रङ्गाटक मर्म में पहुंचकर समस्त कण्ठ, नेत्र, कान की सिराओं में फैल जाती है। तथा उर्ध्वजत्रुगत विकारों को ऐसे निकाल देती है जैसे मूंज में से ईषी निकाल दी जाती है।

नासाया प्रणीयमानमौषधं नस्यम्।

नावनं नस्तः कर्मेति च संज्ञां लभते॥

(अ. सं. सू. 29/2)

नासिका द्वारा प्रयुक्त औषधि को नस्य कहते हैं। नावन एवम् नस्तः कर्म इसके पर्याय है।

नस्य भेद

चरक के मत से नस्य वर्गीकरण

१. नावन — स्नेहन, शोधन

२. अवपीड़ — शोधन, स्तम्भन

३. ध्मापन

४. धूम — प्रायोगिक, स्नैहिक, वैरेचनिक

५. प्रतिमर्श — स्नैहिक, रेचक

शार्ङ्गधर मतानुसार

शिरोविरेचन — अवपीड़, प्रधमन

स्नेहन — मर्श, प्रतिमर्श

सुश्रुत के मत से भेद -

1. नस्य 2. शिरोविरेचन 3. प्रतिमर्श 4. ध्मापन 5. अवपीड़

वाग्भट ने कर्म के अनुसार नस्य के 3 भेद माने हैं - विरेचन, बृंहण, शमन

नावन (नस्य)- नासिका द्वारा औषध डालने को नावन कहते हैं।

अवपीड़ नस्य

स्वरस को या क्वाथ को पिचु के द्वारा निचोड़ कर जो नस्य दिया जाता है, वह अवपीड़ नस्य है।

प्रधमन नस्य

चूर्ण का नस्य लेना ध्मापन (प्रधमन) नस्य है। 6 अंगुल लंबी और दोनों ओर से खुली नली के अंदर तीक्ष्ण द्रव्यों का सूक्ष्म चूर्ण। कोल भरकर, उसका एक सिरा नाक के छिद्र से लगाकर तथा दूसरे सिरे को मुख की हवा से फूंककर, औषध नासा में पहुंचाई जाती है। चूर्ण होने से यह दोषों को अधिक निकालता है। चूर्ण औषध नासास्रोत की श्लेष्मकला से चिपक जाता है और नासास्राव में पूर्णता घुलने तक निकलता नहीं है। अतः अधिक देर तक कार्य करने से अधिक दोषों को निकालता है। यह शरीर के स्रोतों का विशोधन करता है।

धूम नस्य - नासिका से औषध सिद्ध धूम को लेना धूम नस्य कहलता है।

विरेचन नस्य- यह नस्य तीक्ष्ण औषध द्रव्यों, क्वाथ या उसके रस को सिद्ध करके बनता है।

प्रतिमर्श नस्य

प्रतिमर्श नस्य का प्रयोग नाक की श्लेष्मकला के स्नेहन के लिए नित्य किया जा सकता है। अंगुली के दो पर्वों को स्नेह में लिप्त कर ऊपर की ओर खींचे। इसके लिए काल, वय आदि का विचार आवश्यक नहीं होता। इसका प्रयोग अधिकतर स्वस्थ व्यक्तियों में ही होता है।

सुश्रुत ने प्रतिमर्श नस्य के प्रयोग काल चौदह बताए हैं यथा-

1. प्रातःकाल शय्या त्यागने पर
2. दन्तधावन करने के बाद
3. घर से बाहर जाते समय
4. व्यायाम उपरांत
5. मैथुन उपरांत
6. मार्ग चलने से थकावट होने पर
7. मूत्र त्यागोपरांत
8. अधोवायु निवृत्ति पश्चात
9. कवल के पश्चात
10. अञ्जन लगाने के पश्चात
11. भोजन के बाद
12. छींक आने के बाद
13. दिन में सोकर उठने पर
14. सायंकाल में

प्रतिमर्श की मात्रा

इसमें स्नेह की मात्रा 2 बिन्दु होती है।

प्रतिमर्श नस्य के लक्षण-

नस्य में प्रयुक्त किया गया स्नेह जब छींक आने पर मुख में आ जाए तो उस प्रतिमर्श को प्रमाणानुकूल समझना चाहिए।

नस्य के लिए आयु

नस्य का प्रयोग 8 वर्ष की आयु से पूर्व और 80 वर्ष की आयु उपरांत नहीं करना चाहिए।

नस्य कर्म विधि

नस्य देने से पूर्व रोगी को मल-मूत्र त्याग करा, दन्तधावन व मुख को भीतर व बाहर से धोकर, नित्य कर्मों से निवृत्त हो जाने पर, सिर पर स्नेहन, स्वेदन करें। कण्ठ और ललाट को भी स्निग्ध करें। अल्प भोजन करवा कर

Scanned with CamScanner

निर्वात, धूम, धूलि रहित भूमि पर रोगी को उत्तान लिटाएं। यदि रोगी का सिर नीचे हो नस्य प्रयुक्त द्रव्य मस्तिष्क में ही रुक जाता है। ग्रीवा को तकिये पर रखकर सिर को कुछ तनाव दें। रोगी की बाहु व सक्थियों को प्रसार दें। चिकित्सक अपने हाथों के तलवों को अग्नि पर तपा-तपा कर जत्रु के ऊपरी भाग को बार-बार स्वेदित करें। नेत्र को स्वच्छ वस्त्र की चार-पांच तह बनाकर अच्छी तरह से ढक दें। इसके बाद वाम हाथ की तर्जनी के अग्रभाग से नासा का अग्रभाग उठा लें। दक्षिण हाथ द्वारा गर्म किया स्नेह पिचु द्वारा ईषदुष्णावस्था में डालें।

पश्चात कर्म

नस्य देने के उपरान्त पैर व हाथ के तलवे, स्कन्ध, कर्णमूल, ललाट, मन्याप्रदेश व गण्ड स्थल का सुख पूर्वक मर्दन करें, रोगी को उष्ण जल से कुल्ला करवाएं और उसे निर्वात स्थान पर रखें।

नस्य का धारण काल

नस्य लेने के बाद उत्तान स्थिति में 100 गिनने के समय तक लेटें, परन्तु सोना नहीं चाहिए। नस्य के धारण करने का काल दोष तथा बल के अनुसार 5, 7, 10 मात्रा तक है।

नस्य प्रयोग कालावधि

नस्य का प्रयोग 3, 5, 7, 9 दिन तक करना चाहिए। इसके बाद नस्य देने से वह सात्म्य हो जाता है। नस्य 1, 2, 3, 5, 7 अथवा 21 दिन के अन्तर या जब चिकित्सक उचित समझें, नस्य का प्रयोग करना चाहिए।

स्नेहन नस्यं नोपगिलेत् कथंचिदपि बुद्धिमान्।

श्रृङ्गाटकमभिप्लाव्य निरेति, वदनाद्यथा।

कफोत्क्लेशभयाच्चैनं निष्ठीवेदविधारयन्॥ (सु. चि. 40/29-30)

बुद्धिमान व्यक्ति को स्नेह नस्य कभी भी निगलना नहीं चाहिए क्योंकि श्रृङ्गाटक मर्म को आप्लावित कर यह मुख द्वारा बाहर निकल जाता है। इसलिए कफोत्क्लेश के भय से इसे मुख में धारण किए बिना थूक देना चाहिए।

दत्ते च पुनरपि संस्वेद्य गलकपोलादीन्

धूममासेवेत, भोजयेच्चैनमभिष्यन्दि ततोऽस्याचारिकमादिशेत्,

रजोधूमस्नेहातपमद्यद्रवपानशिरः स्नानाति यानक्रोधादीनि च परिहरेत्॥ (सु. चि. 40/31)

नस्य प्रयोग के बाद रोगी के गले, कपोल को सेककर धूम्रपान करना चाहिए और अभिष्यन्दी द्रव्य खिलाना चाहिए तथा उसे आचार विधि समझानी चाहिए। रोगी को धूल, धूम्र, स्नेह, धूप, मद्य, द्रवपान, शिरस्नान, अधिक सवारी तथा क्रोध आदि का त्याग करना चाहिए।

अयोगे वातवैगुण्यमिन्द्रियाणां च रुक्षता।

रोगशन्तिश्च तत्रैष्टं भूयो नस्यं प्रयोजयेत्॥ (सु. चि. 40/35)

वात वैगुण्य, इन्द्रियों में रुक्षता और विकार का शान्त न होना, ये लक्षण नस्य के अयोग से उत्पन्न होते है। इनमें पुनः नस्य का प्रयोग करना चाहिए।

नस्य के अयोग्य पुरुष

भोजन किये हुए, लंघन से युक्त, अपतर्पित, नवीन प्रतिश्याय से पीड़ित, गर्भवती, स्नेह, मद्य, जल आदि द्रव पीये हुए, अजीर्ण रोगी, वस्ति सेवन किये हुए, क्रुद्ध, विष से पीड़ित, तृष्णा से पीड़ित, शोक सन्तप्त, थका हुआ,

बालक, वृद्ध, अधारणीय वेगों को धारण करने वाला, शिर से स्नान की इच्छा वाले व्यक्ति को एवम् आकाश में जब बादल हो तब नस्य और धूम का सेवन नहीं करना चाहिए।

नस्येन रोगाः शाम्यन्ति नराणमूर्ध्वजत्रुजाः।

इन्द्रियाणां च वैमल्यं कुर्यादास्यं सुगन्धि च॥ (सु. चि. 40/54)

नस्य के प्रयोग से मनुष्य के उर्ध्वजत्रुगत रोग शान्त होते है, इन्द्रियां निर्मल होती है तथा मुख सुगन्धित होता है।

हनुदन्तशिरोग्रीवात्रिकबाहूरसां बलम्।

वलीपलितखालित्यव्यङ्गनां चाप्यसंभवम्॥ (सु. चि. 40/55)

हनु, दन्त, शिर, ग्रीवा, त्रिक (कटि), बाहु और वक्ष बलवान बनते हैं तथा वली, पलित, खालित्य एवम् व्यङ्ग रोगों की भी उत्पत्ति नहीं होती है।

दोष के अनुसार नस्य में प्रयुक्त स्नेह

कफयुक्त वातप्रकोप में तैल, केवल वात में वसा, पित्त में घृत तथा वातपित्त में मज्जा का प्रयोग करना चाहिए।

कफ स्थान का विरोधी न होने से इनमें तैल श्रेष्ठ होता है।

नस्य का काल

दोष व रोग अनुसार

- श्लेष्मा के रोगियों के लिए पूर्वाह्न में ।
- पित्तज के रोगियों के लिए मध्याह्न में ।
- वातज के रोगियों के लिए अपराह्न में ।
- अपतानक, शिरोरोग, मन्यास्तम्भ, हिक्का में प्रतिदिन, प्रातःकाल व सायं दे ।
- उत्कट रोग व सन्निपातज तन्द्रा में रात्रि के समय दें।

स्वस्थावस्था में

- शीतल काल हेमंत व शिशिर ऋतु में मध्याह्न के समय करते हैं ।
- शरद व बसंत ऋतु में प्रातःकाल दें।
- ग्रीष्म ऋतु में अपराह्न में।
- वर्षा ऋतु में सूर्योदय के समय नस्य करते हैं।

नस्य की स्नेह मात्रा (सुश्रुत मतानुसार)

- हीन मात्रा 16 बिन्दु ।
- मध्यम मात्रा 32 बिन्दु ।
- उत्तम मात्रा 64 बिन्दु ।

Scanned with CamScanner

विरेचन नस्य की मात्रा-
उत्तम मात्रा 8 बिन्दु
मध्यम मात्रा - 6 बिन्दु
हीन मात्रा - 4 बिन्दु

मर्श नस्य की मात्रा
उत्तम मात्रा 10 बिन्दु
मध्यम मात्रा 8 बिन्दु
हीन मात्रा 6 बिन्दु

नस्य का सम्यक योग

लाघवं शिरसो योगे सुखस्वप्नप्रबोधनम्।
विकारोपशमः शुद्धिरिन्द्रियाणां मनः सुखम्।। (सु.चि. 40/33)

नस्य के सम्यक प्रयोग से रोगी का सिर हल्का प्रतीत होता है, सुखपूर्वक निद्रा का आना, रोग का शमन, इंद्रियों की स्फूर्ति तथा मानसिक सुख की प्राप्ति होती है ।

3.5 PARANASAL SINUSES

The human skull contains four major pairs of hollow air filled cavities called sinuses. These are connected to space between the nostrils. Sinuses help insulate the skull, reduce its weight and allow resonance of voice. The four major pairs of sinuses are:

- Frontal sinuses (in the forehead).
- Maxillary sinuses (behind the cheek bones).
- Ethmoid sinuses (between the eyes).
- Sphenoid sinuses (behind the eyes).

Each is connected to the nasal cavity by narrow drainage tube (ostia). These tubes drain directly into lateral walls of interior nose through the intricate tissues of inner nose known as turbinates or conchae. The sinuses are lined with a ciliated mucous membrane known as mucoperiosteum. The inflammation of sinuses is known as sinusitis.

Anterior Sinus - Frontal, anterior and middle ethmoidal maxillary sinus opens into hiatus semilunaris.

Posterior Sinus - Posterior ethmoidal sinus opens into superior meatus and sphenoidal sinus opens into sphenopalatine recess.

Symptoms of Sinusitis

- Pain.
- Purulent nasal secretions.
- Nasal congestion.
- Postnasal drip.
- Teethache, if maxillary sinus is involved.
- Headache.
- Decreased sense of smell.

Signs

- Tenderness over the sinus (frontal, ethmoidal or maxillary).



Fig. 12 - Paranasal Sinuses

Treatment

- Appropriate antibiotic/antimicrobial agent like Amoxicillin, Cefaclor or Cefuroxime for 7 to 10 days.
- Nasal or oral decongestants.
- Surgical intervention.

Complications

- Orbital cellulitis.
- Inflammatory edema.
- Orbital abscess.
- Cavernous sinus thrombosis.

Scanned with CamScanner

अध्याय-4

मुखरोग

4.1 मुखशारीर

नवद्वारों में से एक मुख विवर है।

परिमाण - चतुरङ्गुलानि वदन--- (सु. सू. 35/13)

मुख की चौड़ाई चार अंगुल होती है।

आयाम - द्वादशांगुलानि मुखायाम (सु. सू. 35/13)

मुख की लम्बाई 12 अंगुल होती है।

4.1.1 मुख रोगों के अवयव

ओष्ठौ च दंतमूलानि, दंत जिह्वा च तालु च। गलौ मुखादिसकलं सप्ताङ्गं मुच्यते॥ (योगरत्नाकर)

मुख रोगों के 7 अवयव निम्न हैं -

1. दोनों ओष्ठ 2. दंतमूल 3. दंत
4. जिह्वा 5. तालु 6. कण्ठ 7. समग्न मुख

वाग्भट ने मुख रोगों के अवयव आठ माने हैं। वाग्भट ने गण्ड प्रदेश को भी मुख रोगों का अवयव माना है।

मत्स्यमाहिषवाराहपिशतामकमूलकम्। माषसूपदधिक्षीरसुक्तेक्षुरसफणितम्।
अवाक्शय्यां च भजतो द्विषतो दन्तधावनम्। धूमच्छर्दनगण्डूषानुचितं च सिराव्यधम्।
कुद्धाः श्लेष्मोल्वणा दोषाः कुर्वन्त्यन्तर्मुखे गदान्॥ (अ.हृ.उ.त. 21/1)

मछली, भैंस, सूअर का मांस, कच्ची मूली, उड़द की दाल, दही, सिरका, गन्ने का रस, राब का सेवन, मुख नीचे करके सोना, दातुन, धूम्रपान, वमन, गण्डूष, सिराव्यध इन कर्मों से द्वेष करने वाले व्यक्तियों में कफ कुपित होकर मुख रोग पैदा कर देता है।

4.2 मुख रोगों की संख्या

मुखरोगाः पञ्चषष्टिः सप्तस्वायतनेषु। तत्रायतनानि ओष्ठौ, दन्तमूलानि, दन्ताः, जिह्वा, तालु, कण्ठः, सर्वाणि चेति॥ (सु.नि. 16/3)

मुख रोगों की संख्या 65 है तथा 7 उनके आयतन (उत्पत्ति स्थल) हैं। वह यह है-

1. दोनों ओष्ठ 2. दन्तमूल 3. दन्त
4. जिह्वा 5. तालु 6. कण्ठ 7. सर्वसर मुख

तत्रोष्ठवोष्ठयोः पञ्चदश दन्तमूलेषु, अष्टौ दन्तेषु,
पञ्च जिह्वायाम्, नव तालुनि, सप्तदशं कण्ठे, त्रयः, सर्वेष्वायतनेषु॥ (सु.नि. 16/4)

उनमें से दोनों ओष्ठों में आठ, दन्तमूल में पन्द्रह, दांतों में आठ, जिह्वा में पांच, तालु में नौ, कण्ठ में सत्तरह तथा सकल मुख में तीन रोग होते हैं।

वाग्भट ने मुख रोग 75 माने हैं।

ओष्ठे गण्डे द्विजे जिह्वायां तालू के गले। वक्रे सर्वत्र चेत्युक्ताः पञ्चसप्ततिरामयाः।
एकादशैको दश च त्रयोदश तथा च षट्। अष्टावष्टादशाष्टौ च क्रमात्॥ (अ.हृ.उ.त. 21/66)

1. ओष्ठ-11 2. गण्ड-1 3. दांत-10 4. दन्तमूल-13
5. जिह्वा-6 6. तालु-8 7. कण्ठ-18 8. सर्वगत-8

इस प्रकार मुख गत रोग 75 होते हैं।

भावप्रकाश, योगरत्नाकर ने मुख रोगों की संख्या 67 मानी हैं।

1. ओष्ठ 8 2. दंतमूल 16 3. दंत 8
4. जिह्वा 5 5. तालु 9 6. कण्ठ 18 7. सर्वसर 3

चरक ने दोषों के अनुसार मुख रोग 4 माने हैं-

1. वातिक मुखरोग 2. पैत्तिक मुखरोग 3. कफज मुखरोग 4. सन्निपातिक मुखरोग

मुख रोगों की संख्या

क्र. सं.	मुख अवयव	सुश्रुत	वाग्भट	शार्ङ्गधर	भावमिश्र/योगरत्नाकर
1.	ओष्ठ	8	11	11	8
2.	दन्तमूल	15	13	13	16
3.	दन्त	8	10	10	8
4.	जिह्वा	5	6	6	5
5.	तालु	9	8	8	9
6.	कण्ठ	17	18	18	18
7.	सर्वगत	3	8	8	3
8.	गण्ड		1		
	कुल	65	75	74	67

✗ ✗ ✗

Scanned with CamScanner

अध्याय-5

ओष्ठगत रोग

5.1 ओष्ठ रोगों की संख्या

तत्रौष्ठप्रकोपा वातपित्तश्लेष्मसन्निपात रक्तमांसमेदोऽभिघातनिमिता:॥

(सु.नि. 16/5)

ओष्ठाश्रित आठ रोग हैं:

1. वातिक 2. पैत्तिक 3. कफज 4. त्रिदोषज 5. रक्तज 6. मांसज 7. मेदोज 8. अभिघातज

वाग्भट मतानुसार ओष्ठाश्रित रोग 11 हैं;

1. वातिक 2. पैत्तिक 3. कफज 4. त्रिदोषज 5. रक्तज 6. मांसज 7. मेदोज 8. अभिघातज 9. खण्डौष्ठ 10. जलार्बुद 11. अर्बुद

5.1.1 वातज ओष्ठ रोग

कर्कशौ परुषौ स्तब्धौ कृष्णौ तीव्र रुगन्वितौ। दाल्येते परिपाट्येते ह्योष्ठौ मारुतकोपत:॥

(सु. नि. 16/6)

वातज ओष्ठ प्रकोप में दोनों ओष्ठ खुरदरे, रुक्ष, स्तब्ध (कठिन), कृष्ण वर्ण के तथा उनमें तीव्र पीड़ा होती है। ओष्ठ में दरारें पड़ जाती हैं अर्थात् वह फट जाते हैं।

ओष्ठकोपे तु पवनात् स्तब्धावोष्ठौ महारुजौ। दाल्येते परिपाट्येते परुषासितकर्कशौ॥

(अ.हृ.उ.त. 21/3)

प्रकुपित वायु से ओष्ठ स्तब्ध तथा अधिक वेदना युक्त हो जाते हैं। ओष्ठ फट जाते हैं तथा कठिन, काले और रुक्ष होते हैं।

चिकित्सा

चतुर्विधेन स्नेहेन मधूच्छिष्टयुतेन च। वातजेऽभ्यञ्जनं कुर्यान्नाड़ीस्वेदं च बुद्धिमान्॥

(सु. चि. 22/3)

चारों स्नेह (घृत, तैल, वसा, मज्जा) में मोम मिलाकर अभ्यंग करना चाहिए और नाड़ी स्वेद का प्रयोग बुद्धिमान वैद्य को करना चाहिए।

विदध्यादोष्ठकोपे तु साल्वणं चोपनाहने। मस्तिष्के चैव नस्ये च तैलं वातहरं हितम्॥

(सु. चि. 22/4)

वातज ओष्ठ रोग में साल्वण की पुलटिस, शिरोवस्ति तथा वातहर द्रव्यों से सिद्ध तैल का नस्य हितकारी होता है।

श्रीवेष्टके सर्जरसं सुरदारु सगुग्गुलु। यष्टीमधुकचूर्णं तु विदध्यात् प्रतिसारणम्॥

(सु. चि. 22/5)

विरोजा, राल, देवदारु, गुग्गुल और मुलेठी के चूर्ण से प्रतिसारण करें।

महास्नेहेन वातौष्ठे सिद्धेनाक्तः पिचुर्हितः। देवधूपमधूच्छिष्टगुग्गुल्वमरदारुभि:।
यष्ट्याह्वचूर्णयुक्तेन तेनैव प्रतिसारणम्॥

(अ.हृ.उ.त. 22/3)

वातज ओष्ठ प्रकोप में राल, मोम, गुग्गुल और देवदारु से सिद्ध किया महास्नेह में भिगोया हुआ फोहा ओष्ठ पर लगाना चाहिए तथा महास्नेह में मुलहठी का चूर्ण मिलाकार प्रतिसारण करना चाहिए।

नाड्योष्ठं स्वेदयेद्दुग्धसिद्धैरेरण्डपल्लवै:।

(अ.हृ.उ.त. 22/4)

दूध से सिद्ध किए हुए एरण्ड के पत्रों की वाष्प नाड़ी द्वारा देकर स्वेदन करना चाहिए।

आधुनिक मतानुसार इसे Cracked Lips कह सकते हैं।

CRACKED LIPS

It is a condition with dry, cracked or sore lips; commoner in windy and winter weather. Sun exposure worsens the condition; also known chapped lips.

Etiology

- Dry weather.
- Cold weather.
- Mouth breathing.
- Vitamin B12 deficiency.
- Sore on lips.
- Licking lips too often.
- Contact dermatitis.

These diseases are associated with cracked lips:

- Dehydration.
- Sjogren's syndrome.

Treatment

- Intake of vitamin B12.
- Rehydration by drinking lot of water.
- Do not lick lips repeatedly.
- Apply moisturizing lotion on lips.
- Massaging lips with ghee.

5.1.2 पैत्तिक ओष्ठ रोग

आचितौ पिड़काभिस्तु सर्षपाकृतिभिर्भृशम्। सदाहपाकसंस्रावौ नीलौ पीतौ च पित्तत:॥

(सु.नि.16/7)

पित्त प्रकोप से ओष्ठ सरसों के प्रमाण की अनेक पिड़िकाओं से युक्त हो जाते हैं। उनमें जलन, पाक और स्राव होता है एवं वर्ण में नील और पीत दिखाई देते हैं।

पित्तात्तीष्णासहौ पीतौ सर्षपाकृतिभिश्चितौ। पिटिकाभिर्बुहक्लेदावाशुपाकौ॥

(अ.हृ.उ.त. 21/4)

पित्तज ओष्ठ प्रकोप में ओष्ठ तीक्ष्ण द्रव्य सहन नहीं कर सकते और पीले वर्ण के ओष्ठ हो जाते हैं तथा सरसों के आकार की पिड़िकाओं से युक्त हो जाते हैं। ओष्ठ में क्लेद होता है तथा जल्दी पक जाते हैं।

Scanned with CamScanner

चिकित्सा

पित्तरक्ताभिघातोत्थं जलौकोभिरुपाचरेत्। पित्तविद्रधिवच्चापि क्रियां कुर्यादशेषतः॥

(सु.चि. 22/6)

पित्तज, रक्तज और अभिघातज ओष्ठ रोग में जलौका के द्वारा रक्तमोक्षण करें तथा पित्तजविद्रधि की संपूर्ण क्रिया करें।

गुडूचीयष्टिपत्तङ्ग सिद्धमभ्यञ्जने घृतम्॥

(अ.हृ.उ.त. 22/6)

गिलोय, मुलहठी, पतंग से सिद्ध किये घृत से अभ्यंग करें।

पित्तविद्रधिवच्चात्र क्रिया।

(अ.हृ.उ.त. 22/6)

पित्तज विद्रधि के समान चिकित्सा करनी चाहिए।

आधुनिक मतानुसार इसे Aphthous ulcer कह सकते हैं।

APHTHOUS ULCER

Aphthous ulcer, also known as canker sore is typically recurrent round or oval sore that occurs inside the mouth on area where skin is not tightly bound to underlying bone on the inside of the lips.

Etiology

- Emotional stress.
- Nutritional deficiency particularly vitamin B12, iron and folic acid.
- Food allergies.
- Faulty immune system function.
- Mechanical trauma.
- Hormonal changes.

Types

These are of three types:

a. **Recurrent minor aphthous ulcers,** that occurs in upto 80% of cases. These are usually less than 5 mm in diameter and are round yellowish elevated spots with red halo. They heal within 1-2 weeks.

b. **Major aphthous ulcers,** which are large ulcers more than 10 mm that usually takes month to heal and do so with scarring.

c. **Herpetiform ulcers,** which are multiple pinpoint ulcers, that heals within a month. These are most commonly seen on the tongue.

Signs and Symptoms

- Painful sores inside the mouth.
- Tingling or burning sensation.
- Round, white or yellowish sores with red halo.

Treatment

- Antibacterial mouth wash e.g. Chlorhexidine.
- Reduce stress.
- Topical corticosteroids.

- Avoid food that exacerbates ulcers.
- Dietary supplement of vitamins.

5.1.3 कफज ओष्ठ रोग

सवर्णाभिस्तु चीयेते पिडकाभिरवेदनौ। कण्डूमन्तौ कफाच्छूनौ पिच्छिलौ शीतलौ गुरु॥

(सु.नि. 16/8)

कफ के प्रकोप से ओष्ठ त्वचा के समवर्ण वाली पिड़िकाओं से युक्त हो जाते हैं तथा वेदना रहित, कण्डूयुक्त, शोथ युक्त, चिपचिपे, ठंडे और भारी होते हैं।

-कफात्पुनः॥ शीतासहौ गुरु शूनौ सवर्णपिटिकाचितौ।

(अ.हृ.उ.त. 21/5)

कफज ओष्ठ रोग में ओष्ठ शीत स्पर्श को सहन नहीं कर सकते तथा भारी, शोथ युक्त और त्वचा के समान वर्ण वाली पिड़िकाओं से युक्त होते हैं।

चिकित्सा

त्र्यूषणं स्वर्जिकाक्षारो यवक्षारो विडं तथा। क्षौद्रयुक्तं विधातव्यमेतच्च प्रतिसारणम्॥

(सु.चि. 22/8)

त्र्यूषण (सोंठ, मरिच, पिप्पली), सज्जीक्षार, यवक्षार और विडनमक में मधु मिलाकर प्रतिसारण करें।

शिरोविरेचन धूमः स्वेदः कवल एव चं। हृते रक्ते प्रयोक्तव्यमोष्ठकोपे कफात्मके।

(सु.चि. 22/7)

कफज ओष्ठ रोग में रक्तमोक्षण के बाद शिरोविरेचन, धूम, स्वेद और कवल का प्रयोग करें।

-ओष्ठे तु कफातुरे। पाठाक्षारमधुव्योषैर्हृतास्त्रे प्रतिसारणम्।

धूमनावनगण्डूषाः प्रयोज्याश्च कफच्छिदः॥ (अ.हृ.उ.त. 22/7-8)

रक्तमोक्षण के बाद पाठा, क्षार, मधु, त्रिकटु को मिलाकर प्रतिसारण करें तथा कफनाशक धूम, नस्य और गण्डूष का प्रयोग करें।

आधुनिक मतानुसार इसका सामन्जस्य Macrochelia से किया जा सकता है। कई स्थानों पर इसकी तुलना Herpes labialis के साथ की जाती है। परंतु Herpes labialis का पीड़ायुक्त होना, त्वचा से भिन्न वर्ण की पिड़काएं उभरना आदि के कारण कफज ओष्ठ रोग से Herpes labialis का सामन्जस्य नहीं हो सकता।

5.1.4 सन्निपातिक ओष्ठ रोग

सकृत्कृष्णौ सकृत्पीतौ सकृच्छ्वेतौ तथैव च। सन्निपातेन विज्ञेयावनेक पिडकाचितौ॥

(सु.नि. 16/9)

सन्निपातिक ओष्ठ प्रकोप में ओष्ठ कभी काले, कभी पीले और श्वेत दिखाई देते हैं तथा विविध प्रकार को पिड़िकाओं से युक्त होते हैं।

सन्निपातादनेकाभौ दुर्गन्धास्त्रावपिच्छिलौ। अकस्मान्म्लानसंशूनरूजौ विषमपाकिनौ।

(अ.हृ.उ.त. 21/6)

सन्निपातिक ओष्ठ रोग में ओष्ठ अनेक वर्ण के हो जाते हैं तथा उनमें से दुर्गन्धित, गाढ़ा स्राव निकलता है। अकस्मात् ही निस्तेज, सूजे हुए, पीड़ा युक्त तथा कहीं से पके और कहीं से नहीं पके होते हैं।

Scanned with CamScanner

चिकित्सा

सुश्रुत और अष्टांगहृदय में इसकी चिकित्सा का वर्णन नहीं मिलता है।

आधुनिक मतानुसार इसे Carcinoma of lips कह सकते हैं।

5.1.5 रक्तज ओष्ठ रोग

खर्जूरफलवर्णाभिः पिड़काभिः समाचितौ। रक्तोपसृष्टौरुधिरंस्रवतः शोणितप्रभौ॥

(सु.नि. 16/10)

रक्तज ओष्ठ रोग में ओष्ठ खर्जूर फल के समान वर्ण वाली पिड़िकाओं से युक्त होते हैं तथा उनसे रक्त निकलता है तथा ओष्ठ देखने में लाल होते हैं।

रक्तोपसृष्टौ रुधिरं स्रवः शोणितप्रभौ॥ खर्जूरसदृशं चात्र क्षीणे रक्तेऽर्बुदं भवेत्।

(अ.हृ.उ.त. 21/7)

रक्तज ओष्ठ रोग में ओष्ठों से रक्त बहता है, ओष्ठ रक्त वर्ण के हो जाते हैं तथा रक्त के क्षीण हो जाने पर खर्जूर फल के समान अर्बुद हो जाता है।

चिकित्सा

सुश्रुत तथा वाग्भट ने इसकी चिकित्सा पित्तज ओष्ठ रोग के समान कही है।

आधुनिक मतानुसार इसे Granuloma of lips कह सकते हैं।

5.1.6 मांसज ओष्ठ रोग

मांसदुष्टौ गुरु स्थूलौ मांसपिण्डवदुद्गतौ। जन्तवश्चात्र मूर्च्छन्ति सृक्कस्योभयतो मुखात्॥

(सु.नि. 16/11)

मांसज ओष्ठ रोग में ओष्ठ भारी, मोटे तथा मांस के पिंड के समान उभरे हुए प्रतीत होते हैं तथा इसमें सृक्क (ओष्ठ प्रान्त के कोने) में कृमि पड़ जाते हैं।

मांसपिण्डोपमौ मांसात्स्यातां मूर्च्छत्कृमी क्रमात्॥ (अ.हृ.उ.त. 21/8)

इसमें ओष्ठ मांस पिण्ड के समान हो जाते हैं तथा कालान्तर में इनमें कृमि पड़ जाते हैं।

वाग्भट और सुश्रुत ने इसकी चिकित्सा का वर्णन नहीं किया है।

आधुनिक मतानुसार इसका सामञ्जस्य Maggots in lips के साथ किया जा सकता है।

5.1.7 मेदोज ओष्ठ रोग

मेदसा घृतमण्डाभौ कण्डूमन्तौ स्थिरौ मृदू। अच्छस्फटिकसङ्काशमास्रावं स्रवतो गुरू॥

(सु.नि. 16/12)

मेदोदुष्टि से ओष्ठ घृत मण्ड के समान आभा वाले, कण्डूयुक्त, स्थिर और मृदु होते हैं तथा इनसे स्वच्छ स्फटिक के समान स्राव निकलता है और भारी होते हैं।

तैलाभश्वयथुक्लेदी सकण्डूकौ मेदसा मृदू॥ (अ.हृ.उ.त. 21/8)

मेदोज ओष्ठ रोग में ओष्ठ तैल के समान कान्ति वाले, शोथ युक्त, चिपचिपे, कण्डूयुक्त तथा मृदु होते हैं।

चिकित्सा

मेदोजे स्वेदिते भिन्ने शोधिते ज्वलनो हितः। प्रियङ्गु त्रिफलालोध्रं सक्षौद्रं प्रतिसारणम्॥

(सु.चि. 22/9)

इसमें स्वेदन के बाद भेदन करें तथा अग्नि कर्म करें तथा प्रियंगु, त्रिफला, लोध्र, मधु से प्रतिसारण करें।

वाग्भट ने भी यही चिकित्सा करने को कहा है।

आधुनिक मतानुसार इसे Cheilitis कह सकते हैं।

CHEILITIS

Cheilitis is the inflammation of the lips. Cheilitis is dryness and uncomfortable sensation of lips with scaling, cracking and accompanied by characteristic burning sensation.

Angular Cheilitis Also known as Perleche; is an inflammatory lesion at the corners of mouth and often occurs bilaterally. The condition manifests as deep cracks.

Etiology

- Ill fitted dentures.
- Licking lips.

Symptoms

- Cracking of lips.
- Painful inflammation.
- Weeping at corners of mouth.

Treatment

- Eliminating causes such as oral habits or poorly fitted dentures.
- Sterioids or antifungal medications are applied to the skin.

5.1.8 अभिघातज ओष्ठ रोग

क्षतजाभौ विदीर्येते पाट्येते चाभिघाततः। ग्रथितौ च समाख्यातावोष्ठौ कण्डूसमन्वितौ॥

(सु.नि. 16/13)

अभिघातज ओष्ठ रोग में ओष्ठ रक्त के समान रंग वाले, विदीर्ण, छिन्न, गांठदार होते हैं तथा उनमें खुजली होती है।

वाग्भट ने अभिघातज ओष्ठ रोग का क्षतज ओष्ठ रोग के नाम से वर्णन किया है।

क्षतजाववदीर्येते पाट्येते चासकृत्पुनः॥ ग्रथितौ च पुनः स्यातां कण्डूलौ दशनच्छदौ।

(अ.हृ.उ.त. 21/9)

क्षतज ओष्ठ रोग में आघात के कारण ओष्ठ फट जाते हैं तथा पुनः जुड़ जाते हैं ऐसा अनेक बार होकर ग्रंथियों की उत्पत्ति हो जाती है तथा कण्डू होता है।

चिकित्सा

सुश्रुत और वाग्भट ने इसकी चिकित्सा पैत्तिक ओष्ठ रोग के समान कही है।

Scanned with CamScanner

5.1.9 खण्डौष्ठ

तत्र खण्डौष्ठ इत्युक्तो वातेनौष्ठो द्विधा कृतः॥ (अ.हृ.उ.त. 21/1)

वायु के कारण ओष्ठ दो भागों में विभक्त हो जाए, उसे खण्डौष्ठ कहते हैं।

चिकित्सा

खण्डौष्ठस्य विलिख्यान्तौ स्यूत्वा व्रणवदाचरेत्। यष्टिज्योतिष्मतीरोध्रश्रावणी सारिवोत्पलैः॥
पटोल्या काकमाच्या च तैलमभ्यञ्जनं पचेत्। वस्त्रं च तैलं वातघ्नमधुरस्कन्धसाधितम्॥

(अ.हृ.उ.त. 22/1-2)

खण्डौष्ठ में लेखन करके सीवन कर्म करें और व्रणरोपण की तरह चिकित्सा करें। मुलहठी, मालकांगनी, लोध्र, मूर्वा, सारिवा, कमल, पटोल और मकोय से तैल सिद्ध कर अभ्यंग करें।

आधुनिक मतानुसार इसे Cleft lip कह सकते हैं।

CLEFT LIP

Congenital, deformed lips usually the upper one, in which there is vertical fissure causing it to resemble cleft lips of hare. This happens when the tissue that forms the roof of mouth and lips don't join before the birth. The problem can range from small notch in the lip to a groove that runs into roof of mouth and nose. The incidence of cleft lip is approximately 1 in 1000 live births.

Types

- Unilateral (occur on one side).
- Bilateral (on both sides of mouth).
- Complete (extends upto nasal cavity).
- Incomplete (may extend partially from the lip towards nose).

Etiology: The exact etiology is not known.

The probable causes are:

- Poor maternal diet.
- Exposure to radiations during pregnancy.
- Anticonvulsants and anticancerous drugs.
- Use of excessive alcohol or smoking during the pregnancy.

Problems associated with cleft lip

- Cosmetic problems
- Difficulty in sucking.
- Growth retardation.
- Hearing problems.
- Defective dentition: Teeth may come out through the gap.
- Recurrent ear infections.
- Nasal regurgitation during bottle feeding.
- Deformed nostrils.
- Defective speech particularly with labial letters B, F, M, P, V.

Fig. 13 - Cleft Lip

Treatment

- Hold infant in upright position to avoid nasal regurgitation.
- Breast feeding should be recommended.
- **Surgical:** Main treatment is surgical. The lip is normally repaired at about 10 weeks after birth. Bilateral cleft lips are repaired one side at a time so that tension created by the closure of one side helps to reposition the maxilla. After this, speech therapy, ENT and orthodontic supervision follows.

5.1.10 जलार्बुद

जलबुद्बुदवद्वातकफादोष्ठे जलार्बुदम्। (अ.हृ.उ.त. 21/10)

दूषित वायु और कफ से ओष्ठ में जल के बुलबुले की तरह जो अर्बुद होता है, उसे जलार्बुद कहते हैं।

चिकित्सा

सक्षौद्रा घर्षणं तीक्ष्णा भिन्नशुद्धे जलार्बुदे। अवपाटेऽतिवृद्धे वा क्षारोऽग्निर्वा प्रतिक्रिया॥

(अ.हृ.उ.त. 22/10)

जलार्बुद में भेदन करके जल निकालने के बाद तीक्ष्ण द्रव्यों को मधु में मिलाकर प्रतिसारण करें। यदि अर्बुद बहुत बड़ा हो तो क्षार या अग्नि कर्म करें।

आधुनिक मतानुसार इसे Cyst in the lips कह सकते हैं।

5.1.11 अर्बुद

रक्तज ओष्ठ रोग में रक्त के क्षीण होने पर खजूर की आकृति का अर्बुद उत्पन्न हो जाता है।

5.2 गण्डालजी

गण्डालजी स्थिरः शोफो गण्डे दाहज्वरान्वितः। (अ.हृ.उ.त. 21/66)

गण्ड स्थल में अचल शोथ हो तथा दाह और ज्वर से युक्त हो, उसे गण्डालजी कहते हैं। वाग्भट ने गण्ड स्थल का एक ही रोग माना है।

चिकित्सा

(अ.हृ.उ.त. 22/66)

आमपच्यमानपक्वान्गण्डालजीं शोफवदाचरेत्।

आमावस्था, पच्यमानावस्था और पक्वावस्था को ध्यान में रखते हुए गण्डालजी में शोथ की तरह चिकित्सा करें।

आधुनिक मतानुसार इसे Cellulitis of cheek कह सकते हैं।

× × ×

अध्याय-6

दन्तगत रोग

दंत शारीर

इह खलु नृणां द्वात्रिंशतिदन्ता:, तत्रष्टौ सकृत् जाता,

स्वरूढदन्ता भवन्ति, अत: शेषा द्विजा:॥

(काश्यप सूत्र स्थान 20)

मानवों में बत्तीस दांत पाये जाते हैं। इनमें से केवल एक बार उगने वाले आठ सकृत्जात होते है व शेष 24 दो बार उगते हैं, इन्हें द्विज कहते हैं।

दांतों के प्रकार

क्र. सं.	आयुर्वेद	आधुनिक
1.	राजदन्त	Central Incisors
2.	बस्त	Lateral incisors
3.	दंष्ट्रा	Canine
4.	हानव्य	Premolars & Molars

INTRODUCTION

Teeth form a part of masticatory apparatus. Humans usually have 20 primary (deciduous) teeth followed by 32 permanent teeth. Among primary teeth, 10 are found in maxilla and 10 in mandible. In permanent dentition, each set of the jaw contains 16 teeth.

Teeth are classified as incisors, canines and molars. In the primary set of teeth, there are two types of incisors i.e. central and lateral and two type of molars first and second and there is one canine between incisors and molars in each quadrant. In permanent set, there are two incisors, one canine, two premolars and three molars in each quadrant totaling to thirty-two .

Incisors: Humans have eight incisors, located at the front of mouth, four in the upper jaw and four in the lower jaw. Incisors have a sharp edge that is used to cut food.

Canines: Also known as cuspids. They are next to the incisors and there is one tooth per quadrant. They are used in tearing the food .

Premolars: Also known as bicuspids because they have two cusps or projections on the surface of teeth. They are in between molars and cuspids and there are two teeth per quadrant. They seize and shear the food.

Molars: They are usually three per quadrant. They are used for grinding the food.

Teeth Surfaces

Facial: Outer surface of teeth. Facial surface for premolars and molars is known as buccal surface whereas facial surface for incisors and canines is known as labial surface.

Lingual: Surface of the tooth adjacent to the tongue.

Distal: Surface of the tooth away from the midline.

Mesial: Surface of the tooth towards the midline.

Occlusal: The biting surface of the teeth.

Dental Formula

The number of teeth of each type is written as a dental formula for the one side of mouth with the upper and lower teeth shown on separate rows. The number of teeth in the mouth is twice as there are two sides.

Dental formula for permanent teeth

2	1	2	3
2	1	2	3

Dental formula for deciduous teeth:

2	1	0	2
2	1	0	2

In each set, first digit indicates incisors, second canine, third premolars and fourth one indicates molars.

Tooth Eruption

Type of Tooth	Deciduous Teeth	Permanent Teeth
Incisors	6-10 months	7-8 years
Canines	16-20 months	11 years
Premolars	.....	11-13 years
Molars	10-24 months	6-25 years

दन्त शारीर (Dental Anatomy)

Each tooth is composed of enamel, dentin, cementum and pulp.

- **Enamel** The outer surface of tooth is covered by a layer of enamel that is formed by special epithelial cells called ameloblasts. Once tooth has erupted, no more enamel is formed. Enamel is composed of very large and very dense crystals of hydroxyapatite and ions like carbonate, sodium, magnesium and potassium. Enamel is the hardest substance of the body. Enamel is very brittle structure Enamel covers the crown of tooth and is semitranslucent. It appears bluish white at thick areas and yellowish at thin and is selectively permeable. areas.

- **Dentin** is the largest portion of tooth and gives basic shape to it. Dentin is covered by the enamel in the crown and cementum in the root. It is yellowish in colour and considered as a living tissue. The main body of the tooth is composed of dentin which has strong bony

structure. Dentin is made up principally of hydroxyapatite crystals similar to those in bone but much more dense. These crystals are embedded in strong meshwork of collagen fibers. Dentin is made of odontoblasts which line its inner surface.

- **Cementum** is modified type of bone. It extends from cemento enamel junction up to apical foramen i.e. opening in end of root of tooth through which blood, nerves pass to pulp. It is light yellow in colour. It is secreted by cells of periodontal membrane.
- Pulp is a connective tissue that occupies pulp cavity in the central part of tooth. It is composed of nerves, lymph channels, arteries, veins and fine fibers.



Fig. 11 - Saggital section of tooth

Dental Examination

The teeth are examined for caries, developmental defects, hypersensitivity, anomalies of tooth form and wasting.

Wasting disease of the teeth.

Wasting is defined as gradual loss of tooth substance. It's various forms are abrasion, attrition and erosion.

Abrasion - It is loss of tooth substance induced by mechanical wear other than that of mastication. Eg. faulty habits such as holding objects eg. pin between the teeth, hard bristle tooth brush, wrong method of toothbrushing especially horizontal brushing at right angles to the vertical axis of the teeth results in greatest loss of tooth substance.

Attrition - Attrition is dental wear caused by teeth against teeth. A certain amount of tooth wear is physiologic. Tooth surface worn by attrition is called facet.

Erosion is the wear of the nonoccluding tooth surface. There is wedge shaped depression in the facial cervical areas of the tooth. Causative factors are dietary habits (e.g. citrus fruits, carbonated drinks), digestive system regurgitation.

अधिदन्तकमालिप्तं यदा क्षारेण जर्जरम्। कृमिदन्तमिवोत्पाट्य तद्वचोपच्चरेत्तदा।।

अनवस्थिमरक्ते च दग्धे व्रण इव क्रिया।

(अ.हृ.उ.त. 22/16)

अधिक दांत पर क्षार लगाएं, जब वह जर्जरित (ढीला) हो जाए, तब कृमिदन्त की भांति उसको उखाड़ कर सब क्रियाएं कृमिदन्त के समान करें। यदि दग्ध करने पर रक्त न रुके तो व्रण के समान चिकित्सा करें।

आधुनिक मतानुसार संख्या वृद्धि करने के कारण इसे Extra tooth की श्रेणी में रखा जा सकता है, परंतु Extra tooth में अधिदन्त का 'पीड़ा' लक्षण नहीं पाया जाता है।

7.1.10 अधिमांस

हानव्ये पश्चिमे दन्ते महाञ्छोथो महारुजः। लालास्त्रावी कफकृतो विज्ञेयः सोऽधिमांसकः।।

(सु.नि. 16/27)

हनु के अंतिम दांत में महान शोथ हो जाता है तथा उसमें तीव्र पीड़ा और लालास्राव होता है, इस कफज व्याधि को अधिमांस कहते हैं।

दन्तान्ते कीलवच्छोफो हनुकर्णरुजाकरः।। प्रतिहन्त्यभ्वहृतिं श्लेष्मणा सोऽधिमांसकः।

(अ.हृ.उ.त. 21/27)

दांतों के अंत में कील की तरह सूजन हो जाए, हनुसंधि और कर्ण में पीड़ा हो तथा आहार करने में कठिनाई होती है। इस कफजन्य व्याधि को अधिमांसक कहते है।

चिकित्सा

छित्त्वाऽधिमांसं सक्षौद्रैरेभिश्चर्णैरुपाचरेत्। वचातेजोवतीपाठास्वर्जिकायावशूकजैः।।

क्षौद्रद्वितीयाः पिप्पल्यः कवलश्चत्र कीर्तितः।। पटोलत्रिफलानिम्बकषायश्चअत्र धावने।

हितः शिरोविरेकश्च धूमो वैरचनश्च यः।।

(सु.चि. 22/24-25)

अधिमांस को काटकर वच, तेजबल, पाठा, सज्जीक्षार, यवक्षार के चूर्ण में मधु मिलाकर लगाना चाहिए तथा पिप्पली और शहद का कवल धारण करें। मुख धावन के लिए पटोल, त्रिफला और नीम का क्वाथ लें। शिरोविरेचन और वैरेचनिक धूम का प्रयोग हितकर होता हैं।

वाग्भट मतानुसार अधिमांस का छेदन करके प्रतिसरण और कवल करें।

आधुनिक मतानुसार इसे Impacted tooth कह सकते हैं।

IMPACTED TOOTH

An impacted tooth is one that is prevented from reaching its normal position in the mouth by tissue, bone or another tooth. The tooth either become stuck under the gum or erupt partially. The most commonly impacted tooth is maxillary third molar followed by mandibular third molar.

Impacted tooth is mainly due to tooth and jaw size discrepancy i.e. if tooth size is large or small in comparison to Jaw. IIIrd molar is last to erupt so it has minimum space to erupt in the oral cavity so usually impacted.

Etiology

- Increased density of the overlying bone or mucosa.
- Decreased size of human jaw (Micrognathia) - It has been found that with advancement of modern civilization; jaws are becoming progressively smaller in size. Due to change in the dietary pattern; soft foods hardly needs mastication hence do not provide stimulus for the proper growth of jaw.
- Infection of bone.
- Heredity - Parents who have impacted teeth are likely to pass on the trait to their children.
- Systemic diseases like rickets, anemia, congenital syphilis, TB, endocrine dysfunctions, malnutrition etc have been found to be associated with impacted tooth.
- Early extraction or over retention of deciduous teeth.
- Skeletal deformities like oxycephaly.

Signs and Symptoms

- Pain can vary in character from slight pain to severe excruciating type and may be referred to ears.
- Trismus i.e. difficulty in opening the mouth.
- Tenderness.
- Fracture of jaw.
- Unpleasant taste when biting near the area.
- Swollen lymph nodes.
- Halitosis.
- Swelling around the gums.
- Prolonged headache.
- Pain, infection, earaches.

Diagnosis is based on clinical and radiological examination.

Classification

- Vertical
- Horizontal
- Mesioangular
- Distoangular

Treatment

- Removal of tooth.
- Antibiotics.
- Analgesics.

7.1.11-15 दन्तनाड़ी

दन्तमूलगता नाड्य पश्च ज्ञेया यथेरिताः।।

(सु.नि. 16/28)

दन्तमूल में उत्पन्न पांच प्रकार के दंतनाड़ी रोग होते हैं।

1. वातिक दन्तनड़ी
2. पैत्तिक दन्तनाड़ी
3. कफज दन्तनाड़ी
4. सन्निपातज दन्तनाड़ी
5. शल्यज दन्तनाड़ी

Scanned with CamScanner

दन्तमांसाश्रितान् रोगान् यः साध्यानप्युपेक्षते।। अन्तस्तस्यास्त्रवन् दोषः सूक्ष्मां सञ्जनयेदतिम्।
पूयं मुहुः सा स्रवति त्वङ मांसास्थिप्रभेदिनी।। ताः पुनः पञ्च विज्ञेया लक्षणैः स्वैर्यथादितैः।

(अ.हृ.उ.त. 21/29-30)

दंतमूल में आश्रित साध्य रोगों की उपेक्षा करने से वह दोष दन्तमांस के अंदर सूक्ष्म गति को उत्पन्न करता है, उसमें से बार-बार पूय का स्राव होता है और वह त्वचा, मांस और अस्थि का भेदन करता है। वह पूय की गति पांच प्रकार की होती है तथा इनके लक्षण दोषों के अनुसार जानने चाहिए।

चिकित्सा

सामान्यं कर्म नाड़ीनां विशेषं चात्र मे श्रृणुं। नाड़ीव्रणहरं कर्म दन्तनाड़ीषु कारयेत्।।
यं दन्तमधिजायते नाड़ी तं दन्मुद्धरेत्। छित्त्वा मांसानि शस्त्रेण यदि नोपरिजो भवेत्।।
शोधयित्वा दहेच्चपि क्षारेण ज्वलनेन वा। भिनत्त्युपेक्षिते दन्ते हनुकास्थिगतिर्ध्रुवम्।
समूलं दशनं तस्मादुद्धरेद्ध्रग्नमस्थिरम्।।

(सु.चि. 22/26-28)

दन्तनाड़ी में सामान्य नाड़ी की चिकित्सा विधि का प्रयोग किया जाता है। विशेष चिकित्सा निम्न है:-

जिस दांत के मूल में नाड़ीव्रण हो, उसमें मसूड़ों के मांस को शस्त्र से काट कर दांत को निकाल देना चाहिए। यह विधि ऊपर की दन्तनाड़ी में नहीं करते हैं।-शोधन के बाद अग्नि कर्म या क्षार कर्म द्वारा उस जगह को जला देना चाहिए। इसकी उपेक्षा करने से नाड़ीव्रण निश्चय ही हन्वस्थि का भेदन कर देती है, इसलिए नाड़ी के समीपस्थ भग्न चल दांत को मूल के साथ अवश्य उखाड़ना चाहिए।

ऊपर की पंक्ति में स्थित, स्थिर बंधन वाले दांत को उखाड़ने पर अत्यधिक रक्तस्राव होने से भयंकर व्याधि यां जैसे काना होना तथा अर्दित रोग से ग्रस्त हो सकता हैं। इसलिए वैद्य को ऊपर के हिलते हुए दांत को नहीं उखाड़ना चाहिए।

धावने जातिमदनस्वादुकण्टकखादिरम्।।31 कषायं जातिमदनकटुकस्वादुकण्टकैः।
यष्ट्याह्वरोध्रमञ्जिष्ठाखदिरैश्चापि यत् कृतम्। तैलं संशोधनं तद्धि हन्याद्दन्तगतां गतिम्।।32

(सु.चि. 22/31-32)

दन्तनाड़ी को धोने के लिए चमेली, मैनफल, गोखरू और खैर के क्वाथ का प्रयोग करें। व्रण का शोधन करने के लिए चमेली, मदनफल, कुटकी, मुलहठी, लोध्र, मजीठ और खैर के क्वाथ से सिद्ध तैल का प्रयोग करें। यह तैल दन्तनाड़ी को नष्ट करता है।

संशोध्योभयतः कायं शिरश्चोपरेत्ततः। नाड़ीं दन्तानुगां, दन्तं समुदधृत्याग्निना दहेत्।।
कुब्जां नैकगतिं पूर्णां गुडेन मदनेन वा। धावनं जातिमदनखदिरस्वादुकण्टकैः।।
क्षीरिवृक्षाम्बुगण्डूषो, नस्यं तैलं च तत्कृतम्।

(अ.हृ.उ.त. 22/40-41)

वमन, विरेचन से शरीर का शोधन करके तथा शिरोविरेचन करके, दन्त से संबंधित नाड़ी की चिकित्सा करें। इसके लिए दांत को निकाल कर उस स्थान को अग्नि से जलाएं। जो नाड़ी टेढ़ी तथा अनेक रास्तों वाली हो, उसे गुड़ या मोम से भरकर जलाएं। चमेली, मैनफल, खैर, गोखरू इनके कषाय से धोयें। क्षीरी वृक्षों के क्वाथ से गण्डूष करें तथा इनसे सिद्ध तैल का नस्य लें।

आधुनिक मतानुसार इसे Oral sinus कह सकते हैं।

7.1.16 दन्तविद्रधि

दन्तमांसे मलैः सास्रैर्बाह्यान्तः श्वयथुर्गुरुः।
सरुग्दाहः स्रवेत् भिन्न पूयास्रं दन्तविद्रधिः।।

(अ. हृ. उ. 21/24)

मसूड़ों के भीतर और बाहर रक्तयुक्त दोषों से वेदना और दाह से युक्त शोथ होता है, जिसके फूटने पर पूय और रक्त बहता है, उसको दन्तविद्रधि कहते है।

चिकित्सा- दन्तविद्रधि में कटु, तीक्ष्ण, उष्ण एवं रुक्ष द्रव्यों से कवल तथा लेप करें। कुटकी, कूठ, मेषश्रृङ्गी और जौ से घर्षण करें। विद्रधि के पक जाने पर भेदन करें तथा गम्भीर विद्रधि में दाह कर्म करें।

❋ ❋ ❋

Scanned with CamScanner

अध्याय-8

जिह्वागत रोग

जिह्वागत रोग

इनकी संख्या पांच कही है। यथा-

जिह्वागतास्तु- कण्टकास्त्रिविधास्त्रिभिर्दोषैः, अलास, उपजिह्विका चेति।। (सु.नि. 16/38)

जिह्वागत रोग निम्न हैं-

8.1-8.3 जिह्वा कण्टक   8.4 अलास   8.5 उपजिह्विका

वाग्भट के अनुसार जिह्वागत रोग 6 हैं।

1-3. जिह्वा कण्टक   2. अलास   3. उपजिह्विका   4. अधिजिह्विका

8.1 वातिक जिह्वा कण्टक

जिह्वानिलेन स्फुटिता प्रसुप्ता भवेच्च शाकच्छवन प्रकाशा। (सु.नि. 16/39)

वायु के प्रकोप से जिह्वा फट जाती है, स्पर्श ज्ञान रहित हो जाती है तथा शाक (सागवान) के पत्र के समान खुरदरी हो जाती है।

शाकपत्रखरा सुप्ता स्फुटिता वातवूषित।। (अ.हृ.उ.त. 21/31)

वायु प्रकोप से जिह्वा शाक पत्र के समान कर्कश, चेतनारहित तथा फटी हुई होती है।

चिकित्सा

ओष्ठप्रकोपेऽनिलजे यदुक्तं प्राक् चिकित्सतम्। कण्टकेष्वनिलोत्थेषु तत् कार्यं भिषजा भवेत्।।

(सु.चि. 22/44)

चिकित्सक को वातिक ओष्ठ प्रकोप के सदृश चिकित्सा वातिक जिह्वा कण्टक में करनी चाहिए। वाग्भट का भी यही मत है।

8.2 पैत्तिक जिह्वा कण्टक

पित्तेन पीता परिदह्यते च चिता सरक्तैरपि कण्टकाश्च।। (सु.नि. 16/39)

पित्त प्रकोप से जिह्वा पीली, दाह युक्त तथा लाल वर्ण के अंकुरों से व्याप्त हो जाती है।

जिह्वा पित्तात् सदाहोषा रक्तैर्मांसाङ्कुरैश्चिता। (अ.हृ.उ.त. 21/31)

पित्त से दूषित जिह्वा दाह और ऊषा से युक्त तथा मांस के लाल अंकुरों से युक्त होती है।

चिकित्सा

पित्तजेषु विघृष्टेषु निःसृते दुष्टशोणिते। प्रतिसारणगण्डूषं नस्यं च मधुरं हितम्।।

(सु.चि. 22/45)

पैतिक जिह्वा कण्टक में जिह्वा को रगड़ कर दुष्ट रक्त को निकाल कर मधुर द्रव्यों से प्रतिसारण, गण्डूष और नस्य करें।

वाग्भट ने भी सुश्रुत के समान चिकित्सा कही है।

8.3 श्लैष्मिक जिह्वा कण्टक

कफेन गुर्वी बहुला चिता च मांसोद्गमैः शाल्मलिकण्टकाभैः।। (सु.नि. 16/39)

कफ के प्रकोप से जिह्वा भारी, मोटी और सेमल के कांटों के समान मांसांकुरो से भर जाती है।

वाग्भट ने भी कफज जिह्वा कण्टक का यही लक्षण कहा है।

चिकित्सा

कण्टकेषु कफोत्थेषु लिखितेष्वसृजः क्षये। पिपल्यादिर्मधुयुतः कार्यस्तु प्रतिसारणे।।
गृह्णीयात् कवलांश्चापि गौरसर्षपसैन्धवैः। पटोलनिम्बवार्ताकुक्षारयूषैश्च भोजयेत्।।

(सु.चि. 22/46-47)

कफज जिह्वाकण्टक में जिह्वा को घर्षण कर रक्त निकालकर पिपल्यादि गण के द्रव्यों में मधु मिलाकर प्रतिसारण करें। सफेद सरसों और सैंधा नमक का कवल धारण करें। परवल, नीम, बड़ी कटेरी और यवक्षार मिश्रित यूष के साथ भोजन हितकर होता है।

तीक्ष्णैः कफोत्थेष्वेप्येवं च सर्षपत्र्यूषणादिभिः। (अ.हृ.उ.त. 22/44)

कफज जिह्वा कण्टक में सरसों और त्रिकुट आदि तीक्ष्ण द्रव्यों से प्रतिसारण करें।

आधुनिक मतानुसार त्रिविध जिह्वा कण्टक का Glossitis के साथ समन्वय किया जा सकता है।

GLOSSITIS

It is the inflammation of tongue characterized by the loss of papillae. Glossitis may be a primary disease or may be symptom of some other disease like pellagra, anaemia etc.

Etiology

- Bacterial or viral infection.
- Exposure to irritants such as alcohol, hot food, spices or tobacco.
- Trauma.
- Iron deficiency anaemia
- Chemotherapy.
- Allergic reaction to mouthwash, toothpaste or certain blood pressure medications.

Scanned with CamScanner

Signs and Symptoms

- Red patches on the tongue.
- Sore and tender tongue.
- Sensitivity to spicy foods.
- Painful ulcers.
- Difficulty in chewing, swallowing and speaking.
- Swelling of the tongue.



Fig. 17 - Glossitis

Treatment

- Treat the underlying cause.
- Anaesthetic mouth rinses.
- Avoid spicy food.
- Good oral hygiene.
- Antibiotics or antiviral may be necessary if severe bacterial or fungal infection is there.
- Avoid excessive use of any food or substance that irritates the tongue.
- Corticosteroid such as prednisone reduce the inflammation.
- Nutritional deficiency must be treated.

8.4 अलास

जिह्वातले यः श्वयथुः प्रगाढ़ः सोऽलाससंज्ञः कफरक्तमूर्तिः।
जिह्वां स तु स्तम्भयति प्रवृद्धो मूले तु जिह्वा भृशमेति पाकम्॥ (सु.नि. 16/40)

कफ और रक्त के प्रकोप से जिह्वा के नीचे गम्भीर शोथ उत्पन्न हो जाता है, उसे अलास कहते हैं तथा वह बढ़कर जिह्वा को जकड़ लेता है तथा जिह्वा के मूल भाग में तीव्र पाक हो जाता है।

कफपित्तादधः शोफो जिह्वास्तम्भकृदुन्नतः। मत्स्यगन्धिर्भवेत्पक्वः सोऽलसो मांसशातनः॥

(अ.हृ.उ.त. 21/33)

कफ और रक्त के प्रकोप से जिह्वा के अधो भाग में उभरा शोथ हो जाता है जो जिह्वा को जकड़ने वाला होता है। पकने पर मछली के सदृश गन्ध आती है तथा मांस गलकर गिरने लगता है, इसको जिह्वालस कहते हैं।

चिकित्सा

सुश्रुत ने असाध्य बताते हुए इसकी चिकित्सा का निषेध किया है।

नवे जिह्वालसेऽप्येवं तं तु शस्त्रेण स्पृशेत्॥ (अ.हृ.उ.त. 22/44)

नूतन जिह्वालस में प्रतिसारण, गण्डूष, नस्य करें। इसमें शस्त्र उपचार न करें।

आधुनिक मतानुसार इसे Carcinoma of tongue कह सकते हैं।

8.5 उपजिह्विका

जिह्वाग्ररुपः श्वयथुर्हि जिह्वामुन्नम्य जातः कफरक्तयोनिः।
प्रसेककण्डूपरिदाहयुक्ता प्रकथ्यतेऽसावुपजिह्विकेति॥

(सु.नि. 16/41)

कफ और रक्त के प्रकोप से जिह्वा के अग्रभाग के समान जिह्वा को ऊपर उठाने वाला शोथ हो जाता है, जिससे लार टपकती है तथा खुजली और जलन होती है। इसे उपजिह्विका कहते हैं।

वाग्भट ने इसे अधिजिह्वा कहा है।

प्रबंधनेऽधो जिह्वायाः शोफो जिह्वाग्रसन्निभः। साङ्कुरः कफपित्तास्त्रैर्लालोषास्तम्भवान् खरः॥
अधिजिह्वः सरुक्कण्डूवाक्याहारविघात कृत्। ताहृगेवोपजिह्वस्तु जिह्वाया उपरि स्थितः॥

(अ.हृ.उ.त. 21/34-35)

जिह्वा के नीचे, मूल में जिह्वा के अग्रभाग के समान शोथ होता है, जिसमें अंकुर होते हैं। यह कफ, पित्त और रक्त से होता है। इसमें लालास्राव, जलन, स्तम्भ और कर्कशता होती है। इसको अधिजिह्वा कहते हैं। यह वेदना तथा कण्डू से युक्त होता है। रोगी को बोलने और भोजन करने में कष्ट होता है।

वाग्भट के मत से अधिजिह्वा की भांति जो शोफ जिह्वा के ऊपर होता है, उसको उपजिह्वा कहते हैं।

चिकित्सा

उपजिह्वां तु संलिख्य क्षारेण प्रतिसारयेत्। शिरोविरेकगण्डूषधूमैश्चैनमुपाचरेत्॥

(सु.चि. 22/48)

उपजिह्वा में लेखन, क्षार से प्रतिसारण, शिरोविरेचन, गण्डूष धारण और धूम के द्वारा उपचार करना चाहिए।

उन्नम्य जिह्वामाकृष्टां बडिशेनाधिजिह्विकाम्। छेवयेन्मण्डलाग्रेण तीक्ष्णोष्णैर्घर्षणावि च॥

(अ.हृ.उ.त. 22/45)

जिह्वा को ऊपर उठाकर अधिजिह्विका को बडिश शस्त्र से खींचकर मण्डलाग्र शस्त्र से काट दें। तीक्ष्ण और उष्ण द्रव्यों से घर्षण करें।

वाग्भट के मत से उपजिह्वा में शस्त्र से स्राव करके यवक्षार से रगड़ें।

आधुनिक मतानुसार इसे Ranula कह सकते हैं।

RANULA

Ranula is type of mucocele found on the floor of the mouth. The rana means frog and it is named so because of its resemblance to frogs underbelly. Ranula is transparent retention cyst in the floor of the mouth arising from sublingual salivary gland. The cyst enlarges slowly.

Causes

- Obstruction of duct of submaxillary or sublingual gland.

Symptoms

- Usually painless.

Scanned with CamScanner

- Difficulty in swallowing, mastication and speech.
- Elevation of floor of the mouth.

Treatment

- Surgical excision of mucocele along with adjacent minor salivary gland is recommended. Aspiration of mucocele contents often results in recurrence.
- Laser ablation,cryosurgery and electrocautery can be used for treatment.
- Larger lesions can be marsupialized. The technique involves the placement of 4.0 silk suture through widest diameter of lesion without involving underlying tissues. A surgical knot is made and suture is left in place for 7 days. The technique is not indicated for lesions less than 1 cm in diameter.

Tumors of Tongue :

The tumors of the tongue are subtypes of head & neck cancers. These can be primary or may metastase from some other location. These may derive from lymphatics, salivary glands, tonsils, melanocyte etc. The commonest type is squamous cell carcinoma. The incidence are rising as 82,000 persons died of oral cancers in 1990 & 1,24,000 in 2010. Usually, the diagnosis is delayed so around 50% only survive for next 5 years, thus the death rate by oral cancers is more than cervical, larynx, endocrinal & skin cancers.

Causes :- DNA mutation can activate oncogens. Triggerers are tobacco, alcohol, malnutrition poor hygiene, illfitted dentures, infections, paan masala, beetlenut etc.

Signs & symptoms :

- Lesion or lump not resolving in 14 days
- Leucoplakia/Erythroplakia
- Painless & small initially
- Diminished tongue movement
- Dysphagia

Human papilloma virus (HPV) type lb is a common cause.

Examination may compel for biopsy.

✻ ✻ ✻

अध्याय-9

तालुगत रोग

9.1 तालु रोगों की सख्या

तालुगतास्तु-गलशुण्डिका, तुण्डिकेरी, अध्रुषः, मांसकच्छपः।
अर्बुदं, मांससंघातः तालुपुप्पुटः, तालुशोषः, तालुपाक इति॥ (सु.नि. 16/42)

तालुगत रोग इस प्रकार हैं-

9.1.1 गलशुण्डिका 9.1.2 तुण्डिकेरी 9.1.3 अध्रुष 9.1.4 मांसकच्छप 9.1.5 अर्बुद
9.1.6 मांससंघात 9.1.7 तालुपुप्पुट 9.1.8 तालुशोष 9.1.9 तालुपाक

वाग्भट ने तालुगत रोग आठ माने हैं।

1. तालुपिड़िका 2. गलशुण्डिका 3. तालुसंहति 4. ता[illegible]वर्बुद 5. तालुकच्छप 6. तालुपुप्पुट
7. तालुपाक 8. तालुशोष

9.1.1 गलशुण्डिका

श्लेष्मासृग्भ्यां तालुमूलात् प्रवृद्धो दीर्घः शोफो ध्मातवस्ति प्रकाशः।
तृष्णा कास श्वासकृत्सम्प्रदिष्टो व्याधिर्वैद्यैः कण्ठशुण्डीति नाम्ना॥ (सु.नि. 16/43)

कफ और रक्त के प्रकोप के कारण तालुमूल से बढ़े हुए, लंबे, उभरे हुए, वस्ति के स्वरूप के शोथ को कण्ठशुण्डी कहते हैं। इसमें पिपासा, कास और श्वास होता है।

तालुमूल कफात्सास्त्रात् मत्स्यवस्तिनिभो मृदुः। प्रलम्बः पिच्छिलः शाफो नासयाऽऽहारमीरयन्॥ (अ.हृ.उ.तः 21/37)
कण्ठोपरोधतृट्कासवमिकृद् गलशुण्डिका।

तालुमूल में कफ और रक्त के कारण मछली की वस्ति के समान मृदु, पिच्छिल, लटका हुआ शोथ हो जाता है, जिससे आहार नाक से आना चाहता है, कण्ठ अवरुद्ध हो जाता है तथा कास, प्यास और वमन होता है, इसे गलशुण्डिका कहते हैं।

चिकित्सा

छेदन कर्म

अङ्गुष्ठाङ्गुलिसंदंशेनाकृष्य गलशुण्डिकाम्॥ छेदयेन्मण्डलाग्रेण जिह्वोपरि तु संस्थिताम्।
नोत्कृष्टं चैव हीनं च त्रिभागं छेदयेद्भिषक्॥ (सु.चि. 22/49-50)

Scanned with CamScanner

अंगुष्ठ, अंगुली और संदश यन्त्र से गलशुण्डिका को खींचकर मण्डलाग्र शस्त्र से न तो बहुत अधिक और न कम तृतीयांश भाग को वैद्य काट दें।

अत्यावानात् स्रवेद्रक्तं तन्निमित्तं म्रियेत च। हीनच्छेदाद्भवेच्छोफो: लाला निद्रा भ्रमस्तम:।।
तस्माद्वैद्य: प्रयत्नने वृष्टकर्मा विशारद:। गलशुण्डीं तु सञ्छिद्य कुर्यात् प्राप्तिमिमं क्रमम्।।

(सु.चि. 22/41-42)

अधिक काट देने पर अधिक रक्तस्राव के कारण रोगी की मृत्यु हो सकती है। अल्प मात्रा में छेदन करने पर शोथ, लालास्राव, अधिक निद्रा, भ्रम तथा आंखों के सामने अंधेरा आता है। अत: वैद्य सावधानी से गलशुण्डी को काटकर निम्नोक्त क्रम करें।

मरिचातिविषापाठावचाकुष्ठकुटन्नटै:। क्षोद्रयुक्तै: सलवणैस्ततस्तां प्रतिसारयेत्।।
वचामतिविषां पाठां रास्नां कटुकरोहिणीम्। निष्क्वाथ्य पिचुमन्दं च कवलं तत्र योजयेत्।।
इडगुदीकिणिहीदन्तीसरलासुरदारुभि:। पच्याङ्गीं कायेत् पिष्टैवर्ति गन्धोत्तरां शुभाम्।
ततो धूमं पिबेज्जन्तुर्द्विरह्न कफनाशनम्।। क्षारसिद्धेषु मुद्गेषु यूषश्चाध्यशने हित:।।

(सु.चि. 22/43-46)

मरिच, अतीस, पाठा, वच, कूठ, अरलू और सैन्धानमक के चूर्ण में मधु मिलाकर प्रतिसारण करना चाहिए। वच, अतीस, पाठा, रास्रा, कुटकी और नीम के क्वाथ का कवल धारण करना चाहिए। हिंगोट, अपामार्ग, दन्ती, निशोथ और देवदारु इन द्रव्यों को पीसकर सुन्दर सुगंधित पञ्चाङ्गी वर्ति बनावे। कफनाशक इस वर्ति का धूम रोगी को दिन में दो बार पिलाना चाहिए।

वाग्भट मतानुसार गलशुण्डिका में कफ नाशक नस्य, गण्डूष और प्रतिसारण करें। बढ़ी हुई कण्ठशुण्डिका जो ककड़ी के बीज के समान हो, सिराओं से न व्याप्त हो तथा जिह्वा के अग्रभाग पर स्थित हो, उसे बडिश या मुचुण्डी से पकड़कर मण्डलाग्र शस्त्र से न तो बहुत आगे, न मूल में काटे। बहुत अधिक काटने पर रक्त के क्षय से मृत्यु हो सकती है। थोड़ा काटने पर रोग की वृद्धि हो सकती है। तत्पश्चात् प्रतिसारण और गण्डूष करें।

आधुनिक मतानुसार इसे Uvulitis कह सकते हैं।

9.1.2 तुण्डिकेरी

शोफ: स्थूलस्तोददाहप्रपाकी प्रागुक्ताभ्यां तुण्डिकेरी मता तु। (सु.नि. 16/44)

कफ और रक्त के प्रकोप से स्थूल शोथ हो जाता है तथा इसमें तोद, दाह और पाक होता है, इसे तुण्डिकेरी कहते हैं।

वाग्भट ने तुण्डिकेरी का उल्लेख कंठ रोगों में किया है।

हनुसन्ध्याश्रित: कण्ठे कार्पासीफलसन्निभ:। पिच्छिलो मन्दरुक् शोफ: कठिनस्तुण्डिकेरिका।।

(अ.हृ.उ.त. 21/47)

गले में हनु संधि के समीप कार्पास फल के समान पिच्छिल, मन्द वेदनायुक्त तथा कठिन शोथ हो जाता है, उसे तुण्डिकेरि/तुण्डिकेरिका कहते हैं।

चिकित्सा

तुण्डिकेर्यध्रुषे कूर्मे सङ्घाते तालुपुप्पटे। एष एवं विधि: कार्यो शस्त्रकर्मणि।।

(सु.चि. 22/57)

तुण्डिकेरी, अध्रुष, कूर्म (मांस कच्छप) मांससंघात, तालुपुप्पुट में उपयुक्त (पूर्व में कहे हुए प्रतिसारण, कवल, छेदन कर्म आदि) तथा विशेष रूप से शस्त्र कर्म करना चाहिए।

तद्वच्च वृन्दशालूकतुण्डिकेरीगिलायुषु।।

(अ.हृ.उ.त. 22/63)

वृन्द, शालूक, तुण्डिकेरी, गिलायु में कफज रोहिणी की तरह चिकित्सा करें।

आधुनिक मतानुसार इसे Tonsillitis कह सकते हैं।

TONSILLITIS

Tonsil is derived from the tonsilla means almond shaped. Tonsillitis refers to the inflammation of the pharyngeal tonsils. In tonsillitis, tonsils are enlarged, red and often coated with substance that is yellow, gray or white. Tonsillitis usually occurs as a part of pharyngitis and begins with sore throat and painful swallowing.

Functions of tonsils: Tonsils are lymphoid masses, which contain lymphocytes. Lymphocytes have protective function. They trap the toxins/germs that enter the body. The crypts in the tonsils increase the surface area for contact with the foreign body. Tonsils are larger in childhood and gradually diminish near puberty. They are removed when they become the seat of infection.



Fig. 18 - Tonsillitis

Causes

- Upper respiratory tract infection.
- Post nasal discharge.
- Poor oral hygiene.

Causative factors

- Streptococcus.
- Staphylococcus.
- Pneumococcus.
- Haemolytic influenza.

Haemolytic streptococcus is the most commonly infecting organism.

Types

1. Acute catarrhal or superficial tonsillitis: It is mostly seen in viral infections and is usually seen as a part of generalised pharyngitis.

2. Acute follicular tonsillitis: Infection spreads into crypts which become filled with purulent material and presents as raised yellowish spots on red inflamed surface.

3. Acute parenchymatous tonsillitis: Here substance of tonsil gets infected. Tonsils become enlarged and red.

Scanned with CamScanner

4. Acute membranous tonsillitis: Exudation from crypts coalesces to form membrane on the surface of tonsils.

Based on duration of disease, tonsillitis may be classified as acute tonsillitis and chronic tonsillitis.

Symptoms

- Sore throat.
- Hoarseness of voice.
- Cough.
- Headache.
- Painful swallowing (odynophagia)
- Fever with chills.
- Malaise.
- Earache.
- Nausea.
- Vomiting.
- Loss of appetite.
- Abdominal pain may be present.

Signs

- Halitosis (bad breath).
- Redness of palate, uvula and pillars.
- Swollen, tender lymph nodes on the neck.
- Painful ulcerated areas on the throat.
- Tonsils are swollen and often coated with yellow, gray or white membrane.

Treatment

- Bed rest.
- Intake of soft diet.
- Antibiotics.
- Analgesics.
- Warm saline gargles.
- Surgical: Tonsillectomy is done i.e. removal of tonsils. If child is having recurrent attack (approximately two attacks in a month) or when tonsils interfere with speech, swallowing and respiration; surgery is recommended.

Complications

- Peritonsillar abscess (Quinsy).
- Parapharyngeal abscess.
- Acute otitis media.
- Acute glomerulonephritis.

9.1.3 अध्रुष

शोफः स्तब्धो लोहितस्तालुदेशे रक्ताज्ज्ञेयः सोऽध्रुषो रुग्ज्वराढ्यः॥ (सु.नि. 16/44)

रक्त की दृष्टि से तालु में ज्वर और वेदना के साथ उत्पन्न रक्तवर्ण के कठिन शोथ को अध्रुप कहते हैं।

वाग्भट ने इसका वर्णन नहीं किया है।

चिकित्सा

गलशुण्डिका की तरह करें।

आधुनिक मतानुसार इसे Tonsillitis कह सकते हैं।

9.1.4 मांसकच्छप

कूर्मोत्सन्नोऽवेदनोऽशीघ्रजन्माऽरक्तो ज्ञेयः कच्छपः श्लेष्मणा स्यात्। (सु.नि. 16/45)

कफ के प्रकोप से उत्पन्न तथा कछुए की भांति ऊपर को उठा हुआ, पीड़ा रहित, धीरे-धीरे बढ़ने वाला तथा जो देखने में लाल न हो कच्छप रोग होता है।

कच्छपः कच्छपाकरश्चिरवृद्धिः कफादरुक्॥ (अ.हृ.उ.त. 21/39)

दूषित कफ से तालु भाग में कछुए के आकार का, देर में बढ़ने वाला, वेदना रहित जो शोथ होता है, उसे कच्छप कहते हैं।

चिकित्सा

गलशुण्डिका की तरह करें।

सङ्घाते पुप्पुटे कूर्मे विलिख्यैवं समाचरेत्॥ (अ.हृ.उ.त. 22/50)

तालुसंघात, तालुपुप्पुट और कच्छप में लेखन कर्म करें।

आधुनिक मतानुसार इसे Uvulitis कह सकते हैं।

9.1.5 अर्बुद

पद्माकारं तालुमध्ये तु शोफं विद्याद्रक्तादर्बुदं प्रोक्तलिङ्गम्। (सु.नि. 16/45)

रक्त की दुष्टि से कमल के समान आकार वाला, तालु के मध्य में शोथ हो जाता है, उसे अर्बुद कहते हैं।

वाग्भट ने भी यही लक्षण कहा है।

चिकित्सा

सुश्रुत और वाग्भट ने इसकी चिकित्सा का वर्णन नहीं किया है।

आधुनिक मतानुसार इसे Cancer of palate कह सकते हैं।

9.1.6 मांससंघात

दुष्टमांसं श्लेष्मणा नीरुजं च ताल्वन्तः स्थं मांससङ्घातमाहुः। (सु.नि. 16/46)

कफ के द्वारा दूषित, तालु के अन्तः प्रदेश में वेदना रहित, दूषित हुए मांस को मांससंघात कहते हैं।

वाग्भट ने इसका उल्लेख नहीं किया है।

चिकित्सा

गलशुण्डिका की तरह (छेदन, प्रतिसरण, कवल) करें।

आधुनिक मतानुसार इसे Adenoma of palate कह सकते हैं।

9.1.7 तालुपुप्पुट

नीरुक् स्थायी कोलमात्रः कफात् स्यान्मेदोयुक्तात् पुप्पुटस्तालुदेशे॥ (सु.नि. 16/46)

दूषित मेद और कफ से तालु में वेदना रहित, स्थिर और कोल के समान शोथ को तालुपुप्पुट कहते हैं।

वाग्भट ने सुश्रुत के समान लक्षण कहा है।

Scanned with CamScanner

चिकित्सा

गलशुण्डिका की तरह करें।

वाग्भट ने तालुपुप्पुट में लेखन कर्म बताया है।

आधुनिक मतानुसार इसे Palatal abscess कह सकते हैं।

9.1.8 तालुशोष

शोषोऽत्यर्थंदीर्यतेचापितालुः श्वासोवतात्तालुशोषः सपित्तात्। (सु.नि. 16)

पित्त सहित वायु के प्रकोप से तालु अत्यन्त सूखा तथा विदीर्ण हो जाता है एवं श्वास लेने में कठिनाई होती है।

वातपित्तज्वरायासैस्तालुशोषस्तदाह्वयः॥ (अ.हृ.उ.त. 21/40)

प्रकुपित वात और पित्त से, ज्वर से अथवा अधिक परिश्रम से तालु सूख जाए, इसको तालुशोष कहते हैं।

चिकित्सा

स्नेहस्वेदौतालुशोषेविधिश्चानिलनाशनः। (सु.चि. 22/58)

तालुशोष में स्नेहन, स्वेदन तथा वायु नाशक चिकित्सा करनी चाहिए।

तालुशोषे त्वतृष्णास्य सर्पिरुत्तरभक्तिकम्। कणाशुण्ठीशृतं पानमम्लैर्गण्डूषधारणम्।
धन्वमांसरसाः स्निग्धाः क्षीर सर्पिश्च नावनम्॥ (अ.हृ.उ.त. 22/53)

तालुशोष में यदि तृष्णा न हो तो भोजन के उपरांत घी दें। पिप्पली और सोंठ से सिद्ध किया जल पीना चाहिए और अम्ल द्रव्यों का गण्डूष धारण करें। जांगल मांस रस को स्निग्ध कर सेवन करना चाहिए तथा दूध से निकाले हुए घृत का नस्य दें।

आधुनिक मतानुसार इसे Cleft palate कह सकते हैं।

CLEFT PALATE

Cleft palate is a split in the roof of the mouth. Cleft lip and cleft palate usually co exist.

Types

- **Incomplete cleft palate:** It involves only the back portion of the throat [uvula] and muscular soft palate [velum]
- **Complete cleft palate:** It extends along the entire length of the palate.
- **Unilateral cleft palate:** It occurs on one side.
- **Bilateral cleft palate:** It occurs on the both sides of the palate.

Incidence

- Cleft palate is present in one out of 1000 live births. Considering the cleft deformities, 50% are cleft lip and cleft palate both. 30%-35% is cleft palate only and 15-20% are cleft lip only.

Causes

- The exact cause is not known. Genetic and environmental factors can cause the problem.
- **Environmental factors:** Fetal exposure to cigarette, smoke, alcohol, certain medications like oral contraceptives can cause problems.
- **Genetic factors:** Parents pass on the genes that cause clefting.

Fig. 19 - Cleft Palate

Symptoms

- Recurrent ear infections.
- Nasal regurgitation during bottle-feeding.
- Growth retardation.
- Poor speech.
- Malaligned teeth.
- Feeding problems.

Treatment

- **Surgery.** Cleft palate is repaired between 9-12 months.

9.1.9 तालुपाक

पित्तं कुर्यात् पाकमत्यर्थघोरं तालुन्येनं तालुपाकं वदन्ति॥ (सु.नि. 16/47)

प्रकुपित पित्त तालु में अत्यन्त पाक कर देता है जिसको तालुपाक कहते हैं।

पित्तेन पाकः पाकाख्यः पूयास्त्रावीः महारुजः॥ (अ.हृ.उ.त. 21/40)

प्रकुपित पित्त से तालु में पाक हो जाता है तथा पूय और रक्त का स्राव होता है, तीव्र वेदना से युक्त होता है, इसे तालुपाक कहते हैं।

चिकित्सा

(सु.चि. 22/58)

तालुपाके तु कर्त्तव्यं विधानं पित्तनाशनम्।

तालुपाक में पित्तनाशक चिकित्सा करें।

अपक्वे तालुपाके तु कासीसक्षौद्रतार्क्ष्यजैः। घर्षणं कवलः शीतकषायमधुरौषधैः॥ (अ.हृ.उ.त. 22/51)

Scanned with CamScanner

यदि तालुपाक रोग पका न हुआ हो तो कासीस, रसोंत और मधु से घर्षण करना चाहिए। मधुर गण के द्रव्यों से बनाए हुए शीत कषाय का कवल करें।

पक्वेऽष्टापदवद् भिन्ने तीक्ष्णोष्णैः प्रतिसारणम्। वृषनिम्बपटोलाद्यैस्तिक्तैः कवलधारणम्॥

(अ.हृ.उ.त. 22/52)

यदि तालुपाक पक जाए तो अष्टापदवत् भेदन [Eight limbed Incision], तीक्ष्ण और उष्ण द्रव्यों से प्रतिसारण करें। वासा, नीम, पटोल आदि तिक्त द्रव्यों से कवल करें।

आधुनिक मतानुसार इसे Ulceration of palate कह सकते हैं।

❋ ❋ ❋

GL KUMAWAT

अध्याय-10

कण्ठगत रोग

कंठ शारीर/Anatomy of Throat

ANATOMY OF LARYNX

The larynx is the organ for production of voice. The larynx is situated in midline of neck from the level of third to sixth cervical vertebrae, lying in the front of laryngopharynx. It has an upper opening which communicates with the pharyngeal cavity and a lower opening, through which it is continuous with the trachea. The larynx moves vertically and in anteroposterior direction during swallowing and phonation. The infantile larynx is smaller, narrower and lies at higher level (C4). At puberty, the male larynx increases in size rapidly and thyroid cartilage projects to form Adams apple. There is change in character of voice while the larynx of female changes little. The length of the larynx is 44 mm in males and 36 mm in females.

Laryngeal Cartilages

Larynx has 3 paired and 3 unpaired cartilages.

Unpaired

1. Thyroid. 2. Cricoid. 3.Epiglottis.

Paired

1. Arytenoid. 2. Corniculate 3. Cuneiform

Unpaired Cartilages

Thyroid Cartilage: It is the largest of all. Its two alae or laminae meets anteriorly forming an angle of 90^0 in males and 120^0 in females. The lower parts of the anterior borders of the right and left laminae fuse and form a median projection called the laryngeal prominence. The upper part of the anterior borders of right and left laminae do not meet. They are separated by the thyroid notch. The most anterior portion of this cartilage is very prominent in some men and is commonly referred to as Adam's apple.

Vocal cords are attached to the middle of thyroid angle. Most of laryngeal foreign bodies are arrested above vocal cords. Between these two cords is rima glottidis. Above the true vocal cord lies the false vocal cord or ventricular band.

Scanned with CamScanner

Cricoid Cartilage: It is the only cartilage forming complete ring with a broad lamina posteriorly and narrow arch in front. Its shape is often described as signet ring.

Epiglottis: It is leaf like, yellow elastic cartilage forming anterior wall of laryngeal inlet. It projects behind the base of tongue. The lower end (stalk) is pointed and is attached to the upper part of the angle between the two laminae of the thyroid cartilage. The right and left margins of the cartilage provide attachment to the aryepiglottic folds. Its anterior surface is connected to the tongue by a median glossoepiglottic fold and to the hyoid bone by the hyoepiglottic ligament. The attachment of epiglottis allows it to invert, an action, which helps to direct food and liquid into oesophagus and to protect vocal cords and airways during swallowing.

Paired Cartilages

Arytenoid Cartilages

They are pyramidal in shape and situated at upper border of lamina of cricoid cartilage at the back of larynx.

Corniculate Cartilages (Cartilage of Santorni)

They are situated at the apex of arytenoid cartilages.

Cuneiform Cartilages (Cartilage of Wrisberg)

They lie in the aryepiglottic folds, lateral to corniculate cartilages.

The last two cartilages are very small and have no clear cut functions.

Joints

There are two synovial joints on the either side.

Cricothyroid joint : Between the inferior cornu of the thyroid cartilage and the side of the cricoid cartilage.

Cricoarytenoid joint: Between the base of the arytenoid cartilage and the upper border of the lamina of the cricoid cartilage.

Muscles

Muscles of larynx are of two types:

- Intrinsic-connecting laryngeal cartilages.
- Extrinsic-joining larynx to other structures.

Intrinsic Muscles

- Posterior Criocoarytenoid
- Lateral Cricoarytenoid
- Inter Cricoarytenoid
- Thyro Cricoarytenoid
- Cricothyroid
- Vocalis
- Thyroepiglottic

Extrinsic Muscles

- Digastric
- Stylohyoid
- Geniohyoid
- Mylohyoid

Above muscles are attached to hyoid bone.

- Stylopharyngeus
- Salpingopharyngeus
- Palatopharyngeus

Above three muscles are attached to thyroid cartilage.

10.1-A. Cavity of Larynx

Laryngeal cavity extends from laryngeal inlet above to lower border of cricoid cartilage where it becomes continuous with trachea. The inlet of larynx communicates with laryngopharynx. The inlet is bounded anteriorly by the epiglottis; posteriorly by the interarytenoid fold of mucous membrane and on each side by the aryepiglottic fold.

Within the cavity of larynx there are two folds of mucous membrane on each side. The upper fold is the vestibular fold and the lower fold is the vocal fold. The space between the right and left vestibular folds is the rima vestibuli and the space between the vocal folds is the rima glottidis.

Parts of Cavity

- **Vestibule:** It lies between laryngeal inlet and false vocal cord.
- **Ventricle:** It lies between true and false vocal cords.
- **Subglottic space:** extends between true vocal cords and lower border of cricoid cartilage.

The sinus or ventricle of the larynx is a narrow fusiform cleft between the vestibular and vocal folds. The anterior part of the sinus is prolonged upwards as a diverticulum between the vestibular fold and the lamina of the thyroid cartilage. This extension is known as the saccule of the larynx. The saccule contains mucous glands which help to lubricate the vocal folds.

False Vocal cords (Vestibular folds)

They are two in number and extend anteroposteriorly across laryngeal cavity.

True Vocal cords: are two pearly white sharp bands extending from posterior surface of thyroid cartilage in the midline to the arytenoid cartilage.

Blood Supply

- Superior thyroid artery
- Inferior thyroid artery
- Cricothyroid artery

Nerve Supply

- Superior laryngeal Nerve.
- Recurrent laryngeal Nerve.

Functions of Larynx

- Deglutition.
- Respiration.
- Phonation.
- Protection to lower respiratory tract and the lungs by cough reflex.

During phonation, the vocal cords are brought near the centre of larynx by the muscles attached to arytenoids. As the air is forced through vocal cords, they vibrate and produce sound. By contracting and relaxing muscles of arytenoids, the quality of the sound can be altered.

Examination of larynx

A patient with disease of the larynx presents with following complaints.

- Hoarseness
- Dysphagia
- Respiratory obstruction
- Mass in the neck
- Repeated clearing of throat
- Pain in the throat
- Cough

The larynx may be examined in the following ways:

- External examination of larynx
- Indirect laryngoscopy
- Direct laryngoscopy
- Stroboscopy

Scanned with CamScanner

External examination of larynx

- Larynx is examined for redness of skin
- Bulge or swelling
- Movements of larynx - Normally larynx moves with deglutition. It can also be moved from side to side producing a characteristic grating sound which may disappear in a patient having post cricoid carcinoma.

Indirect larynogoscopy

Patient is seated erect opposite the examiner. He is asked to protrude tongue which is wrapped in a gauze held by examiner. Now warm laryngeal mirror is introduced into mouth and held firmly against the uvula and the soft palate. Light is focussed on the laryngeal mirror and patient is asked to breath quietly. To see movements of the cords, patient is asked to take inspiration and say Aa and Eee.

Structures visualized

- Posterior part of the tongue
- Valleculae
- Epiglottis
- Arytenoids, cuneiform and corniculate cartilages
- Ventricular bands
- True cords
- Posterior wall of laryngopharynx
- Base of tongue

Direct laryngoscopy

Here larynx is directly examined with fibre optic laryngoscope. It is performed in those cases where indirect laryngoscopy cannot be done. It is passed through nose under local anaesthesia and larynx, laryngopharynx, subglottis and upper trachea can be seen.

Stroboscope - Spray local anaesthetic in throat. Insert small endoscope through mouth towards back of tongue. It provides telescopic video recording of larynx. Movement of vocal cords can be seen.

ANATOMY OF PHARYNX

The pharynx is that part of digestive tube which is placed behind nasal cavities, mouth and larynx. It is musculomembranous tube, somewhat conical in form with base upward and apex downward, extending from the under surface of skull to level of cricoid cartilage in front and sixth cervical vertebrae behind.

The width of pharynx is 3.5 cm at its base and this narrows to 1.5 cm at pharyngo-oesophageal junction which is narrowest part of digestive tract apart from the appendix.

Structure of Pharyngeal wall

1. **Mucous membrane:** It is continuous with that of Eustachian tube, nasal cavities, mouth & oesophagus
2. **Pharyngeal aponeurosis:** It lines the muscular coat.
3. **Muscular Coat:** It consists of muscles: Constrictor and Pharyngeal.
4. **Buccopharyngeal fascia:** It covers the outer surface of constrictor muscle.

Divisions

The cavity is about 12.5 cm long. The cavity of pharynx may be sub divided from above downwards into three parts:

1. Nasal 2. Oral 3. Laryngeal

Nasopharynx: lies behind the nose and above the level of soft palate. The Nasopharynx extends from the base of skull to soft palate. It differs from other part of pharynx in that its cavity always remains patent. In front, it communicates through choanae with nasal cavities. Each lateral wall presents pharyngeal opening of Eustachian tube situated 1.25 cm behind posterior end of inferior turbinate.

Functions

- Ventilates middle ear through Eustachian tube and equalizes air pressure on the both sides of the tympanic membrane.
- Passage for air during respiration.
- Elevation of soft palate against posterior pharyngeal wall helps to cut it from oropharynx which is important during swallowing, vomiting and speech.
- Acts as drainage channel for mucus.
- Acts as resonating chamber during voice production.

Oropharynx : It extends from plane of hard palate above to plane of hyoid bone below. It lies opposite the oral cavity. Its lateral wall presents palatine tonsil, anterior pillar and posterior pillar.

Functions

- Passage for air and food.
- Helps in identification of taste as taste buds are present in the base of tongue, soft palate and posterior pharyngeal wall.
- It has defense function.

Laryngopharynx: It is the lowest part of pharynx and lies behind and partly on the sides of larynx. It extends from upper border of epiglottis superiorly to lower border of cricoid cartilage where it becomes continuous with oesophagus. It lies opposite 3rd, 4th, 5th and 6th cervical vertebrae.



Fig. 20 - Saggital Section of Pharynx

Scanned with CamScanner

Functions

- Common pathway for air and food.
- Helps in deglutition.

Muscles The muscles of pharynx are :

- Constrictor Inferior
- Constrictor medius
- Constrictor Superior
- Stylopharyngeus
- Salpingopharyngeus
- Pharyngopalatinus.

Blood Supply

Branches of external carotid artery.

Nerve Supply

By pharyngeal plexus formed by 9th, 10th and 11th cranial nerves.

Actions

- When deglutition is about to be performed, the pharynx is drawn upward and dilated in different directions to receive the food propelled into it from the mouth.

10.1.B कण्ठ रोगों की संख्या

कण्ठगतास्तु-रोहिण्यः पञ्च, कण्ठशालूकम, अधिजिह्वो, वलयो,
बलास, एकवृन्दो, वृन्द शतघ्नी, गिलायुः, गलविद्रधिः, गलौघः,
स्वरघ्नो, मांसतानो, विदारी चेति॥ (सु.नि. 16/48)

कण्ठगत रोग निम्न है-

10.1.1-5 पांच प्रकार की रोहिणी

10.1.6 कण्ठशालूक	10.1.7 अधिजिह्वा	10.1.8 वलय	10.1.9 बलास
10.1.10 एकवृन्द	10.1.11 वृन्द	10.1.12 शतघ्नी	10.1.13 गिलायु
10.1.14 गलविद्रधि	10.1.15 गलौघ	10.1.16 स्वरघ्न	10.1.17 मांसतान
10.1.18 विदारी			

वृन्द और एकवृन्द को तुल्य आकृति और एक ही स्थान पर होने के कारण एक ही माना हैं। अतः सुश्रुत ने कण्ठगत रोग 17 माने हैं।

वाग्भट मतानुसार कण्ठरोग 18 हैं। ये इस प्रकार हैं-

1-5 रोहिणी	6. कण्ठशालूक	7. वृन्द	8. तुण्डिकेरिका
9. गलौघ	10. वलय	11. गिलायुक	12. शतघ्नी
13. गलविद्रधि	14. गलार्बुद	15. वातज गलगण्ड	16. कफज गलगण्ड
17. मेदोज गलगण्ड	18. स्वरघ्न		

कण्ठ रोगों की संख्या

क्र. सं.	सुश्रुत रोहिणी ५ प्रकार	वाग्भट रोहिणी ५ प्रकार	दोष	चिकित्सा
1.	वातज रोहिणी	वातज	वात	लेखन द्वारा रक्तमोक्षण
2.	पित्तज रोहिणी	पित्तज	पित्त	लेखन द्वारा रक्तमोक्षण
3.	कफज रोहिणी	कफ	कफ	लेखन द्वारा रक्तमोक्षण
4.	रक्तज रोहिणी	रक्तज	रक्त	असाध्य
5.	त्रिदोषज रोहिणी	त्रिदोषज	त्रिदोष	असाध्य
6.	कण्ठशालूक	कण्ठशालूक	कफ	रक्तमोक्षण
7.	अधिजिह्वा	-	कफ	लेखन
8.	वलय	वलय	कफ	असाध्य
9.	बलास	-	कफ रक्त	असाध्य
10.	एकवृन्द	-	कफ रक्त	रक्तमोक्षण
	वृन्द	वृन्द	पित्त रक्त	असाध्य
11.	शतघ्नी	शतघ्नी	त्रिदोष	असाध्य
12.	गिलायु	गिलायुक	कफरक्त	भेदन
13.	गलविद्रधि	गलविद्रधि	त्रिदोष	भेदन
14.	गलौघ	गलौघ	कफरक्त	असाध्य
15.	स्वरघ्न	स्वरघ्न	वात	असाध्य
16.	मांसतान	-	त्रिदोष	असाध्य
17.	विदारी	-	पित्त	असाध्य
	-	तुण्डिकेरिका	कफरक्त	भेदन
	-	गलार्बुद	-	असाध्य
	-	वातज गलगण्ड	वात	औषधी चिकित्सा
	-	कफज गलगण्ड	कफ	औषधी चिकित्सा
	-	मेदोज गलगण्ड	मेद	औषधी चिकित्सा

10.1.1-10.1.5 पांच प्रकार की रोहिणी

गलेऽनिलः पित्तकफौ च मूर्च्छितौ पृथक् समस्ताश्च तथैव शोणितम्।
प्रवूष्य मासं गलरोधिनोऽङ्कुरान् सृजन्ति यान् साऽसुहरा हि रोहिणी॥ (सु.नि. 16/49)

वायु, पित्त तथा कफ पृथक रूप में अथवा मिलकर तथा रक्त भी प्रकुपित होकर; कण्ठ में मांस को दूषित करके कण्ठ का अवरोध करने वाले मांसांकुर उत्पन्न करते हैं। यह प्राणनाशक व्याधि रोहिणी है।

जिह्वा प्रबन्धजाः कण्ठे दारुणा मार्गरोधिनः। मांसाडकुराः शीघ्रचया रोहिणी शीघ्रकारिणी।

(अ.हृ.उ.त. 21/41)

जिह्वा के मूल भाग में उत्पन्न होकर, शीघ्र बढ़ने वाला, दारुण और कण्ठ में अवरोध पैदा करने वाले मांसांकुर उत्पन्न होते है, इसको रोहिणी कहते हैं। यह शीघ्र क्षति पहुंचाती है।

चिकित्सा

साध्यानां रोहिणीनां तु हितं शोणितमोक्षणम्।। छर्दनं धूमपानं च गण्डूषो नस्य कर्म च।

(सू.चि. 22/59)

साध्य रोहिणी में रक्तमोक्षण, वमन, धूमपान, गण्डूष और नस्य हितकारी होता है।

आधुनिक मतानुसार इसे Diphtheria कह सकते हैं।

वातज रोहिणी

जिह्वां समन्ताव् भृशवेदना ये मांसाङ्कुराः कण्ठनिरोधिनः स्युः।
तां रोहिणीं वातकृतां वदन्ति वातात्मकोपद्रवगाढयुक्ताम्।।

(सु.नि. 16/50)

जिह्वा के चारों ओर अधिक पीड़ाकारक, कण्ठ के मार्ग में रुकावट पैदा करने वाले तथा वात के भयंकर उपद्रवों से युक्त मांसाङ्कुर पैदा हो जाते हैं, इसे वातज रोहिणी कहते हैं।

कण्ठास्यशेषकृद्वातात्सा हनुश्रोत्ररुक्करी।।

(अ.हृ.उ.त. 21/42)

वातज रोहिणी में कण्ठ और मुख सूख जाता है तथा हनु और कर्ण में वेदना होती है।

चिकित्सा

वातिकीं तु हृते रक्ते लवणैः प्रतिसारयेत्।। सुखोष्णान् स्नेहगण्डूषान् धारयेच्चाप्यभीक्ष्णशः।

(सु.चि. 22/60)

वातज रोहिणी में रक्तमोक्षण, पंचलवण से प्रतिसारण तथा बार-बार स्नेहयुक्त, सुखोष्ण गण्डूष धारण करें।

अर्थान्तर्बाह्यतः स्विन्नां वातरोहणिकां लिखेत्। अङ्गुलीशस्त्रकेणाऽऽशु पटुयुक्तनखेन वा।
पञ्चमूलांबुकवलस्तैलं गण्डूषनावनम्।।

(अ.हृ.उ.त. 22/58)

वातज रोहिणी में बाहर और अंदर से स्वेदन करके, अंगुली शस्त्र के साथ अथवा सैंधानमक लगे हुए नख शस्त्र के साथ शीघ्र लेखन करें। पंचमूल से सिद्ध किए हुए तैल से गण्डूष और नस्य करें।

पैत्तिक रोहिणी

क्षिप्रोद्गमा क्षिप्रविदाहपाका तीव्रज्वरा पित्तनिमित्तजा।

(सु.नि. 16/51)

शीघ्र उत्पन्न होने वाले, शीघ्र दाह और पाक करने वाले तथा तीव्र ज्वर से युक्त पित्तज रोहिणी होती है।

पित्ताज्ज्वरोषातृण्मोहकण्ठधूमायनान्विता। क्षिप्रजा क्षिप्रपाकाऽतिरगिणी स्पर्शनासहा।

(अ.हृ.उ.त. 21/43)

पैत्तिक रोहिणी में ज्वर, दाह, प्यास, मोह, कंठ से धुंआ सा निकलना तथा शीघ्र पैदा होकर शीघ्र पक जाना स्पर्श को न सहना यह लक्षण होते हैं।

चिकित्सा

पतङ्ग शर्कराक्षौद्रैः पैत्तिकीं प्रतिसारयेत्।। द्राक्षापरुषकक्वाथो हितश्च कवलग्रहे।

(सु.चि. 22/61)

पित्तज रोहिणी में पतंग, शर्करा, मधु के द्वारा प्रतिसारण तथा मुनक्का, फालसा के क्वाथ का कवल धारण हितकर होता है।

वाग्भट ने सुश्रुत के समान चिकित्सा कही है। पैत्तिक रोहिणी में रक्तमोक्षण का उल्लेख किया है।

कफज रोहिणी

स्रोतोनिरोधिन्यपि मन्दपाका गुर्वी स्थिरा सा कफ सम्भवा वै।

(सु.नि. 16/51)

स्रोतों का अवरोध करने वाली, मन्द पाक से युक्त, भारी और स्थिर कफज रोहिणी होती है।

कफेन पिच्छिला पाण्डुः-

(अ.हृ.उ.त. 21/44)

कफज रोहिणी पिच्छिल और पाण्डु वर्ण वाली होती है।

चिकित्सा

अगारधूमकटुकैः श्लैष्मिकीं प्रतिसारयंत्।।62
श्वेताविडङ्ग दन्तीषु तैलं सिद्धं ससंन्धवम्।
नस्य कर्मणि योक्तव्यं तथा कवलधारणे।।63

(सु.चि. 22/62-63)

कफज रोहिणी में गृहधूम और कुटकी चूर्ण में प्रतिसारण तथा श्वेता, विडंग, दन्ती और सैन्धानमक के द्वारा सिद्ध तैल का नस्य और कवल दें।

वाग्भट ने सुश्रुत के समान चिकित्सा करने को कहा है।

त्रिदोषज रोहिणी

गम्भीरपाकाऽप्रतिवारवीर्या त्रिदोषलिङ्ग त्रयसम्भवा स्यात्।।

(सु.नि. 16/52)

जिसमें गंभीर पाक हो, चिकित्सा से ठीक न हो तथा तीनों दोषों के लक्षण मिलते हो वह त्रिदोषज रोहिणी है।

गम्भीर पाका निचयात् सर्वलिङ्ग समन्विता।।

(अ.हृ.उ.त. 21/44)

त्रिदोषज रोहिणी गम्भीर पाक वाली एवं तीनों दोषों के लक्षणों से युक्त होती है।

चिकित्सा

वाग्भट और सुश्रुत ने इसकी चिकित्सा का वर्णन नहीं किया है।

रक्तज रोहिणी

स्फोटाचिता पित्तसमानलिङ्गाऽसाध्या प्रविष्टा रुधिरात्मिकेयम्।।

(सु.नि. 16/52)

रक्तज रोहिणी बहुत से स्फोटों से युक्त होती है तथा इसमें पित्त के समान लक्षण मिलते हैं तथा यह असाध्य है।

.......असृजा स्फोटकाचिता। तप्ताङ्गारानिभा कर्णरुक्करी पित्तजाकृतिः।।

(अ.हृ.उ.त. 21/44)

रक्तज रोहिणी तपे हुए अंगारों के समान स्फोटों से युक्त होती है, कर्ण में पीड़ा होती है तथा पित्तज रोहिणी के समान लक्षण मिलते हैं।

चिकित्सा

पित्तवत् साधयेद्वैद्यो रोहिणीं रक्तसंभवाम्। (सु.चि. 22/64)

रक्तज रोहिणी की चिकित्सा पित्तज रोहिणी की तरह करनी चाहिए।

उपाचरेदेवमेव प्रत्याख्यायास्त्रसम्भवाम्।। (अ.हृ.उ.त. 22/61)

रक्तज रोहिणी को असाध्य कहकर, पित्तज रोहिणी की तरह चिकित्सा करें।

घातक काल मर्यादा

सद्यस्त्रिदोषजा हन्ति त्र्यहात्कफसमुद्भव।। पचहत्पित्तसम्भूता सप्ताहात्पवनोत्थिता। (यो. र.)

त्रिदोषज और रक्तज रोहिणी सद्योमारक है।

कफज रोहिणी तीन दिन में, पित्तज रोहिणी पांच दिन में और वातज रोहिणी एक सप्ताह में घातक होती है।

DIPHTHERIA

It is highly contagious and potentially fatal throat infection caused by Corynebacterium diphtheriae.

Disease involves throat, nose and air passages but may infect skin, vulva, ear and wounds also. Its most striking feature is formation of grayish membrane covering tonsils and upper throat which can block airways. In some cases, it may first infect skin producing skin lesions. Once infected, exotoxins travels through blood stream to heart and other organs.

Transmission: Spreads by coughing and sneezing.

Incubation period: 2 to 5 days.

Signs and Symptoms

- Sore throat.
- Hoarseness of voice.
- Chills.
- Breathing difficulty.
- Swelling of palate.
- Painful swallowing (Odynophagia).
- Low grade fever.
- Croup like (barking) cough.
- Nasal drainage.
- Stridor (sound heard during breathing).
- Skin lesions can be seen in cutaneous diphtheria.

Treatment

- Treatment of disease is started on clinical suspicion without waiting for the culture report.
- The main aim of the treatment is to neutralize the free exotoxins circulating in the blood and maintaining airways for respiration.
- The dose of antitoxin depends on site involved, duration and severity of the disease.
- Antitoxin is given by IV infusion in about 60 minutes. Sensitivity should be tested by intracutaneous test with diluted antitoxin.

S.No.	Dose	Site & time
1	20,000 to 40,000	< 48 hours & when membrane is confined to tonsils.
2	40,000 to 60,000	When the membrane is present on the nasopharynx.
3	80,000 to 120,000	If lasted for 3 days & membrane is more extensive.

Antibiotics

- Antibiotics used are Benzyl penicillin 600 mg 6 hourly for 7 days.
- Erythromycin is used if the patient is penicillin hypersensitive.
- Erythromycin is given in a dose of 500 mg 6 hourly orally.

The cutaneous lesions are treated by cleansing wound thoroughly with soap and water and giving antibiotics for 10 days.

Supportive treatment includes:

- I.V. infusions
- Heart monitoring
- Administering oxygen
- Endo tracheal intubations

Prophylaxis

- The children who are likely to come in contact with patients of diphtheria should be given diphtheria antitoxin.
- Immunization schedule for diphtheria is given as DPT (Diphtheria, Pertusis and Tetanus) vaccine given at the age of 2,4 and 6 months. Booster dose is given at 12 and 18 months of age and again given at 4 years of age.

10.1.6 कण्ठशालूक

कोलास्थिमात्रः कफसम्भवो यो ग्रन्थिर्गले कण्टकशूकभूतः।
खरः स्थिरः शस्त्रनिपातसाध्यस्तं कण्ठशालूकमिति ब्रुवन्ति।। (सु.नि. 16/53)

बेर की गुठली के स्वरूप जैसी, कफ के कारण उत्पन्न हुई तथा कांटे के समान खुरदरी और स्थिर गांठ को कण्ठशालूक कहते हैं। यह शस्त्र साध्य है।

दोषैः कफोल्वणैः शोफः कोलवद् ग्रथितोन्नतः।। शूककण्टकवत्कण्ठे शालूको मार्गरोधनः। (अ.हृ.उ.त. 21/45)

कफ प्रधान दोष से गले में बेर के समान ग्रथित और उन्नत शोफ होता है और इसमें शूक के कांटों की भांति कण्ठ में कांटे हो जाते हैं जो कण्ठावरोधक होते हैं, इसे कण्ठशालूक कहते हैं।

चिकित्सा

विस्राव्य कण्ठशालूकं साधयेत्तुण्डिकेरिवत्।। (सु.चि. 22/64)

कण्ठशालूक में रक्तमोक्षण करके तुण्डिकेरी के समान चिकित्सा करें। वाग्भट मतानुसार कण्ठशालूक की चिकित्सा कफज रोहिणी की तरह करें।

आधुनिक मतानुसार इसे Adenoids कह सकते हैं।

ADENOIDS

Adenoids also known, as nasopharyngeal tonsils are mass of lymphoid tissue situated at the back of nose in the roof of nasopharynx. Adenoid tissue is present at birth shows physiological enlargement up to age of six years then tends to atrophy at puberty and almost completely disappears by the age of 20 years.

Scanned with CamScanner

The term adenoid is used when tissues are enlarged and inflamed.

Function

Adenoids are part of immune system. Like all lymphoid tissue, they trap infectious agents and produce antibodies. Other lymph nodes are located in the armpits, chest, abdomen, neck and groin. Along with tonsils, they form part of first line of defense, which protects body from infections. Air borne germs entering the body via the nose are filtered and trapped by hairs and mucous in the nose and then destroyed by antibodies produced by adenoids.

Etiology

- **Age:** Adenoids occur usually between the age of 3 and 10 years.
- Recurrent attack of sinusitis, rhinitis or chronic tonsillitis.
- Infection of the upper respiratory tract.
- Physiological. Certain children have tendency to generalized lymphoid hyperplasia in which adenoids also take part.

Symptoms

- Mouth breathing (mostly at night).
- Cracked lips
- Running nose.
- Frequent ear infections.
- Sore throat.
- Nasal obstruction.
- Dry mouth.
- Bad breath.
- Snoring.
- Restlessness while sleeping.
- Inability to pronounce certain words.
- Sleep apnea in which child stops breathing temporarily during sleep.
- **Adenoid facies:** Mouth breathing cause permanent change in facial shape with elongation of the face. Teeth become crowded and irregular while lower jaw becomes under shot. High arched palate develops. There is drooling of saliva. Face becomes expressionless. Voice becomes toneless.

Treatment

- Antibiotics.
- Decongestants may be useful in re-establishing breathing.

10.1.7 अधिजिह्वा

जिह्वाग्ररुपः श्वयथुः कफात्तु जिह्वाग्रबन्धोपरि रक्तमिश्रात्।
ज्ञेयोऽधिजिह्वः खलु रोग एष विवर्जयेदागतपाकमेनम्॥ (सु.नि. 16/54)

कफ और रक्त के कारण जिह्वा के अग्रभाग के आकार का शोथ जिह्वा मूल के ऊपर हो जाता है, इसे अधिजिह्वा कहते हैं। पक जाने पर यह वर्जनीय हैं।

चिकित्सा

एककालं यवान्नं च भुञ्जीत स्निग्धमल्पशः। उपजिह्विकवच्चापि साधयेदधिजिह्वकाम्॥ (सु.चि. 22/65)

रोगी को एक समय स्नेहयुक्त जौ का अल्प आहार देना चाहिए तथा अधिजिह्वा की चिकित्सा उपजिह्विका की भांति करनी चाहिए।

आधुनिक मतानुसार इसे Epiglotitis कह सकते हैं।

10.1.8 वलय

बलास एवायतमुन्नतं च शोफं करोतयन्नगतिं निवार्य।
तं सर्वथैवाप्रतिवारवीर्यं विवर्जनीयं वलयं वदन्ति॥ (सु.नि. 16/55)

कफ प्रकुपित होकर गले में लंबा और उभरा हुआ शोथ कर देता है जो भोजन के पथ को रोक देता है, इसे वलय कहते है।

वलयं नातिरुक् शोफस्तद्वदेवायतोन्नतः। (अ.हृ.उ.त. 21/48)

गले में पीड़ारहित, लंबे और उन्नत शोथ को वलय कहते हैं।

चिकित्सा

यह असाध्य है, इसकी चिकित्सा का वर्णन नहीं मिलता है।

आधुनिक मतानुसार इसे Tumor in throat कह सकते हैं।

10.1.9 बलास

गले तु शोफं कुरुतः प्रवृद्धौ श्लेष्मानिलौ श्वासरुजोपपन्नम्।
मर्मच्छिद दुस्तरमेतदाहुर्बलाससंज्ञं निपुणा विकारम्। (सु.नि. 16/46)

कफ और वायु प्रकुपित होकर गले में श्वास और वेदनायुक्त शोथ उत्पन्न करते हैं, निपुण चिकित्सक इस मर्मघाती और दुश्चिकित्स्य रोग को बलास कहते हैं।

वाग्भट ने इसका वर्णन नहीं किया है।

चिकित्सा

आधुनिक मतानुसार इसे Tumor in throat कह सकते हैं।

10.1.10 एकवृन्द

वृत्तोन्नतो यः श्वयथुः सदाहः कण्ड्वन्तोऽपाकय मृदुर्गुरुश्च।
नाम्नैकवृन्दः परिकीर्त्तितोऽसौ व्याधिर्बलास क्षतजप्रसूतः॥ (सु.नि. 16/57)

कफ और रक्त प्रकुपित होकर गले में गोल, उन्नत, दाहयुक्त, कण्डू युक्त, पाक रहित, मृदु तथा भारी शोथ को कर देते हैं। इसे एकवृन्द कहते हैं।

वाग्भट ने एकवृन्द का उल्लेख नहीं किया है।

चिकित्सा (सु.चि. 22/66)

एकवृन्दं तु विस्राव्य विधिं शोधनमाचरेत्।

एकवृन्द में रक्तविस्रावण करके शोधन करें।

आधुनिक मतानुसार इसे Tumor in throat कह सकते हैं।

10.1.11 वृन्द

समुन्नतं वृत्तममन्ददाहं तीव्रज्वरं वृन्दमुदाहरन्ति।
तं चापि पित्तक्षतजप्रकोपाद्विद्यात् सतोदं पवनास्त्रजं तु॥ (सु.नि. 16/58)

पित्त और रक्त के प्रकोप से उन्नत, गोल, अधिक दाहयुक्त तथा तीव्र ज्वर युक्त शोथ हो जाता है, इसे वृन्द कहते हैं।

वृन्दो वृत्तोन्नतो दाहज्वरकृद् गलपार्श्वगः॥ (अ.हृ.उ.त. 21/46)

गले के पार्श्व में गोल, उन्नत शोफ होता है जिसमें दाह तथा ज्वर होता है, उसको वृन्द कहते हैं।

चिकित्सा

सुश्रुत ने इसकी चिकित्सा का वर्णन नहीं किया है।

वाग्भट ने वृन्द में कफज रोहिणी की भांति चिकित्सा करने को कहा है।

आधुनिक मतानुसार इसे Tumor in throat कह सकते हैं।

10.1.12 शतघ्नी

वर्तिर्घना कण्ठनिरोधनी या चिताऽतिमात्रं पिशितप्ररोहैः।
नानारुजोच्छ्रायकारी त्रिदोषज्ज्ञेया शतघ्नीव शतघ्न्यसाध्या। (सु.नि. 16/59)

घनी वर्ति जो कण्ठ के मार्ग को रोकती है तथा अत्यधिक मांसांकुरों से युक्त हो एवं अनेक प्रकार की पीड़ा तथा उन्नतता को करने वाली, त्रिदोषज प्रकोप से उत्पन्न हुई तथा शतघ्नी के समान ग्रन्थि दिखाई दे, उसे असाध्य शतघ्नी कहते हैं।

भूरिमांसाङ्कुरवृता तीव्रतृड्ज्वरमूर्धरुक्॥ शतघ्नी निचिता वर्तिः शतघ्नीवातिरुक्करी। (अ.हृ.उ.त. 21/50)

बहुत से मांसांकुरों से भरी, तीव्र प्यास, ज्वर एवं सिर में वेदना हो तथा शतघ्नी (शस्त्र) के समान बहुत पीड़ा करने वाली तथा फैली हुई एवं वर्ति के समान, यह शतघ्नी होती है।

चिकित्सा

असाध्य है।

सुश्रुत और वाग्भट ने इसकी चिकित्सा का वर्णन नहीं किया है।

आधुनिक मतानुसार इसे Carcinoma of throat कह सकते हैं।

10.1.13 गिलायु

ग्रन्थिर्गले त्वामलकास्थिमात्रः स्थिरोऽल्परुक् स्यात् कफरक्तमूर्तिः।
संलक्ष्यते सक्तमिवाशनं च स शस्त्रसाध्यस्तु गिलायुसंज्ञः॥ (सु.नि. 16/60)

प्रकुपित कफ और रक्त से गले में आंवले की गुठली के बराबर स्थिर, मन्द वेदना युक्त गांठ को गिलायु कहते हैं। इससे ऐसा प्रतीत होता है कि गले में भोजन रुक गया हो तथा यह शस्त्र कर्म से साध्य है।

मांसकीलो गले दोषैरेकोऽनेकोऽथवाऽल्परुक्॥ कृच्छ्रोच्छ्वासाभ्यवहृतिः पृथुमूलो गिलायुकः। (अ.हृ.उ.त. 21/49)

दूषित वातादि दोषों से गले में मन्द वेदना वाले एक या अनेक मांसकील हो जाते हैं, जिसके कारण श्वास लेने एवं खाने में कठिनाई होती है, इसे गिलायु कहते हैं, इसकी जड़ मोटी होती है।

चिकित्सा

गिलायुश्चापि यो व्याधिस्तं च शस्त्रेणसाधयेत्। (सु.चि. 22/66)

गिलायु में शस्त्र के द्वारा चिकित्सा करनी चाहिए।

वाग्भट ने इसकी चिकित्सा कफज रोहिणी के समान कही है।

आधुनिक मतानुसार इसे Tumor in throat कह सकते हैं।

10.1.14 गलविद्रधि

सर्वं गलं व्याप्य समुत्थितो यः शोफो रुजो यत्र च सन्ति सर्वाः।
स सर्वदोषो गलविद्रधिस्तु तस्यैव तुल्यः खलु सर्वजस्य॥ (सु.नि. 16/61)

सर्व दोषों के प्रकोप से सम्पूर्ण गले को व्याप्त कर उत्पन्न शोथ जिसमें सब दोषों की पीड़ाएं प्रतीत हो, वह त्रिदोषज गलविद्रधि रोग है तथा त्रिदोषज विद्रधि के समान लक्षणों से युक्त होती है।

व्याप्तसर्वगलः शीघ्रजन्मपाको महारुजः॥ पूतिपूयनिभस्त्रावी श्वयथुर्गलविद्रधिः। (अ.हृ.उ.त. 21/51)

सम्पूर्ण गले में फैला हुआ, शीघ्र उत्पन्न होने वाला, शीघ्र पकने वाला, तीव्र वेदना से युक्त और दुर्गंधित पूय के समान स्राव युक्त शोथ गलविद्रधि कहलाता है।

चिकित्सा

अमर्मस्थं सुपक्वं च भेदयेद्गलविद्रधिम्। (सु.चि. 22/66)

मर्म स्थान से रहित तथा पकी हुई गलविद्रधि में भेदन करना चाहिए।

विद्रधौ स्राविते श्रेष्ठारोचनाताक्ष्र्यगैरिकैः। सरोध्रपटुपत्तङ्गकणैर्गण्डूषघर्षणे॥ (अ.हृ.उ.त. 22/64)

विद्रधि में रक्त निकाल कर त्रिफला, हल्दी, रसांजन, गेरु, लोध्र, नमक, लाल चंदन और पिप्पली के क्वाथ से गण्डूष करना चाहिए और इनके चूर्ण से घर्षण करना चाहिए।

आधुनिक मतानुसार इसे Parapharyngeal abscess कह सकते हैं।

PARAPHARYNGEAL ABSCESS

Parapharyngeal abscess is deep neck abscess. Parapharyngeal (Pharyngomaxillary) space is divided into anterior and posterior compartments by styloid process.

Causes

- Infections in tonsils.
- Infection in pharynx.
- Dental infection
- Mastoiditis.
- Parotitis.
- Ear infections.

Symptoms

- Sore throat
- Fever
- Odynophagia
- Trismus

Signs

- Displacement of lateral pharyngeal wall towards the midline.

Scanned with CamScanner

- Erythematous lateral neck swelling.
- Palpable tender mass below the angle of mandible.

Treatment

- Antibiotics e.g. Ceftriaxone, Clindamycin.
- Drainage of abscess. Abscess is drained by horizontal incision, made 2-3 cm below the angle of mandible.

10.1.15 गलौघ

शोफो महानन्नजलावरोधी तीव्रज्वरो वातगतेर्निहन्ता।
कफेन जातो रुधिरान्वितेन गले गलौघः परिकीर्त्यतेऽसौ। (सु.नि. 16/62)

रक्तसहित कफ के प्रकोप से गले में उत्पन्न महान शोथ जो कि अन्न और जल की गति को रोक देता है, तीव्र ज्वर से युक्त हो तथा वायु की गति का भी विनाश कर दे, उसे गलौघ कहते हैं।

बाह्यान्तः श्वयथुर्घोरो गलमार्गार्गलोपमः। गलौघो मूर्धगुरुतातन्द्रालालाज्वरप्रदः॥

(अ.हृ.उ.त. 21/48)

गले के मार्ग में अर्गल के समान बाहर और अन्दर घोर सूजन उत्पन्न हो जाए तथा सिर में भारीपन, तन्द्रा, लालास्राव और ज्वर हो, इसको गलौघ कहते हैं।

चिकित्सा

असाध्य है।

आधुनिक मतानुसार इसे Tumor in throat कह सकते हैं।

10.1.16 स्वरघ्न

योऽतिप्रताम्यञ् श्वसिति प्रसक्तं भिन्न स्वरः शुष्कविमुक्त कण्ठः।
कफोपदिग्धेष्वनिलायनेषु ज्ञेयः स रोगः श्वसनात् स्वरघ्नः॥ (सु.नि. 16/63)

जो (मनुष्य) अत्यन्त कष्ट के साथ निरंतर श्वास लेता हो, स्वर भिन्न हो गया हो, कण्ठ शुष्क तथा मुक्त प्रतीत होता हो तथा वायु के स्रोत कफ से लिप्त हो गए हो, उसे वात के प्रकोप से उत्पन्न स्वरघ्न जानना चाहिए।

श्लेष्मरुद्धानिलगतिः शुष्ककण्ठो हतस्वरः। ताम्यन् प्रसक्तं श्वसिति ये स स्वरहाऽनिलात्॥

(अ.हृ.उ.त. 21/57)

जब दुष्ट हुए कफ से कंठ में वायु की गति रुक जाती है, कंठ सूख जाता है, स्वर बैठ जाता है, रोगी मूर्च्छित सा हो जाता है और कष्टपूर्वक श्वास लेता है, वायु से होने वाला यह रोग स्वरहा (स्वरघ्न) कहलाता है।

चिकित्सा

इसकी चिकित्सा का उल्लेख सुश्रुत और वाग्भट ने नहीं किया है।

आधुनिक मतानुसार इसे Vocal cord paralysis कह सकते हैं।

VOCAL CORD PARALYSIS

Vocal cords are found at the level of Adam's apple (Thyroid cartilage) in the neck.

Vocal cords are very small 18 mm each in length in males and 11 mm each in females. Most of time, they remain apart forming V shaped opening. These are two bands of elastic tissue that

produce sounds when air is released from lungs and passed through closed vocal cords, causing them to vibrate. Each vocal cord is moved by the Recurrent laryngeal nerve; one on each side. If the nerve does not function properly, vocal cord cannot move. This is vocal Cord paralysis.

It is a voice disorder that occurs when one or both of vocal cords do not open or close properly. Vocal cord palsy is a common disorder.

Types

- Unilateral vocal cord palsy.
- Bilateral vocal cord palsy.

Causes

- Trauma: surgical, post-intubation.
- Viral infection.
- Tumors.
- Idiopathic.
- Metabolic: Diabetes Mellitus, Syphilis.
- Toxic: Heavy metal exposure like arsenic, mercury and lead etc.
- Medications: phenytoin, vincristine.

Symptoms

- Abnormal voice changes.
- Hoarseness and weak sound in unilateral and aphonia in bilateral palsy.
- Discomfort in the throat.

Signs

- Paralyzed vocal cord is fixed in paramedian position i.e. just lateral to the midline.
- The affected vocal cord is flaccid.
- Uninvolved vocal cord may compensate i.e. it crosses over the midline in next 2-3 months and meets the paralyzed one.

Treatment

- Speech therapy helps to improve the voice.
- Laryngoplasty (Thyroplasty) with implant e.g. silicon is performed for medialisation of paralyzed vocal cord.

10.1.17 मांसतान

प्रतानवान् यः श्वयथुः सुकष्टोगलोपरोधं कुरुते क्रमेण।
स मांसतानः कथितोऽवलम्बी प्राणप्रणुत् सर्वकृतो विकारः॥ (सु.नि. 16/64)

सर्व दोषों के प्रकोप से कण्ठ में फैलने वाला, अतिकष्टदायक शोथ जो कि क्रमशः बढ़कर कण्ठ में अवरोध उत्पन्न कर देता है तथा जो बाहर से नीचे लटकता हुआ दिखाई दे, उसे प्राणनाशक मांसतान कहते हैं।

वाग्भट ने इसका उल्लेख नहीं किया है।

चिकित्सा

सुश्रुत और वाग्भट ने इसकी चिकित्सा का वर्णन नहीं किया।

आधुनिक मतानुसार इसे Carcinoma of throat कह सकते हैं।

Scanned with CamScanner

10.1.18 विदारी

सदाहतोवं श्वयथुं सरक्तमन्तर्गले पूतिविशीर्णमासंम्।
पित्तेन विद्याद्वदने विदारीं पार्श्वे विशेषात् स तु येन शेते।।

(सु.नि. 16/64)

पित्त के प्रकोप से कण्ठ में दाह तथा सुई चुभने की पीड़ा से युक्त तथा लाल वर्ण एवं दुर्गन्धित तथा छिन्न-भिन्न मांस जिसमें हो जाए, ऐसे शोथ को विदारी कहते हैं। जिस पार्श्व में मनुष्य अधिक सोता हो, उस पार्श्व की तरफ यह रोग होता है।

वाग्भट ने इसका उल्लेख नहीं किया है।

चिकित्सा

इसकी चिकित्सा का वर्णन सुश्रुत और वाग्भट ने नहीं किया है।

आधुनिक मतानुसार इसे Cancer of throat कह सकते हैं।

10.1.19 गलगण्ड

पवनश्लेष्ममेदोभिर्गलगण्डो भवेद्वहिः। वर्धमानः स कालेन मुष्कवल्लम्बते निरुक्।।

(अ.हृ.उ.त. 21/53)

वात, कफ और मेद से गलगण्ड रोग होता है। वह क्रम से काल में बढ़ता हुआ मुष्क (testicles) की भांति लटकने लग जाता है तथा पीड़ा रहित होता है।

वातज गलगण्ड

कृष्णोऽरुणो वा तोदाढ्यः स वातात् कृष्णराजिमान्। वृद्धस्तालुगले शोषं कुर्याच्च विरसास्यताम्।।

(अ.हृ.उ.त. 21/54)

वातज गलगण्ड कृष्ण वर्ण का अथवा अरुण वर्ण का होता है, उसमें सुई चुभने जैसी पीड़ा होती है और काले रंग की रेखाओं से युक्त होता है। जब यह बढ़ जाता है तो तालु और कण्ठ में शोष तथा मुख का स्वाद फीका सा हो जाता है।

चिकित्सा

गलगण्डः पवनजः स्विन्नो निः सृतशोणितः। तिलैर्बीजेश्च लट्वोमाप्रियालशणसम्भवैः।।
उपनाह्यो, व्रणे रुढे प्रलेप्यश्च पुनः पुनः। शिग्रुतिल्वकतर्कारीगजकृष्णापुनर्नवैः।।
कालामृतार्कमूलैश्च पुष्पैश्च करहाटजैः। एकैविकान्वितैः पिष्टैः सुरया काञ्जिकेन वा।।

(अ.हृ.उ.त. 22/65-66)

वातज गलगण्ड में स्वेदन कराके रक्तस्राव कराना चाहिए। तिल, कुसुंभ के बीज, चिरौंजी और शण के बीज को पीसकर उपनाह करें। व्रण के पकने पर सहजन, तिल्वक, लोध्र, जीवन्ती, गजपीपल, पुनर्नवा, मंजीठ, गिलोय, आक की जड़, मैनफल के फूल और निशोथ इनको सुरा और कांजी में पीसकर गलगण्ड पर बार-बार लेप करना चाहिए।

गुडूचीनिम्बकुटजहंसपादीबलाद्वयैः। साधितं पाययेतैलं सकृष्णादेवदारुभिः।।

(अ.हृ.उ.त. 22/67)

गिलोय, नींब, कुटज, हंसपादी, बला, अतिबला, पिप्पली और देवदारु इनमें सिद्ध किया हुआ तैल वातज गलगण्ड वाले रोगी को पिलाना चाहिए।

कफज गलगण्ड

स्थिरः सवर्णः कण्डूमान्शीतस्पर्शेगुरुः कफात्। वृद्धस्तालुगलेलेपं कुर्याच्चमधुरास्यताम्।।

(अ.हृ.उ.त. 21/55)

कफज गलगण्ड स्थिर, त्वचा के वर्ण के समान वर्णवाला, खुजली युक्त, स्पर्श में शीतल और भारी होता है, जब यह बढ़ जाता है तो तालु और कण्ठ में उपलेप तथा मुख का स्वाद मीठा होता है।

चिकित्सा

कर्तव्यं कफजेऽप्येतत्स्वेदविम्लापने त्वति।।

(अ.हृ.उ.त. 22/68)

कफज गलगण्ड में स्वेदन और विम्लापन अधिक मात्रा में करें।

लेपोऽजगन्धातिविषविशल्यासविषाणिकाः। गुञ्जालाबुशुकाह्वाश्च पलाशक्षारकल्किताः।।

(अ.हृ.उ.त. 22/69)

कफज गलगण्ड पर अजवायन, अतीस, दन्ती, मेढासिड्गी, रत्ती, कड़वी तुम्बी, सोनापाठा इनको पलाश के क्षार में बारीक पीसकर लेप करना चाहिए।

मुत्रस्तुतं हठक्षारं पक्त्वा कोद्रवभुक् पिबेत्।। (अ.हृ.उ.त. 22/70)

जल कुंभी के क्षार को गोमूत्र में पकाकर पीवें और कोद्रव अन्न का सेवन करें।

साधितं वत्सकाद्यैर्वा तैलं सपटुपञ्चकैः। कफघ्नान् धूमवमननावनादींश्च शीलेयत्।

(अ.हृ.उ.त. 22/71)

वत्सकादि गण के क्वाथ तथा पांच लवणों से सिद्ध किया हुआ तैल का नस्य लें। कफनाशक धूम, वमन और नस्य का सेवन करना चाहिए।

मेदोज गलगण्ड

मेदसः श्लेष्मवृद्धानिवृद्धयोः सोऽनुविधीयते। देहं वृद्धश्च कुरुते गले शब्दं स्वरेऽल्पताम्।।

(अ.हृ.उ.त. 21/56)

मेदोज गलगण्ड कफज गलगण्ड के समान लक्षण वाला होता है तथा मनुष्य के शरीर की मेद वृद्धि से बढ़ता है और मेद के ह्रास होने से कम हो जाता है। बढ़ने पर कण्ठ से अस्पष्ट स्वरों की उत्पत्ति तथा वाणी में क्षीणता आ जाती है।

चिकित्सा

मेदोभवे सिरां विध्येत्कफघ्नं च विधिं भजेत्। असनादिरजश्चैनं प्रातर्मूत्रेण पाययेत्।।

(अ.हृ.उ.त. 22/72)

मेदोज गलगण्ड में सिरावेधन करें।

कफज गलगण्ड के समान चिकित्सा करनी चाहिए। रोगी को प्रातःकाल असनादि गण के चूर्ण को गोमूत्र के साथ पीना चाहिए।

(अ.हृ.उ.त. 22/73)

अशान्तो पाटयित्वा च सर्वान्व्रणवदाचरेत्।

यदि इन उपायों से गलगण्ड का शमन न हो तो उत्पाटन करके व्रण के समान चिकित्सा करें।

आधुनिक मतानुसार इसे Goitre कह सकते हैं।

GOITRE

It is the enlargement of thyroid gland. The gland is situated in front of throat below Adam's apple (larynx). It comprises two lobes on either sides of windpipe and is joined in front by isthmus. Thyroid gland secretes hormones to regulate many metabolic processes including growth and expenditure of energy.

The thyroid gland is controlled by pituitary gland, which is located in the brain. Thyroid secretes predominantly thyroxine T_4 and small amount of triiodothyronine T_3. The production of T_3 and T_4 is stimulated by thyroid stimulating hormone (TSH) which is a glycoprotein released from anterior pituitary.

Etiology

- Insufficient iodine in diet.
- High consumption of certain foods that neutralize iodine such as cabbage, cauliflower, peanuts and soyabeans.
- Certain drugs such as lithium and phenyl butazone.
- Thyroid Cancer.
- Hypothyroidism
- Hyperthyroidism
- Nodules growing on thyroid gland.

Insufficient secretion of T_3 and T_4 results in hypothyroidism or myxedema. Conversely, excessive secretion of T_3 and T_4 results in hyperthyroidism or thyrotoxicosis.

Hypothyroidism

Etiology

- The most common cause is surgical or radio iodine ablation of thyroid gland for treatment of Grave's disease.
- Hypothyroidism dating from birth resulting in developmental abnormalities is termed Cretinism.

Clinical Features

- Tiredness
- Hoarseness
- Hypertension
- Alopecia
- Weight Gain
- Cramping of muscles
- Muscle stiffness
- Constipation
- Cold intolerance
- Menorrhagia
- Dry flaky skin

Laboratory test

- Increased level of serum TSH.
- Decreased serum T_4.

Treatment

- Tab. Levothyroxine with daily dose of 25 microgram is given; the dose can be increased to 50 microgram.

Hyperthyroidism

It usually develops insidiously. Grave's Disease is most common cause of thyrotoxicosis. It is an autoimmune disease affecting thyroid gland, characterized by increase in synthesis and release of thyroid hormones.

Symptoms

- Weight loss
- Irritability
- Menstrual irregularity
- Vomiting
- Heat intolerance
- Fatigue
- Warm, moist skin
- Loose stools
- Weakness
- Tremor

The most common form of hyperthyroidism is Grave's disease, which is an autoimmune disorder. Graves patient often have a peculiar oedema behind the eyes called 'exophthalmos', which causes the eyes to protude.

Lab Investigation

- Increased level of serum T3 and T 4.
- Suppressed TSH levels.

Fig. 21 - Hyperthyroidism

Treatment

- Antithyroid drugs. Carbimazole 30-40 mg daily is the drug of choice.
- Beta-blockers e.g Propanolol 40 mg TDS.
- Subtotal thyroidectomy: Surgery is preferable in patients with large goiter and recurrent hyperthyroidism.
- Radioactive iodine : 1-131 acts by destroying functioning thyroid gland.

Tongue Tie (Ankyloglossia)

If tongue can be protruded beyond the lower incisors, it is unlikely to cause speech defects. This is congenital condition and can cause problems in the speech.

Treatment

Transverse incision of the frenulum followed by vertical suturing.

अध्याय-11

सर्वसर रोग

सर्वसरास्तु वातपित्तकफशोणित निमित्ताः॥ (सु.नि. 16/66)

सर्वसर रोग वात, पित्त, कफ और रक्त के [illegible] होते हैं।

सुश्रुत ने सर्वसर रोग तीन माने हैं: वातज, पित्तज, कफज मुखपाक।

रक्तज को पित्तज में ही ले लेते हैं।

वाग्भट ने सर्वसर रोग के 8 प्रकार कहे हैं।

शाङ्गर्धर ने सर्वसर रोगों को 'मुखान्तसम्भवरोग' नाम से कहा है तथा इसके 8 भेद माने हैं।

11.1 वातज मुखपाक

स्फोटैः सतोदैर्वदनं समन्ताद्यस्याचितं सर्वसरः स वातात्। (सु.नि. 16/67)

जिसमें सारा मुख पीड़ायुक्त व्रणों से व्याप्त हो जाता है, वह वातज सर्वसर रोग हैं।

करोति वदनस्यान्तर्व्रणानृ सर्वसरोऽनिलः। सञ्चरिणोऽरुणान् रुक्षानोष्ठौ ताम्रौ चलत्वचौ॥
जिह्वा शीतासहा गुर्वी स्फुटिता कंटकाचिता। विवृणोति च कृच्छ्रेण मुखं पाको मुखस्य सः॥

(अ.हृ.उ.त. 21/59)

वायु मुख के भीतर प्रसार करती हुई, अरुण और रुक्ष व्रणों को करती है। ओष्ठ ताम्र व्रण के हो जाते हैं और इनकी त्वचा छिल जाती है। जिह्वा शीत स्पर्श का सहन नहीं कर पाती तथा वह भारी, फटी हुई और कण्टकों से व्याप्त होती है और रोगी कठिनाई से मुख को खोलता है, इसको वातज मुखपाक कहते हैं।

चिकित्सा

वातात् सर्वसरं चूर्णैर्लवणैः प्रतिसारयेत्॥ तैलं वातहरैः सिद्धं हितं कवलनस्ययोः।
ततोऽस्मै स्नैहिकं धूममिमं दद्याद्विचक्षणः॥ (सु.चि. 22/67-68)

वातज सर्वसर में पंचलवण के चूर्ण से प्रतिसारण, वातहर द्रव्यों से सिद्ध तैल का कवल धारण तथा नस्य हितकर होता है और इन द्रव्यों का धूम देना चाहिए-शाल, एरण्ड, सारवृक्ष, हिंगोट, गुग्गुलु, जटामांसी, तगर, लवङ्ग, [illegible]ल और मोम।

मुखपाकेऽनिलात् कृष्णापट्वेलाः प्रतिसारणम्। तैलं वातहरैः सिद्धं हितं कवलनस्ययोः॥

(अ.हृ.उ.त. 22/75)

वातज मुखपाक में पिप्पली, सैन्धानमक और इलायची से प्रतिसारण करें। वातहर द्रव्यों से सिद्ध तैल का कवल और नस्य हितकारी होता है।

11.2 पित्तज मुखपाक

रक्तैः सवाहैस्तनुभिः सपीतैर्यस्याचितं चापि स पित्तकोपात्। (सु.नि. 16/67)

पित्तज मुखपाक में दाहयुक्त, लाल तथा पीले, पतले स्फोट सारे मुख में हो जाते हैं।

मुखस्य पित्तजे पाके दाहोषे तिक्तवक्त्रता। क्षारोक्षित क्षतसमा व्रणाः (अ.हृ.उ.त. 21/61)

पित्तज मुखपाक में दाह, ओष तथा मुख का स्वाद कड़वा हो जाता है तथा क्षार से हुए क्षत के समान व्रण मुख में हो जाते हैं।

चिकित्सा

पित्तात्मके सर्वसरे शुद्धकायस्य वोहिनः। सर्वः पित्तहरः कार्यो विधिर्मधुरशीतलः॥

(सु.चि. 22/72)

पित्तज मुखपाक में शरीर का शोधन करके सम्पूर्ण पित्तनाशक, मधुर और शीतल क्रिया करनी चाहिए।

पित्तास्त्रे पित्तरक्तघ्नः- (अ.हृ.उ.त. 22/76)

पित्तज और रक्तज मुखपाक में पित्त रक्तनाशक चिकित्सा करें।

11.3 कफज मुखपाक

कण्डूयुतैरल्परुजैः सवर्णैर्यस्याचितं चापि स वै कफेन। (सु.नि. 16/68)

कफज मुखपाक में सारा मुख कण्डूयुक्त, अल्प पीड़ायुक्त तथा समान वर्ण वाले स्फोटों से व्याप्त हो जाता है।

कफजे मधुरास्यत्वं कण्डूमत्पिच्छिला व्रणाः। अन्त कपोलमाश्रित्य श्यावपाण्डु कफोऽर्बुदम्॥
कुर्यात्तद् घट्टित छिन्नं मृदितम् च विवर्धते। (अ.हृ.उ.त. 21/62)

कफज मुखपाक में मुख में मधुरता, कण्डूयुक्त और पिच्छिल व्रण हो जाते हैं। कफ कपोल के भीतरी भाग में आश्रय करके श्याव एवं पाण्डु वर्ण का अर्बुद उत्पन्न करता है। यह अर्बुद घिसने पर, काटने पर अथवा दबाने पर बढ़ जाता है।

चिकित्सा

प्रतिसारणगूण्डषौ धूमः संशोधनानि च। कफात्मके सर्वसरे विधिं कुर्यात् कफापहम्॥73
पिबेदातिविषां पाठा मुस्तं च सुरवारु च। रोहिणीं कटुकाभ्यां च कुटजस्य फलानि च॥74
गवां मूत्रेण मनुजो भागैर्धरणसंमितैः। एष सर्वान् कफ कृतान् रोगान् योगोऽपकर्षति॥

(सु.चि. 22/73-75)

कफज मुखपाक में प्रतिसारण, गण्डूष, संशोधन तथा कफ नाशक क्रिया करनी चाहिए। अतीस, पाठा, नागरमोथा, देवदारु, कुटकी और इन्द्रयव का एक धरण (24 रत्ती) चूर्ण गोमूत्र के साथ रोगी को पिलाना चाहिए। यह योग सम्पूर्ण कफजन्य विकारों को नष्ट करता है।

-कफघ्नश्च कफे विधिः। लिखेच्छाकादिपत्रैश्च पिटिकाः कठिनाः स्थिराः॥

(अ.हृ.उ.त. 21/77)

कफजन्य मुखपाक में कफनाशक विधि करें। कठिन, स्थिर पिड़िकाओं को शाक आदि के पत्तों से लेखन करें।

Scanned with CamScanner

11.4 रक्तज मुखपाक

रक्तेन पित्तोदित एक एव कैश्चित प्रविष्टो मुखपाक संज्ञः॥ (सु.नि. 16/68)

रक्तज मुखपाक में पित्तज मुखपाक सदृश लक्षण होते हैं।

मुखस्य पित्तजे पाके दाहोषो तिक्तवक्त्रता। क्षारोक्षितक्षतसमा व्रणाः, तद्वच्च रक्तजे॥ (अ.हृ.उ.त. 21/61)

रक्तज मुखपाक में दाह, ओष, मुख में तिक्तता तथा क्षार से हुए क्षत के समान व्रण बन जाते हैं।

चिकित्सा

रक्तज मुखपाक में पित्त रक्तनाशक चिकित्सा करनी चाहिए।

11.5 त्रिदोषज मुखपाक

मुखपाको भवेत्सत्रै सर्वैः सर्वाकृतिर्मलैः॥ (अ. हृ. उ. त. 21/63)

सर्वज मुखपाक सभी दोषों (वात, पित्त, कफ, रक्त) से होता है तथा इसमें सब दोषों के लक्षण मिलते हैं। सुश्रुत ने इसका वर्णन नहीं किया है।

चिकित्सा

यथादोषोदयं कुर्यात्सन्निपाते चिकित्सतम्। (अ. हृ. उ. त. 22/78)

त्रिदोषज मुखपाक में दोष की अधिकता के अनुसार चिकित्सा करें।

आधुनिक मतानुसार इसे Stomatitis कह सकते हैं।

STOMATITIS

Stomatitis is an inflammation of mucous membrane of the mouth.

Types

- **Traumatic Stomatitis**

  Mucosa is ulcerated and hyperemic and the lesion is painful.

- **Aphthous Stomatitis** (Recurrent ulcerative stomatitis) This is common recurrent condition characterized by painful, superficial ulceration in the mouth. The ulcers are often multiple, usually 1-2 mm with yellow gray fibrinoid centers surrounded by red halos.

- **Infective Stomatitis**

  (a) **Viral (Herpal Stomatitis)** - It is characterized by small, multiple, painful vesicles on lips and the buccal mucosa.

  (b) **Bacterial (Ulcerative Stomatitis)** - Ulcers with ragged necrotic margins occur especially on gums but may involve palate, lips and inner aspects of cheeks. The ulcers are covered by gray slough surrounded by an erythematous margin.

  (c) **Fungal (Candidiasis)** - The lesion appears like white patches on buccal mucosa and tongue with surrounding erythema.

Causes

- Poor oral hygiene.
- Cheek biting.
- Poorly fitted oral appliances can cause irritation to the oral mucosa.
- Chronic mouth breathing may cause dryness of mouth tissues.
- Taking very hot drinks and food items.
- Diseases like measles, leukaemia, pellagra, gonorrhoea and AIDS.
- Radiotherapy and chemotherapy can cause stomatitis by destroying the healthy cells of the oral cavity.
- Nutritional deficiency like vitamin B, vitamin C, iron etc.
- Injudicious use of the strong mouth washes.

Signs and Symptoms

- Reddened mucous membrane of the mouth.
- Increased sensitivity to the spicy food.
- Dry or swollen tongue.
- Increased salivation.
- Restlessness.
- Painful areas in the mouth.
- Difficulty in swallowing.
- Presence of ulcers in the oral cavity.
- Fetor of breath.

Treatment

- Oral hygienic measures.
- Topical steroids as tablet hydrocortisone 2.5 mg or tablet betamethasone 0.1 mg.
- Treat the underlying cause.
- Anaesthetic mouth wash.

11.6 असाध्य रोग

दन्तेषु च न सिध्यन्ति श्यावदालनभञ्जनाः। जिह्वागतेष्वलासस्तु ताल्व्येष्वर्बुदं तथा।
स्वरघ्नो वलयो वृन्दो विदार्यलस एवं च। गलौघो मांसतानश्च शतघ्नी रोहिणी च या। (सु.चि. 22/79-80)

दन्तगत रोगों में श्यावदन्त, दालन और भञ्जनक असाध्य है। जिह्वागत रोगों में अलास असाध्य है। तालुगत रोगों में अर्बुद एवं कण्ठगत रोगों में स्वरघ्न, वलय, वृन्द, विदारी, अलस, गलौघ, मांसतान, शतघ्नी और रोहिणी असाध्य है।

Scanned with CamScanner

अध्याय-12

सन्धान परिचय

12.1 कर्णसन्धान

कर्णसन्धान का वर्णन सुश्रुत ने सूत्र स्थान के सोलहवें अध्याय 'कर्णव्यधबन्धविधि' में किया है ।

कर्णवेध

शिशु का षष्ठ या सप्तम मांस में दैवकृत छिद्र में कर्णव्यधन किया जाता है । कालिका, मर्मरिका और लोहितका सिराओं में जब वेधन होता है, तब उपद्रव उत्पन्न होते हैं ।

कर्णसन्धानविधि

एवं विवर्धितः कर्णश्छिद्यते तु द्विधा नृणाम्। वोषतो वाऽभिघाताद्वा सन्धानं तस्य मे श्रृणु॥

(सु.सू. 16/9)

(कर्णवेध के छिद्र को बढ़ाने के लिए उत्तरोत्तर बड़े आकार के वर्धनकों का प्रयोग किया जाता है) कदाचित इस प्रकार से विर्वधित कर्णछिद्र दोष प्रकोप से अथवा आघात से अत्यधिक बढ़कर (कर्णपाली को) दो भागों में विभक्त कर देता है।

कर्ण सन्धान करने की 15 विधियां होती है।

1. नेमिसन्धानक	2. उत्पलभेद्यक	3. वल्लूरक	4. आसड्गिम
5. गण्डकर्ण	6. आहार्य	7. निर्वेधिम	8. व्यायोजिम
9. कपाटसन्धिक	10. अर्धकपाटसन्धिक	11. संक्षिप्त	12. हीनकर्ण
13. वल्लीकर्ण	14. यष्टिकर्ण	15. काकौष्ठक	

1. नेमिसन्धानक-यदि कर्णपाली के दोनों भाग मोटे, फैले हुए तथा समान हो, तो नेमिसंधानक बन्ध का प्रयोग करें।
2. उत्पलभेद्यक-यदि दोनों पालियां गोल, लम्बी और बराबर हो, उत्पलभेद्यक बंध प्रयोग करें।
3. वल्लूरक-छोटी, गोल और दोनों कर्णपालियां बराबर हो, तो वल्लूरक बंध का उपयोग करें।
4. आसड्गिम-अभ्यंतर पालि लम्बी हो तो, आसड्गिम बन्ध बांधे।
5. गण्डकर्ण-यदि बाहर की कर्णपाली दीर्घ हो, तो गण्डकर्ण बन्ध बांधे ।

6. आहार्य-जब दोनों ओर कर्णपाली न हो, तो आहार्य बन्ध का प्रयोग करें।
7. निर्वेधिम-यदि दोनों कर्णपालियां मूल से ही छिन्न हो, तो कर्णपुत्रिका के शेष भाग का आश्रय करके निर्वेधिम बन्धन बांधना चाहिए।
8. व्यायोजिम-यदि पालि का एक भाग स्थूल हो तथा दूसरा सूक्ष्म हो एवं एक समान तथा दूसरा विषम हो तो वहां व्यायोजिम बन्धन बांधना चाहिए।
9. कपाटसन्धिक-यदि एक पाली भीतर से दीर्घ तथा दूसरी बाहर से छोटी हो, तो कपाटसन्धिक बन्धन उपयुक्त होता है।
10. अर्धकपाटसन्धि-यदि कणपाली का बाहरी भाग दीर्घ, भीतर का अल्प हो, तो अर्धकपाटसन्धिक बंधन बांधे।

    कर्णसन्धान के उपरोक्त दस भेद साध्य होते हैं।

11. संक्षिप्त- जिसमें बाह्य पाली का शुष्कली भाग सूख गया हो तथा पाली का भाग नष्ट हो एवं दूसरा भाग भी अल्प हो गया हो, उसमें संक्षिप्त बन्ध का उपयोग करें ।
12. हीनकर्ण-जहां पाली का अधिष्ठान न हो तथा गण्ड के दोनों ओर भी मांस अल्प हो, वहां हीनकर्ण बंध का प्रयोग करना चाहिए ।
13. वल्लीकर्ण-यदि पाली पतली, टेढ़ी-मेढ़ी और अल्प हो, तो वल्लीकर्ण का प्रयोग करना चाहिए ।
14. यष्टिकर्ण-यदि पाली के मांस में गांठें पड़ गई हो, सिराएं स्तब्ध (फूली हुई) और पाली छोटी हो, तो यष्टिकर्ण बन्ध बांधे ।
15. काकौष्ठक-यदि पाली मांसरहित, संक्षिप्त अग्रभाग वाली तथा अल्प रक्त युक्त हो तो काकौष्ठक बंधन प्रयुक्त करें ।

संक्षिप्त, हीनकर्ण, वल्लीकर्ण, यष्टिकर्ण और काकौष्ठक बंधन असाध्य होते हैं । इन बंधनों के करने पर शोथ, दाह, लालिमा, पाक, पिड़िकाएं और पूय का स्राव हो तो सन्धान में कार्यसिधि प्राप्त नहीं होती है।

निर्वेधिम के लिए सन्धान कर्म इस प्रकार करें :-

यस्य पालिद्वयमपि कर्णस्य न भवेदिह।
कर्णपीठं समे मध्ये तस्य विद्ध्वा विवर्धयेत्। (सु.सू. 16/13)

जिस मनुष्य के कर्ण में दोनों पालियां न हो, उसके कर्णपीठ के मध्य के समान स्थान में वेधन करके वर्धन करना चाहिए।

कपाटसन्धिक, अर्धकपाटसन्धिक बंध में सन्धान सूत्र निम्न प्रकार हैं :-

बाह्यायामिह दीर्घायां सन्धिराभ्यन्तरो भवेत्। आभ्यन्तरायां दीर्घायां बाह्यः सन्धिरुदाहृतः॥

(सु.सू. 16/9)

बाहर की कर्णपाली लम्बी हो, तो भीतर की ओर सन्धान करना चाहिए एवं यदि भीतरी कर्णपाली लम्बी हो, तो बाहर की ओर सन्धान करना चाहिए।

आसड्गिम बंध का सन्धान सूत्र इस प्रकार है :-

एकैव तु भवेद पालि स्थला पृथ्वी स्थिरा च या। (सु.सू. 16/15)
तां द्विधा पाटयित्वा तु छित्त्वा चोपरिसन्धयेत्॥

यदि एक ही कर्णपाली मोटी, चौड़ी और स्थिर हो तो उसे बीच में चीरकर ऊपर की ओर जोड़ देना चाहिए।

आहार्य बंध के लिए सन्धान सूत्र :-

गण्डादुत्पाट्य मांसेन सानुबन्धेन जीवता। कर्णपालीमालेस्तु कुर्यान्निर्लिख्य शास्त्रवित्॥

(सु. सू. 16/16)

गण्ड (कपोल) से मांस को लेखन द्वारा उत्पाटित करके तथा इस मांस का दूसरा सिरा गण्ड से जुड़ा रखकर (ताकि मांस जीवित रहे) कर्णपाली का निर्माण शास्त्रोक्त विधि से करें ।

कर्णसन्धान की विधि

अतोऽन्यतमं बन्धं चिकीर्षुरग्रोपहरणीयोक्तोपसम्भृतसम्भारं विशेषतश्चात्रेपहरेत्, सुरामण्ड, क्षीरमुदकं धान्याम्लं कपालचूर्णञ्चेति। ततोऽङ्गनां पुरुषं वा ग्रथितकेशान्तं लघु भुक्तवन्तमाप्तैः सुपरिगृहीतं च कृत्वा बन्धमुपधार्य्य छेद्यभेद्यलेख्यव्य- धनैरुपपन्नैरुपपाद्य कर्णशेणितमवेक्ष्य दुष्टमदुष्टं वेति। तत्र वातदुष्टे धान्याम्लोष्णोदकाभ्यां, पित्तदुष्टे शीतोदकपयोभ्यां, श्लेष्मदुष्टे सुरामण्डोष्णीदकाभ्यां प्रक्षाल्यं कर्णौ पुनरवलिख्यानुन्नतमहीनमविषमञ्च कर्णसन्धि सन्निवेश्य, स्थितरक्तं सन्दध्यात्। ततो मधुघृतेनाभ्यज्य पिचुप्लोतयोरन्यतरेणावगुण्ठ्य सूत्रेणानवगाढमनीतशिथिलञ्च बद्ध्वा कपालचूर्णेनावकीर्य्याचारिकमुपदिशेद् द्विव्रणीयोक्तेन च विधानेनोपचरेत्॥

(सु. सू. 16/17)

उपर्युक्त बन्धनों में से किसी एक बन्धन को करने की इच्छा वाला वैद्य 'अग्रोपहरणीय' अध्याय में वर्णित आवश्यक सामग्री का संचय करें। विशेषतया सुरामण्ड, दुग्ध, जल, कांजी और टूटे-फूटे मिट्टी के बर्तन का महीन चूर्ण पास में रखें, फिर पुरुष जो हो उसके शिर के बालों को ठीक तरह से पीछे की ओर बांधकर हल्का भोजन कराके, उसके बन्धुओं द्वारा पकड़वाकर जो बन्धन लगाना हो उसका निश्चय करके छेदन, भेदन, लेखन और वेधन इनमें से जो उचित क्रिया हो उसे करके कान के रक्त को देखकर निर्णय करे कि यह रक्त दूषित है या अदूषित। यदि वायु से दूषित रक्त हो, तो कांजी और गर्म जल से, पित्त से दूषित रक्त हो, तो ठण्डे पानी तथा दुग्ध से तथा कफ से दूषित हो तो, सुरामण्ड और गर्म जल से कानों को प्रक्षालित कर बाद में उस स्थान का लेखन कर्म करके कर्णसंधि को न ऊँचे न नीचे और न विषम रखकर रक्तस्रुति के बंद होने पर संधान कर देना चाहिए। फिर शहद और घृत लगाकर रुई या कपड़े से ढककर डौर से न अधिक गाढ़ा तथा न अधिक शिथिल बांधकर कपाल का चूर्ण छिड़ककर आहार विहार का उपदेश करना चाहिए तथा द्विव्रणीय अध्याय में कहे हुए विधान के अनुसार उपचार करना चाहिए।

कर्ण संधान में निषेध

विघट्टनं दिवास्वप्नं व्यायामतिभोजनम्। व्यवायमग्निसन्तापं वाक्श्रमञ्च विवर्जयेत्॥

(सु.सू. 16/18)

कर्ण का आघात, दिन में सोना, अग्नि का ताप, अधिक भाषण और परिश्रम का त्याग कर देना चाहिए। बन्धन के समय यदि कर्णपाली से अशुद्ध रक्त निकलता हो या अधिक मात्रा में रक्त निकलता हो अथवा कम मात्रा में रक्त निकले तो सन्धान नहीं करना चाहिए । वातदुष्ट रक्त में सन्धान करने से रोपित होने पर परिपोट रोग हो जाता है। पित्तदुष्ट रक्त को संधानवत रोकने पर दाह, पाक, लालिमा तथा वेदना होती है। कफ से दूषित रक्त में सन्धान करने से स्तब्धता तथा खुजली होती है। अधिक रक्त की प्रवृत्ति की अवस्था में सन्धान करने से वह स्थान काला तथा शोथ युक्त हो जाता है। रक्त की क्षीणावस्था में सन्धान करने से मांस कम रहने के कारण उस स्थान की वृद्धि नहीं होती है।

पश्चात कर्म

तीन दिन तक कच्चे तैल से व्रण का परिषेक करें। तीसरे दिन पिचु को बदल दें। जब व्रण का ठीक प्रकार से रोपण हो जाए तथा कोई उपद्रव न हो एवं उसका रंग त्वचा के समान हो तब उसके छिद्र को वर्धन द्वारा धीरे-धीरे बढ़ाना चाहिए। अगर इस प्रकार से न करें तो शोथ, दाह, पाक लालिमा और पीड़ा होती है अथवा फट जाता है।

कर्ण वर्धन

कर्ण का ठीक प्रकार से रोपण होने पर अभ्यंग करें। गोधा, प्रतुद, विष्किर, जलीय प्राणियों की वसा और मज्जा, दूध, घृत, श्वेत सरसों का तैल लेकर बला, सारिवा, अपामार्ग, मधुरादि गण की औषधियों के कल्क के साथ पाक करना चाहिए।

जौ, असगन्ध, मुलेठी और तिल चूर्ण से उभटन करना लाभदायक हाता है। जो कर्ण उक्त प्रकार से स्वेदन, स्नेहन, उद्वर्तन तथा अभ्यंग करने से नहीं बढ़ता तो अपाङ्ग प्रदेश में प्रच्छान करना चाहिए। कर्ण के बाह्य प्रदेश (कर्णपुत्रिका) में प्रच्छान नहीं करना चाहिए।

आधुनिक मतानुसार इसे Lobuloplasty कह सकते हैं ।

Lobuloplasty/Otoplasty

There are some surgical & non surgical procedures to restore the normal anatomy of external ear, termed as Otoplasty.

Sometimes the pinna may be deformed, very small or absent congenitally or may be damaged by trauma later on. This requires a cosmetic repair. This is done by a plastic surgeon by restructuring the cartilaginous support framework of the pinna.

12.2 नासा सन्धान

रोग के द्वारा या किसी शत्रु के द्वारा नासिका कट जाने पर उसको जोड़ने की विधि इस प्रकार है - छिन्न नासिका के बराबर किसी वृक्ष का पत्ता लेकर उसके प्रमाणानुरूप गण्ड प्रदेश से मांस लें। परंतु एक ओर से मांस लगा रहे ताकि उसमे रक्त का संचार होता रहे। नाक के अग्र भाग का विलेखन करते हुए उस स्थान पर वह गण्डस्थ मांस लगाकर सुई से सीवन कर्म करके बन्धन लगाकर छोड़ दें। फिर नासा के रन्ध्रों में दो एरण्ड नाल प्रवेश कर नासा को कुछ ऊंची उठा दें। उस पर लाल चन्दन, मुलेठी और रसोंत का महीन चूर्ण छिड़कना चाहिए। उसे वस्त्र से ढककर तिलों के तैल से बार-बार सेंचन करते रहना चाहिए। भोजन के पच जाने पर घृतपान कराना चाहिए।

स्निग्ध होने पर विरेचन कर्म कराना चाहिए। जब ठीक प्रकार से नासा जुड़ जाए तो गण्डस्थ मांस को काट देना चाहिए। यदि नाक छोटी रह गई हो तो उसे फिर से बढ़ाने की कोशिश करनी चाहिए। यदि मांस अधिक बढ़ जाए तो काटकर समान कर देना चाहिए।

आधुनिक मतानुसार इसे Rhinoplasty कह सकते हैं।

12.3 ओष्ठ सन्धान

कटे हुए ओष्ठ या जन्म से ही विभक्त ओष्ठ में ओष्ठ सन्धान किया जाता है। ओष्ठ सन्धान की विधि नासा सन्धान के समान ही है, परंतु इसमें एरण्ड नाल का उपयोग नहीं होता है।

आधुनिक मतानुसार इसे Labioplasty कह सकते हैं।

Scanned with CamScanner

अध्याय-13

लालास्त्रावी ग्रंथी परिचय

13.1 लालास्त्रावी ग्रंथियों का ज्ञान

Salivary gland produces saliva, which moists the food to aid chewing and swallowing. Saliva contain enzymes that begin digestion process. Saliva also cleans the mouth by washing away the bacteria and the food particles. Their secretions pour into ducts that empty into the oral cavity.

There are three pairs of salivary gland.

1. Parotid glands. 2. Submandibular glands. 3. Sublingual glands.

Parotid glands (para-around; otia-ear) are located inferior and anterior to the ears between skin and masseter muscle. Each secretes into the oral cavity via a duct called the parotid (Stensen's duct) that opens opposite the second maxillary molar tooth.

Submandibular glands are found beneath the base of the tongue in the posterior part of the floor of the mouth. Their ducts (Wharton's duct) open in the floor of the mouth.

Sublingual glands are superior to the submandibular glands. Their ducts (Rivinus ducts) opens into the floor of the mouth.

13.2 लालास्त्रावी ग्रंथी गत रोग

The problems that can be associated with salivary gland disorders are:

- Salivary gland cancer.
- Salivary stones.
- Mucous pooling.
- Dry mouth.
- Pain, swelling and infection.



Fig. 22 - Location of Salivary glands

Sialolithiasis (Salivary gland stones)

Tiny calcium rich stones called sialoliths or salivary calculi; Sometimes form inside the salivary gland

Causes

- The exact cause is unknown. Some stones may be related to dehydration, which thickens the saliva.
- Decreased food intake, which lowers the demand for saliva.
- Medications that decrease saliva production e.g. blood pressure drugs, antipsychatric drugs. Some stones sit inside gland without causing any symptoms. In other cases, stone block gland's duct either partially or completely.

Symptoms

Painful lump, usually in the floor of the mouth. Pain worsens during eating as stone blocks flow of saliva.

Treatment

- Excision of the calculus under the local anaesthesia if the calculus is palpable intraorally.
- Sialadectomy is advised for recurrent or unpalpable stones.

Sialadenitis

It is bacterial infection of salivary gland that is usually caused by Staphylococcus, Streptococcus. Although it is very common among elderly adults with salivary gland stones, sialadenitis may occur in children during first few weeks of life.

The causative factors are same as that of Sialolithiasis.

Symptoms

- Tendor, painful lump in cheek or chin.
- Foul smelling discharge of pus from duct into mouth.
- Chills.
- Fever.
- Malaise.

Treatment

- Antibiotics
- Analgesics
- Drainage of abscess by preauricular incision.

Salivary Cysts

They are tiny fluid filled sacs. Babies are sometimes born with cyst in the parotid gland because of problems related to ear development before birth. Later in life, other types of cyst can form in minor or major salivary glands because of traumatic injuries, infections or tumors. One of the most common types is mucocele; mucus filled cyst that occurs inside the lower lip.

Symptoms

- Painless lump that sometimes grows large enough to interfere with swallowing, chewing and speaking. Mucoceles can burst releasing straw colored liquid.

Scanned with CamScanner

Treatment

- Excision of the cyst under the local anaesthesia.

Salivary tumors

- About 80% of salivary gland tumors occur in parotid gland and majority are benign (non-cancerous). The most common type of benign parotid tumor, a pleomorphic adenoma, usually appears as slow growing painless lump at the back of jaw, just below ear lobe.
- Risk factors include smoking and radiation and they usually occurs in adults.
- They are removed surgically. In some cases, radiation therapy is given to prevent their recurrence.

Sjogren's Syndrome (Sicca Syndrome)

This syndrome is characterized by the swelling of the salivary gland with xerostomia and xerophthalmia. It is an autoimmune disorder involving exocrine glands of the body.

Clinical Types

Primary Sjogren's syndrome.

Secondary Sjogren's syndrome.

- Dryness of mouth (xerostomia)
- Xerophthalmia.

Secondary also includes autoimmune connective tissue disorder like Rheumatoid arthritis.

Treatment is symptomatic.

Mumps (Viral Parotitis)

It is an inflammation and enlargement of the parotid glands. It is a common, contagious, viral disease usually occurring in children. One episode is believed to give life long immunity.

Etiology

Age: Mostly affects children below 15 years, but it can occur in adults.

Causative factor: It is viral disease, which spreads by droplet infection.

Incubation period: 2-3 weeks.

Signs and Symptoms

- Swelling occurs on one or both sides of the face.
- Severe pain worsened by swallowing.
- Low-grade fever.
- Malaise.
- Trismus.
- Tenderness of the parotid gland.
- The opening of parotid duct becomes swollen and congested.

Complications

- Epididymo-orchitis.
- Pancreatitis.
- Meningitis.
- Unilateral irreversible sensorineural deafness.

Treatment

- Bed rest
- Analgesics
- Soft bland diet
- Local heat.

Prophylaxis: MMR vaccine.

✻ ✻ ✻

कर्ण, नासिका, कण्ठ एवम् दन्त के प्रयुक्त यंत्र

ENT & DENTAL INSTRUMENTS

1. **Tongue depressor:** It has two blades and is L-shaped. It should not press the tongue forcibly. It is used for:
   (i) Examining the oral cavity.
   (ii) For checking nasal blast of air in nasal obstruction.
   (iii) Retraction of cheek and lip.

Tongue depressor

2. **Doyen's Mouth gag:** It has curved blades and is inserted in the closed position in the mouth and is gradually opened. It is used for:
   (i) Operations of the oral cavity like tonsillectomy.
   (ii) Opening the mouth of an unconscious patient.



Doyen's Mouth gag

Scanned with CamScanner

निर्देश

इसका प्रयोग मन्या रोग, मुख रोग, हल्लास, मुखशोष, कर्ण रोग, पीनस, प्रसेक, अरुचि, तन्द्रा, नेत्ररोग, शिरोरोग तथा कण्ठ रोगों में किया जाता है। दिनचर्या में भी इसकी महत्ता है। नित्य तैल का गण्डूष धारण करने से हनु बलवान होता है, स्वर उत्तम रहता है, रसों का ज्ञान ठीक होता है, दांत दृढ़ रहते है, मुखशोष नहीं होता तथा मुख में कान्ति बनी रहती है।

कवल/गण्डूष में प्रयुक्त द्रव, द्रव्य

इसमें घृत आदि स्नेह, गोदुग्ध, मधु, जल, औषधियों के स्वरस का प्रयोग किया जाता है। गण्डूष द्रव पदार्थों से किया जाता है, जबकि कवल कल्क से किया जाता है ।

विधि

व्यक्ति मंगलाचरण करने के बाद, निर्वात स्थान पर सुखासन पर एकाग्र मन होकर बैठ जाए। स्कन्ध, कण्ठ, कपोल व ललाट प्रदेश का स्वेदन व मर्दन करें। जब कवल/गण्डूष मुख में धारण किया गया हो उस समय मुख किंचित ऊपर की ओर रहना चाहिए और औषध को निगलना नहीं चाहिए।

मात्रा

आचार्य शार्ङ्गधर का मत है कि गण्डूषार्थ लिए जाने वाले द्रव में औषध द्रव्यों की मात्रा 1 कोल (आधा तोला- 5 ग्राम) होनी चाहिए और कवलार्थ औषध द्रव्यों की मात्रा 1 कर्ष (1 तोला - 10 ग्राम) होनी चाहिए।

धारण काल

इसके बाद पुन: स्कन्ध, गले, कपोल और ललाट का स्वेदन और मर्दन करें। इसे प्रकार उत्क्लिष्ट कफ मुख में आ जाता है । इसे तब तक मुख में धारण करना चाहिए जब मुख कपोल पर्यन्त कफ पूर्ण हो जाए और नासा, नेत्र से स्राव होने लगे।

कवल/गण्डूष धारण करने की आयु

पांच वर्ष की आयु से यह किया जा सकता है।

प्रकार

कवल/गण्डूष चार प्रकार का होता है -

स्नैहिक, प्रसादन, शोधन, रोपण।

स्निग्ध - वातज रोगों में प्रयोग किया जाता है तथा मधुर, अम्ल, लवण रस वाले द्रव्यों से निर्मित होता है।

प्रसादन - पित्तज रोगों में मधुर, शीतल प्रसादन कवल/गण्डूष करें।

शोधन - कफज रोगों में प्रयुक्त होता है तथा तिक्त, कटु, अम्ल, लवण और उष्ण द्रव्यों के कल्क, क्वाथादि से धारण करना चाहिए।

रोपण - मुख के व्रणों में प्रयोग करते हैं तथा मधुर, तिक्त, कटु द्रव्यों से बनता है ।

शुद्ध कवल/गण्डूष का लक्षण

व्याधेरपचयस्तुष्टिर्वैशद्यं वक्त्रलाघवम्। इन्द्रियाणां प्रसादश्च कवले शुद्धिलक्षणम्

(सु.चि. 40/65)

रोग की शांति, संतोष, निर्मलता, मुख में लघुता और इन्द्रियों की प्रसन्नता ये शुद्ध कवल/गण्डूष के लक्षण है।

कवला गण्डूष का हीन योग होने पर जड़ता, कफ की वृद्धि और रस ज्ञान की प्रतीति नहीं होती तथा अतियोग होने पर मुख में पाक, शोष, तृष्णा, अरुचि और क्लम होता है।

14.3 धूम्रपान

अपने उष्ण तथा लघु गुण के कारण धूम्रपान वात तथा कफ का भली प्रकार शमन करता है। इस सिद्धान्त को सुश्रुतादि शालाक्यविदों ने भली प्रकार प्रयोगार्थ वर्णन किया है।

धूम्रपान के प्रकार

चरक ने धूम्रपान के तीन प्रकार कहे हैं -

1. प्रायोगिक
2. स्नैहिक
3. शिरोवैरेचनिक

वाग्भट ने 3 भेद कहे है -

1. स्निग्ध
2. मध्य
3. तीक्ष्ण

सुश्रुत ने धूम्रपान के पांच प्रकार कहे है -

1. प्रायोगिक
2. स्नैहिक
3. वैरेचनिक
4. कासघ्न
5. वामनीय

शार्ङ्गधर ने 6 प्रकार कहे है-

1. शमन
2. वृंहण
3. रेचन
4. कासहा
5. वामन
6. व्रणधूपन

वात विकारों में स्निग्ध धूम्रपान करना चाहिए। वातकफ के विकारों में मध्य धूम्रपान करना चाहिए। कफ के विकारों में तीक्ष्ण धूम्रपान करना चाहिए।

धूम्रपान के काल

सुश्रुत ने धूम्रपान के 12 काल बताए हैं। चरक ने प्रायोगिक धूम्रपान के 8 काल बताए हैं। वह यह है -

1. स्नान के बाद
2. भोजन के बाद
3. वमन के बाद
4. छींक के बाद
5. दातौन के बाद
6. नस्य के बाद
7. अञ्जन लगाने के बाद
8. निद्रा से उठने के बाद

धूमवर्ति के साधन द्रव्य

हरेणु प्रियडगु, केशर, चंदन, तेजपत्र, दालचीनी, छोटी इलायची, खस, जटामांसी, गुग्गुल, शर्करा, बरगद, गूलर, पीपल की छाल, कमल इत्यादि औषधियों को पीसकर एक सरकण्डे के ऊपर लपेटकर जौ के आकार की, बीच में मोटी, अन्त में पतली, अंगूठे के समान मोटी, आठ अंगुल लंबी वर्ति बनानी चाहिए। सुश्रुत ने धूमवर्ति की लंबाई 12 अंगुल बताई है। छाया में रखने पर जब बत्ती सूख जाए तो सींक को निकालकर, घृत तैलादि से आर्द्रकर, धूमनेत्र में रखकर, अग्नि से जलाकर धूम का सेवन करना चाहिए। तिल, सहिजन के बीज, मोम, राल आदि स्नेह मिलाकर स्नैहिक धूमवर्ति बनानी चाहिए।

Scanned with CamScanner

शिरोविरेचन द्रव्यों (विड्ग, अपामार्ग) के द्वारा वैरेचनिक धूमवर्ति का निर्माण करना चाहिए। बड़ी कटेरी, इङ्गुदी, हींग, कासमर्द (काकड़ासिगी) तथा अन्य कासहर द्रव्यों के द्वारा कासघ्न धूमवर्ति का निर्माण करें। वामक द्रव्यों (मदनफल, वचा) के द्वारा वामनीय धूमवर्ति का निर्माण करना चाहिए।

धूमनेत्र की लंबाई

प्रायोगिक धूमनेत्र अड़तालीस अंगुल लंबा होना चाहिए। स्नैहिक धूमनेत्र बत्तीस अंगुल तथा वैरेचनिक धूमनेत्र चौबीस अंगुल तथा कासघ्न और वामनीय सोलह अंगुल लंबे होने चाहिए। कासघ्न धूमपान की लम्बाई 16 अंगुल तथा वामनीय और व्रणधूपन की लम्बाई 10 अंगुल होनी चाहिए।

चरक ने प्रायोगिक धूमनेत्र की लंबाई छत्तीस अंगुल बताई है ।

धूम्रपान की विधि

सुखपूर्वक बैठकर प्रसन्न चित्त से शरीर को सीधा तथा दृष्टि को नीचे करके अग्रभाग में स्नेह लिप्त एवं प्रज्वलित धूमवर्ति कर, नासिका का एक छिद्र बन्द कर धूम्रपान करना चाहिए। धूम्रपान प्रथम मुख से, फिर नासिका से करना चाहिए तथा धूम को मुख से ही बाहर निकालना चाहिए। मुख से धुएं को खींचकर नाक से न निकालें, क्योंकि धुएं का प्रतिलोम गमन होने से नेत्र तथा दृष्टि शक्ति को हानि पहुंचती हैं। विशेषत: प्रायोगिक धूम को नाक से, स्नैहिक धूम को मुख और नासिका दोनों से, वैरेचनिक धूम को नासिका से तथा कासघ्न एवं वामनीय धूमों को मुख से ग्रहण करना चाहिए। नाक से धूम को खींचते समय एक नासाछिद्र को बन्द कर लेना चाहिए। धूम्रपान का आकर्षण और मोक्षण तीन-तीन बार करना चाहिए। एक बार में तीन घूंट (Puffs) पीने चाहिए।

सम्यक धूम्रपान के लक्षण

हृदय, कण्ठ तथा ज्ञानेन्द्रियों की शुद्धि, सिर का हल्का होना और बढ़े हुए दोषों की शान्ति हो जाती है।

धूमपान के अयोग्य

थका हुआ, डरा हुआ, दुखी, वस्ति विरेचन लिया हुआ, रात्रि जागरण किए हुए, प्यासा, दाहपीड़ित, तालु शोष से पीड़ित, उदर रोगी, शिर शूल से पीड़ित, तिमिर, छर्दि से ग्रस्त, आध्मान वाला, उर: क्षत रोगी, प्रमेही, पाण्डुरोगी, गर्भिणी, रुक्ष शरीर वाला, क्षीण, जिसने अन्न, दही और मछली का सेवन किया हो, बालक वृद्ध एवम् क्षीण व्यक्ति को धूमपान नहीं करना चाहिए।

धूमपान की आयु (शार्ङ्गधर मतानुसार)

12 वर्ष से 80 वर्ष

धूम्रपान से लाभ

धूम्रपान करने से सिर का भारीपन, शिरशूल, पीनस, अर्धावभेदक, कर्णशूल, नेत्र का शूल, दांतों की दुर्बलता और शूल, आस्यगंध (Foul smell), अरोचक, स्वरभेद, मुख से कफ का स्राव, केशों का गिरना, पीला होना ठीक होते हैं तथा स्वर का बल अधिक बढ़ता है।

जो मनुष्य मुख से धूम्रपान करता है, उसे जत्रु के ऊपरी भाग में होने वाले रोग विशेषकर शिरोभाग में वात कफ जन्य व्याधियां नहीं होती हैं।

आलेप

आलेप आद्य उपक्रमः, एषसर्वशोफानां सामान्यः प्रधानतमश्च॥ (सु. सू. 18/3)

आलेप सबसे आद्य (प्रथम) उपचार है। यह सभी प्रकार के शोफों में सामान्य तथा प्रधान उपक्रम है।

शाङ्गर्धर मतानुसार लेप तीन प्रकार का होता है- (१) **दोषघ्न** वातादि दोषों को शान्त करने वाला लेप। (२) **विषहर**- विषों को नष्ट करने वाला लेप। (३) **वर्ण्य**- शरीर में कान्ति और सुन्दरता उत्पन्न करने वाला लेप।

लेप को लोम की उल्टी दिशा में लगाना चाहिये, क्योंकि लोम के विपरीत दिशा में लेप लगाने से औषध अच्छी प्रकार रोमकूपों द्वारा अन्दर प्रविष्ट हो जाती है। यह रोमकूप (Hair follicles), स्वेदवाहिनी (Sweat vessels) और सिरामुखों के द्वारा जाकर अपना कार्य करती है।

सूखें लेप निरर्थक और दर्द करने वाले होते हैं, अत: इसे सूखने से पहले ही हटा लेना चाहिए।

सुश्रुत ने प्रलेप, प्रदेह और आलेप लेप के तीन भेद कहे हैं।

प्रलेप- शीतल, पतला तथा अपीडयितव्य व्रण में नहीं सूखने वाला होता है।

प्रदेह की औषधियों को पानी के साथ पीसकर गरम करके वात और कफ प्रधान शोफ में प्रयुक्त करते हैं।

आलेप- प्रलेप और प्रदेह के मिश्रित गुणों वाला होता है।

रात्रि में आलेप का निषेध है क्योंकि आलेप की शीतलता से उष्मा के बाहर न आने के कारण अन्य विकार पैदा हो जाते हैं।

प्रतिसारण

औषधी को अंगुली के अग्रभाग में लगाकर धीरे-धीरे घिसना, प्रतिसारण कहलाता है।

भेद - कल्क, रसक्रिया, मोटा चूर्ण,

जिन रोगों को कवल शान्त करता है, उन्हीं रोगों को प्रतिसारण भी शान्त करता है। प्रतिसारण के हीन योग, सम्यक् योग अथवा अतियोग के लक्षण कवल के हीन योग, सम्यक् और अतियोग के समान होते है। प्रतिसारण काल में रोगी को दोषनाशक एवम् अनभिष्यन्दी पदार्थ खिलाना चाहिए।

14.4 रक्तमोक्षण

रक्त की चतुर्थ दोष के रूप में संभावना व्यक्त करके इसका खंडन करना रक्त की अतीव महत्ता को दर्शाता है। अधिकांश मुखगत रोग कफ तथा रक्त की दुष्टि से उत्पन्न होने के कारण रक्तमोक्षण का महत्व स्वीकार किया जाता है। रक्तमोक्षण से रक्त की शांति तो होती है तथा कफज धातु होने से रक्तनिर्हरण कफ का भी शोधन-शमन करता है।

विधि

स्नेहन व मृदु स्वेदनोपरांत मुखगत रोगों में रक्तमोक्षण हेतु प्रभावित स्थान पर पूर्ण परीक्षण के उपरान्त हल्के प्रच्छान्न किए जाते हैं एतदर्थ मण्डलाग्र शस्त्र तथा अन्य शस्त्रों का स्थानानुरुप प्रयोग किया जाता है। कटपूलर और गोजिह्वा के पत्ते से मसूड़े को रगड़कर रक्त निकालना चाहिए। जलौका के द्वारा भी रक्त निर्हरण किया जा सकता है।

रक्तमोक्षण का निम्न व्याधियों में निर्देश किया जाता है:

Scanned with CamScanner

1. दन्तवैदर्भ 2. दन्तवेष्ट 3. शीताद 4. उपकुश
5. दन्तपुप्पुट 6. शौषिर 7. महाशौषिर 8. परिदर
9. पित्तज, कफज, रक्तज अभिघातज ओष्ठ रोग 10. पित्तज, कफज जिह्वा कंटक
11. रोहिणी 12. एकवृन्द।

रक्तमोक्षण भेद-

(1) सिरावेध (2) प्रच्छान्न (3) जलौका, (4) शृङ्ग (5) अलाबू (6) घटी यंत्र

इनमें वातिक रोगों में शृङ्ग, पैत्तिक में जलौका तथा कफज रोगों में अलाबु का प्रयोग रक्तनिर्हरणार्थ करना चाहिये।

गंभीर व सर्वशरीर व्यापी रक्तदुष्टिजन्य रोगों में सिरावेध उत्तम है। शिरोरोगों में शंख-केशांत संधि की शिरा का, नेत्र रोगों में अपांग की शिरा का, जिह्वा रोगों में व दंत रोगों में अधोजिह्वा शिरा का, तालु गत रोगों में तालुगत शिरा का, कर्ण रोगों में कान के ऊपर व चारों ओर रहने वाली शिराओं का, गंध अग्रहण में नासाग्र शिरा का, तिमिर-अक्षिपाकादि में अक्षि के भीतरी किनारे अर्थात् नासा के समीप की शिरा का वेध करना चाहिये। (सु. शा. 8/17-18)

किसी भी परिस्थिति में अधिकतम रक्तमोक्षण एक प्रस्थ से अधिक नहीं होना चाहिये। प्राय: शालाक्यगतं रोगों में कुछ मिलिलीटर रक्तमोक्षण ही कराया जाता है।

अध्याय-14

क्रिया कल्प

14.1 स्वेदन

सब प्रकार की वात एवं कफ जन्य व्याधियों के निवारणार्थ स्वेदन उत्तम उपक्रम के रूप में ख्यात हैं। शालाक्य तंत्राधीन व्याधियों में सिर तथा अक्षि पर विशेष रुपेण स्वेदन का निषेध कहा गया है। अन्य स्थानों पर भी सीमित तीव्रता का स्वेदन विशेष सावधानी से करना चाहिए।

---शीतैः आच्छाद्य चक्षुषी। (सु. चि. 32/27)

आँखों को शीतल द्रव्यों से ढक कर मृदु स्वेदन करना चाहिये।

स्वेदन के प्रकारों में नाड़ी व उपनाह स्वेद शालाक्यार्थ अधिक प्रयोज्य हैं।

सर्वशरीरगत स्वेदन की अपेक्षा शालाक्यसाधित व्याधियां स्वेदन में अतीव सावधानी की अपेक्षा करती है। स्वेदन का निम्न व्याधियों में निर्देश किया गया है।

- वातज ओष्ठ रोग (नाड़ी स्वेद का प्रयोग करें।)
- कफज, मेदोज ओष्ठ रोग
- अचल कृमिदन्त
- तालुशोष
- वातज जिह्वाकण्टक

वाग्भट ने दन्तपुप्पुट में स्वेदन करने को कहा है।

14.2 कवल एवं गण्डूष

मुख रोगों के प्रतिषेधार्थ एवं चिकित्सा हेतु मुख में औषध धारण करने की प्रक्रिया को कवल/गण्डूष कहते हैं।

मुख संचार्यते या तु मात्रा स (सा) कवलः स्मृतः। असंचार्या तु या मात्रा गण्डूष प्रकीर्तितः॥

(सु.चि. 40/62)

मुख में इतना द्रव भरना जिसे सुखपूर्वक हिलाया जा सके, उसको कवल कहते हैं तथा मुख मे इतना द्रव धारण कर लेना कि मुख हिलाया न जा सके, इस प्रक्रिया को गण्डूष कहते हैं।

Scanned with CamScanner

3. **Tonsil holding forcep** [Denis Browne]. It is used for holding the tonsil during dissection and pulling it medially.



Tonsil holding gag

4. **Laryngeal mirror:** It is used for indirect laryngoscopy. The warmed laryngeal mirror is held firmly against the uvula and soft palate. The light is focussed on the laryngeal mirror and the patient is asked to breathe quietly. It is used for:
   (i) Examination of the oropharynx, larynx and laryngopharynx.



Laryngeal mirror

5. **Posterior rhinoscopic mirror:** It is used for examining the nasopharynx and the posterior end of the nose.



Posterior rhinoscopic mirror

6. **Thudicum nasal speculum:** It is used for
   (i) Anterior rhinoscopy
   (ii) Removal of nasal foreign bodies
   (iii) Packing the nose
   (iv) Nasal operations



Thudicum nasal speculum

7. **Luc forcep:** Forcep has cup shaped blades with sharp edges. It is used for:
   (i) Caldwell-Luc operation for removing thickened antral mucosa.
   (ii) Polypectomy
   (iii) Submucous resection of the nasal septum, for excision of the septal cartilage and bone after elevating mucoperiosteal flaps.

Luc forcep

8. Nasal snare: It is used for:
   (i) Nasal polypectomy.



9. **Hartman's nasal forcep:** It is used for:
   (i) Packing the nose.
   (ii) Removal of the pack.
   (iii) Removal of foreign bodies from the nose, ear and throat.

Hartman's nasal forcep

10. Aural speculum: It is cone shaped instrument and is used for:
   (i) Examination of the external auditory canal, ear drum.
   (ii) Dilatation of external auditory canal.
   (iii) For removal of wax and foreign bodies.

Scanned with CamScanner

Aural speculum

11. **Siegle pneumatic speculum:** It is an aural speculum fitted with convex lens. It is used for:
   (i) Visualization of the movements of the ear drum.
   (ii) It provides a magnified view of eardrum.



Siegle pneumatic speculum

12. **Electrical Otoscopes:** They are fitted with convex lens. They are used for:
   (i) Examining the ear in detail.

Electrical Otoscopes

13. **Aural syringe:** It is made of metal and consists of a cyclinder with a piston and a nozzle. It is used for:
   (i) The removal of wax, discharge and foreign bodies from the ear canal.



Aural syringe

14. **Bull's eye lamp:** It is used for the examination of ear, nose and throat. It is fitted with convex lens. The lamp can be tilted, rotated, raised or lowered.

Bull's eye lamp

15. **Head mirror:** It has concave lens to reflect the light source from the Bull's eye lamp on the examining part. It has focal length of approximately 25 cm with a central aperture having a diameter of 2 cm. The examiner sees through the hole in the centre of the mirror.
   (i) Reflect light from the Bull's eye lamp onto the part being examined.

Scanned with CamScanner

GL KUMAWAT

SCAN BY =>
GL Kumawat
9660968952
SSSB Renwal

Scanned with CamScanner